* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

04 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 193

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही







### चाइबासा में प्रधानमंत्री कांग्रेस और झामुमो पर बरसे, कहा-लूट की छूट चाहता है गठबंधन

# भाजपा और झारखंड का दिल का नाता है: मोदी

- झारखंड की गठबंधन सरकार ने आदिवासियों की जमीन लूटी, सेना की जमीन पर आंख गड़ायी
- कांग्रेस ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपमानित किया, राजद ने झारखंड बनने का विरोध
- गठबंधन आदिवासी-सदानों का हक मार कर धर्म के आधार पर दूसरों को बांटने का प्रयास कर रहा
- झामुमो और कांग्रेस में चल रही लूट और भ्रष्टाचार की रेस
- कांग्रेस ने आदिवासियों के बलिदान को सम्मान नहीं दिया, हम भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं
- कांग्रेस झारखंड के लिए एक रुपये में से 85 पैसे खुद मार लेती थी

आजाद सिपाही टीम

**चाइबासा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश की जनता का अपार प्रेम ही मोदी की ताकत है। भाजपा और झारखंड में दिल का रिश्ता है। झारखंड के लोगों के भाव को समझने का काम और समस्याओं का समाधान केवल भाजपा ही कर सकती है। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने झारखंड राज्य बनाया, जबकि कांग्रेस ने इसका घोर विरोध किया था। कांग्रेस ने झारखंड के विकास पर ब्रेक लगा दिया था। झारखंड के संसाधन राज्य के लोगों के काम आये, यह कांग्रेस को मंजूर नहीं था। दिल्ली के एयर कंडीशन कमरों में बैठ कर कांग्रेस झारखंड के लोगों के लिए योजनाएं बनाती थी और 1 रुपये भेज कर उसमें से 85 पैसे मार लेती थी। मोदी ने पूरा एक रुपया सीधा लोगों के खातों में भेजने का काम किया। प्रधानमंत्री शुक्रवार को चाइबासा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने योजनाओं को केवल दिल्ली तक सीमित नहीं रखा, बल्कि देश के हर कोने से योजनाओं की शुरुआत की। भाजपा सरकार ने आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत झारखंड की धरती से ही की। झारखंड के दुमका से देशव्यापी मुद्रा योजना की शुरुआत की गयी। पीएम जनमन योजना को भगवान बिरसा मुंडा के गांव से प्रारंभ किया गया। झारखंड के खूंटी से ही विकसित भारत वाली मोदी की गारंटी की गाड़ी की शुरुआत की गयी। इसलिए भाजपा और झारखंड का दिल का नाता है। आज झारखंड समेत पूरा देश उत्साह के साथ कह रहा है फिर एक बार मोदी सरकार।



## प्रधानमंत्री ने झारखंड की योजनाओं का जिक्र किया

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा जनजातीय युवाओं को खेलों में भी आगे बढ़ा रही है, लेकिन कांग्रेस ने तो आदिवासी इलाकों को अपने हाल पर छोड़ दिया था। भाजपा सरकार आकांक्षी जिला योजना के तहत आज आदिवासी जिलों का समग्र विकास कर रही है। बीते दस वर्षों में भाजपा ने वे कार्य पूरे किये हैं, जिनका जनजातीय समाज को छह दशकों से इंतजार था। भाजपा ने अपने एक दशक के कार्यकाल में सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर का अभियान चलाया है और चाइबासा में मेडिकल कॉलेज का निर्माण शुरू करवा दिया है, जिसके कारण अब आदिवासी जनता को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। इन दस वर्षों में मोदी ने आदिवासी समाज के लिए मकान, बिजली, पानी और सिलेंडर जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने पर संपत्ति की जांच करने और फिर उसे जब्त कर वोट जिहाद की घोषणा करने वालों में बांटने की योजना बनायी है। कांग्रेस की नजर दलितों, पिछड़ों, आदिवासी और ओबीसी के आरक्षण को बांटने पर है। भाजपा को वोट देने के लिए कांग्रेस दलित, पिछड़े और आदिवासियों को सजा देने की योजना बना रही है।

### मोदी का किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब मंच पर आये, तब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सांस्कृतिक जनजाति पत्तों से बनी टोपी पहनायी। उसके बाद अर्जुन मुंडा ने भगवान गणेश का चित्र भेंट किया। गीता कोड़ा ने पीएम मोदी को सांस्कृतिक गमछा और भगवान बिरसा मुंडा का चित्र भेंट किया। उसके बाद बाबूलाल मरांडी का संबोधन हुआ। पीएम मोदी के आने से पहले सुदेश महतो और गीता कोड़ा का भाषण हो चुका था।

**कांग्रेस ने सम्मान नहीं दिया:** प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड की धरती आदिवासी क्रांतिकारियों की धरती है, लेकिन कांग्रेस ने आदिवासियों के बलिदान को कभी सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस आजादी का पूरा श्रेय, केवल एक परिवार को देना चाहती है, लेकिन भाजपा ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की। मोदी सरकार देशभर में आदिवासी गौरव के लिए पूरे देश में जनजातीय म्यूजियम बना रही है, लेकिन कांग्रेस को आदिवासियों के इतिहास का सम्मान पसंद नहीं है। वह जनजातीय समाज के लोगों को आगे बढ़ने देना नहीं चाहती है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने एक आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को भारत के राष्ट्रपति बनाने का घोर विरोध किया। झारखंड के जल, जंगल और जमीन पर आदिवासी भाई और सदानों का अधिकार है। झामुमो और कांग्रेस इसे अपनी जागीर समझती है। इसलिए झारखंड के हर संसाधन की खूली लूट चल रही है। गठबंधन ने आदिवासियों की जमीन लूटने के बाद, देश की सेना की जमीन पर भी आख गड़ा कर रखी है। झामुमो के लोगों ने बहुत बड़ा जमीन घोटाला किया है। कांग्रेस और झामुमो में लूट और भ्रष्टाचार करने की रेस चल रही है। यहां कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 300 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो जनता से वोट मांगने के काबिल भी नहीं बचे हैं। इंडी गठबंधन जनता का भला करने के लिए नहीं, बल्कि बेलगाम लूट करने के लिए सरकार बनाना चाहता है। 2014 के पहले भी इन लोगों ने देश को लूटने के अलावा कुछ नहीं किया। इंडी गठबंधन ने झारखंड के साथ सबसे बड़ा धोखा किया था। जिस राजद ने अलग राज्य झारखंड का विरोध किया, वह गठबंधन में है।

### कोई ताकत संविधान को हाथ नहीं लगा सकती

मोदी ने कहा कि दुनिया की कोई ताकत हमारे संविधान को हाथ नहीं लगा सकती, ये मोदी की गारंटी है। मैंने कांग्रेस को चुनौती दी है कि वह लिख कर दें कि कांग्रेस धर्म के आधार पर वर्ग विशेष को आरक्षण नहीं देगी और आरक्षण से खिलवाड़ नहीं करेगी। लेकिन कांग्रेस का कोई नेता इसका उत्तर नहीं दे रहा है। कांग्रेस और झामुमो अपने वोट बैंक के लिए झारखंड में घुसपैठियों को ठिकाना दे रहे हैं। संथाल परगना जैसे स्थानों पर इन घुसपैठियों के कारण आदिवासियों की संख्या घट रही है। यही खेल इन लोगों ने बंगाल में खेला था और बंगाल जैसा माहौल विपक्ष झारखंड में बनाना चाहता है। झामुमो सरकार वोट की भूख में आंख मूंद कर यह पाप कर रही है। 13 मई को जनता का वोट झारखंड के विकास और सुरक्षा की गारंटी बननेवाला है। प्रधानमंत्री ने स्थानीय प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बना कर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने और सभी पोलिंग बूथों पर कमल खिलाने की अपील की।

## इस बार 14 की 14 सीटें देने का संकल्प लें: बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो वाले लोगों से कहते फिरते हैं कि इडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। लेकिन हाइकोर्ट ने यह साबित कर दिया कि गिरफ्तारी गलत तरीके से नहीं हुई है। मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए आम लोगों से अपील की कि इस बार लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 की 14 सीटें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में देने का संकल्प लें।

## खुद का अस्तित्व बचाने के लिए गठबंधन: सुदेश

आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि यूपीए गठबंधन देश को बदलने के लिए नहीं, खुद का अस्तित्व बचाने के लिए बना है। नया नाम इंडी गठबंधन का दिया है। उन्होंने कहा कि देश का नेता चुनना है। प्रधानमंत्री चुनने का अवसर है। इसके लिए चुनाव हो रहा है। हमने अपना प्रधानमंत्री चुन लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जो पिछले 10 वर्ष से देश की सेवा कर रहे हैं। और अगले पांच साल भी देश के विकास के लिए हम लोग उन्हें चुनेंगे। लेकिन इंडी गठबंधन वालों ने अपना नेता चुना ही नही है, जिसका दूल्हा नहीं वे लोग बारात निकाल रहे हैं।

## पलक पांवड़े बिछा कर रांची ने किया मोदी का स्वागत

# हर तरफ मोदी...मोदी...और मोदी...

- दो किमी में साध गये 14 सीटें
- भारत माता चौक से रातू रोड चौराहा तक रोड शो
- रोड शो में दिखी झारखंडी संस्कृति की झलक











राजीव कुमार

**रांची।** मोदी...। मोदी...और मोदी... के नारे से राजधानी की माहौल गूंज उठा। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत माता चौक से लेकर रातू रोड चौराहा तक रोड शो किया। इस दौरान वह खुली जीप में सवार होकर हाथ में कमल का निशान लिये लोगों का अभिवादन कर रहे थे। खुली जीप में उनके साथ नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ भी थे। शाम के 7.37 बजे हैं। रांची के भारत माता चौक से रातू रोड चौराहा तक भीड़ से सिर्फ एक ही आवाज आ रही थी। मोदी और जयश्री राम के नारे लगे रहे थे। जैसे-जैसे काफिला आगे बढ़ता रहा, भीड़ की आवाज भी उतनी ही तेजी से बढ़ती जा रही थी। मोदी जी का क्रेज कुछ ऐसा है कि क्या बच्चे, क्या बूढ़े और क्या महिलाएं, सभी अपने हाथ में मोबाइल लेकर सड़क के किनारे खड़े इंतजार कर रहे थे। हर तरफ भगवा झंडा लहरा रहा है। चेहरे पर मुखौटा लगाये लोग मोदी...मोदी कर रहे हैं। इसी बीच राष्ट्रभक्ति गीत और भारत माता की जय के जयकारे भी लगने शुरू हो जाते हैं। साथ ही हाथ हिला कर लोगों की आंखों में आंखें डालने की कोशिश कर मानो मोदी अपनी जीत सुनिश्चित कर रहे थे। नजारा कुछ ऐसा था कि दो किलोमीटर के रोड शो में मोदी झारखंड की 14 सीटों को नाप गये। चुनाव नतीजों से इस रोड शो को जोड़ कर ना देखा जाये तो साफ तौर से कहा जा सकता है कि मोदी का तिलिस्म पूरे उफान पर है। जगह-जगह पुष्प वर्षा भी की जा रही थी। मोदी भी चेहरे पर मंद-मंद मुस्कान लिये हाथ हिलाते हुए आगे बढ़ते रहे।

धीरे- धीरे मोदी का रोड शो समापन की ओर आगे बढ़ रहा था। आठ बजे रोड शो रातू रोड चौराहा के बाद खत्म होता है। भीड़ मोदी की झलक पाने को उतावली हुई जा रही थी। इधर, 8.03 बजे पीएम का काफिला राजभवन में प्रवेश कर जाता है।

### भाई...मोदी का रोड शो सुपर हिट रहा

भारत माता चौक रात के 8.15 बजे हैं। यहां कुछ लोग चर्चा कर रहे हैं। चर्चा का विषय है मोदी का रोड शो। एक सज्जन कहते हैं भाई अभी भी मोदी का क्रेज कम नहीं हुआ है। मोदी का रोड शो सुपरहिट रहा। इससे साफ है कि यह भीड़ सिर्फ पार्टी की ही तरफ से नहीं बुलायी गयी थी। वहीं खड़े रातू रोड के अंकुश कहते हैं कि वह एक बिजनेसमैन हैं और बीजेपी से किसी तरह का कोई नाता रिश्ता नहीं है। फिर भी वह मोदी को सिर्फ देखने के लिए रातू रोड से अकेले चले आये। वहीं भीड़ में ऐसे ढ़ेर सारे लोगों को देखा गया, जिनका पार्टी से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है।

### झारखंडी संस्कृति की झलक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के स्वागत में राज्य की सांस्कृतिक झलक को प्रदर्शित करने के लिए लोक नृत्यों से भरपूर मंच सजा था। पारंपरिक लिबास में आदिवासी महिलाएं भी पहुंची थीं। वह भी मोदी की रट लगाये जा रही थीं।




## बाजार में तीन घंटे के लिए पसर गया सन्नाटा

# चाइबासा में सर्वत्र मोदी, मोदी और मोदी....

- हर किसी को सभास्थल पर पहुंचने की जल्दी
- भाजपा समर्थकों का समर्पण देखते ही बन रहा था
- भाजपा कार्यकर्ताओं का मैनेजमेंट काबिलेतारीफ था
- सुरक्षा की खातिर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था चाइबासा
- कुछ घंटे के लिए सड़कें छोटी पड़ गयी थीं और सभा मैदान बौना
- मोदी का मुखौटा, हाथों में तख्तियां और सिर पर गमछा

**आजाद सिपाही विशेष**

राज्य में गरमी चरम पर है। उसमें भी चाइबासा की गरमी का अंदाजा वहां के लोगों की जुबानी या वहां जाकर ही महसूस की जा सकती है। चाइबासा का तापमान शुक्रवार को 40 डिग्री सेल्सियस था। सूर्य की किरणें मानों शरीर पर आग बरसा रही थीं। बावजूद इसके चाइबासा में शुक्रवार को चुनावी तपिश सूर्य की किरणों पर भारी दिखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने की आतुरता यहां के लोगों में इस कदर शुमार थी कि वह गरमी को भूल ही बैठे। मोदी को देखने और सुननेवालों की भीड़ ने साबित कर दिया कि उनका क्रेज सूर्य की तपती किरण से तेज है। हर वर्ग, हर समुदाय, हर आयु वर्ग के लोगों से सभा स्थल पटा पड़ा था। महिलाएं गोद में बच्चे लिये सभा स्थल में मौजूद थीं। बच्चे कभी मां की गोदी को तो कभी भीड़ को निहार रहे थे। मोदी के आगमन से पहले ही सभास्थल पर लोगों का जुटान शुरू हो गया था। मैदान लोगों की उपस्थिति से अटा पड़ा था। भीड़ के दिलों में मोदी के प्रति इतना अगाध प्यार था कि उनके जाने के बाद ही वे वहां से हटे। प्रधानमंत्री के आगमन पर मोदी, मोदी और मोदी से पूरा इलाका गुंजायमान हो रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को कवर करने के लिए 'आजाद सिपाही' की टीम भी रांची से शुक्रवार को चाइबासा गयी थी। वहां का जो नजारा था, वह आंखों देखी प्रस्तुत कर रहे हैं हमारे **विशेष संवाददाता राकेश कुमार सिंह।**

## क्या माताएं, क्या बहनें, क्या बूढ़े और बुजुर्ग, दुधमुंहे बच्चे भी मां की गोद में पहुंचे थे सभास्थल पर



राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो दिन के दौरे पर शुक्रवार को झारखंड आना था। पूरे राज्य में इसकी चर्चा पिछले एक सप्ताह से तेज थी। शुक्रवार को चाइबासा में मोदी की जनसभा और उसके बाद रांची में रोड शो। राजभवन में रात्रि विश्राम और शनिवार को पलामू और लोहरदगा सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में सिसई में सभा। कार्यक्रम तय होने के बाद चुनावी सरगरमी तेज होने लगी। ज्यों-ज्यों उनके आगमन का दिन नजदीक आता गया, कार्यक्रम की तैयारी परवान चढ़ने लगी। आखिरकार 3 मई यानी शुक्रवार को मोदी के आगमन का समय भी आ गया। रांची से चाइबासा एक हो गया। मीडिया इससे दूर रहे यह संभव ही नहीं था। मीडिया को भी तो कार्यक्रम कवर करना था। 'आजाद सिपाही' की टीम भी कवर करने के लिए उत्सुक थी। रांची से चाइबासा की दूरी लगभग 160 किमी है। रांची से वहां तक जाने में लगभग 3.30 घंटे का समय लगता है। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम शाम 4.30 बजे से था। यानी इससे पहले हमारी टीम को सभास्थल पर पहुंचना था, ताकि वहां का नजारा देख सकें। लोगों से बात कर सकें। मोदी को सुन भी सकें और लोगों की प्रतिक्रिया भी देख सकें। कुछ घंटों में वहां का चुनावी पारा भी मापना था।

'आजाद सिपाही' की टीम शुक्रवार सुबह 10 बजे चाइबासा रवाना होने के लिए तैयार हो गयी। भाजपा वालों ने ही पत्रकारों के लिए गाड़ी की व्यवस्था भी की थी। करीब 11 बजे सात-आठ गाड़ियों में सवार मीडियाकर्मी निकले। जब हमारी टीम चक्रधरपुर पहुंची, तो प्रधानमंत्री की सभा की आहट मिलने लगी। वहीं से भाजपा समर्थक गाड़ियों में भर-भर कर चाइबासा की ओर बढ़ रहे थे। लगा मानो आज पूरा चाइबासा जाम होगा। वहां भारी भीड़ होगी। हम करीब 3 बजे चाइबासा शहर पहुंचे। वहां का नजारा देख कर हमारी आंखें दंग रह गयीं। चाइबासा के बाजारों में पूरी तरह सन्नाटा पसरा था। रोजमर्रा के हिसाब से भी शहर में स्थानीय लोगों की चहल-पहल नगण्य थी। वहां का माहौल देख कर हम स्तब्ध थे। आंखों को सहसा विश्वास ही नहीं हो रहा था कि मोदी को सुनने के लिए लोगों में इतनी उत्सुकता कि लोग अपना काम धंधा छोड़ कर सभास्थल चले गये। दूसरी तरफ चाइबासा में चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था। चाइबासा मानो पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। पुलिसकर्मी इतने सतर्क कि परिंदा भी वहां पर नहीं मार सकें। पुलिसकर्मियों की चहरकदमी देखते ही बन रही थी। हमारी गाड़ी पुराने डीसी कार्यालय के पास रुकी। यहां से भाजपा के कार्यकर्ता सभी मीडियाकर्मियों को सभास्थल पर एक साथ ले जाने के लिए मौजूद थे।

हमारी टीम सभास्थल की ओर बढ़ी। चिलचिलाती धूप थी। ऐसा लग रहा था मानो सूर्य की किरणें अभी भी शरीर को भेदने के लिए तैयार हैं। किरणों में चमक इतनी कि आंखें चौंधियां जा रही थीं। हमने एक दुकान से पानी की बोतल ली। दुकान वाले से पूछा कि शहर में सन्नाटा क्यों पसरा है। कुछ हो गया है क्या? मैंने पूछा कि कहीं गर्मी के कारण तो लोग घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। चूंकि चाइबासा सही में तप रहा था। धूप इतनी तेज की लोग गश खाकर गिर पड़ें। फिर दुकान वाले ने कहा कि शहर में कुछ अनहानी नहीं हुई है। सन्नाटा इसलिए पसरा है कि सब मोदी को देखने-सुनने गये हैं। उसके बाद हमारी टीम टाटा कॉलेज की ओर बढ़ी, जहां सभा का आयोजन होना था। सभा स्थल का नजारा देख कर समझ में आ गया कि बाजार में क्यों सन्नाटा पसरा था। पूरा का पूरा चाइबासा




और आसपास के लोग वहां जुटे हुए थे। भीड़ देख हमारी आंखें दंग रह गयी। क्या बच्चे, क्या बूढ़े, क्या महिलाएं, क्या जवान, सब गमछा ओढ़े मोदी जी को देखने पहुंच रहे थे। महिलाएं दूध मुंहे बच्चों के साथ सभास्थल पर पहुंच रही थीं।

भरी दुपहरी में धूप को धत्ता बताते हुए सभास्थल पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। हमारे पहुंचने से पहले भारी संख्या में लोग वहां मौजूद थे। मोदी-मोदी के नारों से वातावरण गूंज रहा था। इतना ही नहीं, लोगों के आने का सिलिसिला बंद नहीं हुआ था। हमारे पहुंचने के बाद भी लोगों के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी था। चप्पे-चप्पे पर प्रशासन-पुलिस जवान मुस्तैद। मोदी को देखने भीड़ ही भीड़ सभास्थल से करीब दो से तीन किलोमीटर की दूरी तक नजर आ रही थी। पूरा चाइबासा मोदीमय हुआ पड़ा था। कोई मोदी का मुखौटा लगाये था, कोई मोदी की तस्वीर वाली टी-शर्ट। भगवा गमछा की तो मानो भरमार थी। कोई मोदी की तस्वीर की तख्तियां लेकर पहुंच रहा था। भाजपा के पट्टे की तो गिनती ही नहीं थी। सभास्थल के बाहर पैर रखने की जगह तक नहीं थी। सभास्थल के कैंपस में दाखिल होते ही भाजपा के वालंटियर्स भीड़ को पानी का पाउच दे रहे थे। भाजपा समर्थक मोदी और उनकी माता की तस्वीर बना कर लाये थे। उस तसवीर में मोदी जमीन पर बैठे थे और उनकी माता कुर्सी पर बैठीं बातें कर रही थीं।

सभास्थल जहां हमें कवरेज के लिए बिठाया गया था, वहां से खड़ा होकर नजारा देखा, तो केवल लोगों के सिर ही सिर दिखे। चारों ओर दूर तक भीड़ दिख रही थी, मैदान कहां से शुरू हो रहा यह पता ही नहीं चल रहा था। शाम करीब 4.15 बजे तक सभास्थल की सारी कुर्सियां भर गयी थी। उसके बाद भी लोगों की भीड़ आ ही रही थी। प्रधानमंत्री और उनकी सुरक्षा में लगा हेलिकॉप्टर करीब 4.30 बजे से आकाश में मंडराने लगा। जैसे-जैसे हेलीकॉप्टर की आवाज सुनने में आ रही थी, लोगों में उत्साह बढ़ता गया। हेलीकॉप्टर की भी आवाज लोगों के उत्साह के सामने फींकी पड़ गयी। प्रधानमंत्री का हेलिकॉप्टर करीब 4.40 बजे लैंड किया। उसके बाद सभास्थल मोदी के नारों से गूंज उठा। मोदी के स्वागत के लिए सभा में शामिल हर व्यक्ति खड़ा हो गया। लोग जोर-जोर से मोदी-मोदी चिल्लाने लगे। जय श्रीराम और मोदी के नारों से चाइबासा गूंज गया। गजब का क्रेज, गजब का शोर। जैसे ही मोदी जी मंच पर आये एक गजब का ओज उनके चेहरे और आभा से आ रही थी। लग ही नहीं रहा था कि मोदी जी बंगाल से सभा करके आ रहे हैं। लोग उनकी झलक देखते झूम उठे, मंत्रमुग्ध हो गये। सभा के बीच में एक दौर ऐसा आया, जब मोदी जी ने लोगों से मोबाइल का टार्च जलाने को कहा, जिससे वह उनका समर्थन हासिल कर पायें। मोदी जी ने जैसे ही टार्च जलाने का आग्रह किया, सभास्थल के आसपास मानो सब दूधिया हो गया हो।

प्रधानमंत्री चाइबासा में लगभग एक घंटा रहे। वह मंच पर 4.45 में आये। स्वागत के बाद उनका भाषण शुरू हुआ। एक-एक वाक्य पर तालियों की गूंज से लोगों ने उनका स्वागत किया। मोदी लगभग 45 मिनट बोले। शाम 5.45 में वह चाइबासा से हेलिकॉप्टर से रांची के लिए रवाना हो गये। सभा की खास बात यह रही कि सभी अनुशासन में थे। सब कुछ व्यवस्थित था। सारा दिन धूप में रहने के बाद भी किसी को वहां से निकलने की जल्दी नहीं थी। मोदी जब तक हेलिकॉप्टर में बैठ नहीं गये, लोग सभास्थल से रवाना होने को तैयार नहीं थे। इसका मतलब यही था कि चाइबासा ने मोदी को सुना नहीं था, इसलिए पूरा चाइबासा मोदी को सुनने आया था। उनके जाने के बाद कतार में लोग सभास्थल से निकलने लगे। सड़क सभा स्थल से लौटने वाले लोगों की भीड़ से मानो छोटी पड़ गयी। हमारी गाड़ी भी भीड़ को चीरते हुए आगे निकली। कई किलोमीटर तक मेला जैसा दृश्य दिखा। सड़क किनारे लगे ठेले-खोमचे पर लोग खाने का आनंद ले रहे थे। कोई समोसा, तो कोई जलेबी, कोई चना, तो कोई भुजिया खा रहा था। चिप्स, पानी और कोल्ड ड्रिंक्स लेनेवालों की तादाद भी कम नहीं थी। लोगों की जैसी पसंद, उस तरह की दुकानों, ठेला खोमचा पर भीड़। इन सबके बीच एक बात कॉमन दिखी। सभी के चेहरे पर थकान से अधिक संतुष्टि। मानो जिस उद्देश्य से लोग आये थे, वह पूरा हो गया।

# रमेश सिंह के नेतृत्व में पीएम मोदी का हुआ भव्य स्वागत

- रातू रोड चौक पर लगे मोदी-मोदी के नारे
- छऊ नृत्य रहा आकर्षण का केंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में जिस-जिस रास्ते से पीएम नरेंद्र मोदी का काफिला गुजरा वहां उनका भव्य स्वागत किया गया। पारंपरिक वेश-भूषा में क्षेत्रीय कलाकारों ने मंच से नृत्य प्रस्तुत कर पीएम का अभिनंदन किया। भाजपा नेता रमेश सिंह के नेतृत्व में पीएम मोदी के स्वागत के लिए काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। यहां छऊ और झारखंडी गीत-नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। रातू रोड चौक पर भी बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया। जैसे ही पीएम मोदी का काफिला रातू रोड चौक पहुंचा, वहां मौजूद लोगों का उत्साह काफी बढ़ गया। मौके पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ता और आम लोगों के द्वारा भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद और मोदी मोदी के नारा लगाना शुरू कर दिया गया। साथ ही साथ कार्यकर्ताओं के द्वारा पीएम के काफिले पर पुष्प वर्षा भी की गयी। रातू रोड चौक पर इस भव्य स्वागत को देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लोगों का हाथ हिला कर अभिवादन किया। इसके बाद उनका काफिला राजभवन की तरफ बढ़ गया। यहां संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद प्रोफेसर आदित्य साहू, भाजपा नेता रमेश सिंह, रौशनी खलखो, ओमप्रकाश यादव और बलराम सिंह समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। यहां राम दरबार की जीवंत झांकी प्रस्तुत की गयी। इसके साथ ही करीब बीस फुट की श्रीराम की प्रतिमा भी बनायी गयी थी। रमेश सिंह समेत अन्य भाजपा नेताओं ने मोदी का जबरदस्त स्वागत किया। झारखंड की राजधानी रांची में पीएम मोदी के आगमन को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह दिखा। पीएम नरेंद्र मोदी रांची एयरपोर्ट से राजभवन के लिए निकले। सबसे पहले बिरसा चौक पर पीएम नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद प्रतिमा की परिक्रमा कर लोगों का अभिवादन किया। बिरसा चौक से लेकर रातू रोड तक सड़क किनारे हजारों लोगों ने पीएम मोदी का स्वागत किया। बीजेपी के साथ-साथ आजसू के नेता और कार्यकर्ता भी पीएम के स्वागत में जुटे रहे। सुरक्षा के भी चाक-चौबंद इंतजाम किये गये थे। सुबह से ही भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ रमेश सिंह तैयारी में जुटे थे। कोई कमी न रह जाये, इसकी समीक्षा भी करते रहे। गौशाला के निकट बने स्टेज पर एक पोस्टर भी लगा था। इस पर एक तरफ नरेंद्र मोदी, संजय सेठ, तो दूसरी तरफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और रमेश सिंह की तस्वीर है। मैं हूं मोदी परिवार का स्लोगन भी लिखा हुआ था। यहां पहुंचनेवाले हर शख्स को भाजपा का सिंबल भी दिया जा रहा है। नृत्य और गीत पर लोग मोदी की आगवानी के लिए पूरे जोश-खरोश के साथ यहां जुटे थे। अब स्टेज पर लोगों की भीड़ भी बढ़ती जा रही थी। इसी बीच सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ भी पहुंचते हैं। रमेश सिंह के नेतृत्व में वहां भाजपा जिंदाबाद के नारे लगते हैं।







## 14 सीटों पर जीत तय है: रमेश सिंह



रोड शो के बाद भाजपा नेता रमेश सिंह ने कहा कि 14 सीटों पर भाजपा की जीत तय है। रोड की भीड़ यह साफ बता रही है कि झारखंड में भाजपा की एकतरफा जीत होगी। मोदी जी की प्रचंड लहर है। नरेंद्र मोदीजी के 400 के लक्ष्य को झारखंड की जनता 14 सीटों के साथ नरेंद्र मोदी के साथ जुड़ेगी। इसी के साथ झारखंड के विकास की गाथा भी लिखी जायेगी। आनेवाले समय में झारखंड विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा की जीत तय है। एक बार फिर डबल इंजन की सरकार में झारखंड के विकास की लंबी लकीर खींची जायेगी। झारखंड हमेशा से पीएम नरेंद्र मोदी के दिल के करीब रहा है। कई योजनाओं की सौगात उन्होंने झारखंड से ही देश की जनता को दी है। आनेवाले सालों में भी कई सौगात भगवान बिरसा मुंडा की धरती से देश की जनता को मिलेगी।

### मोदी, मोदी, जय श्री राम...

पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो का इंतजार कर रहे रामविलास सिंह कहते हैं कि इस बार 400 पार। पति की बात काटते हुए उनकी पत्नी ने कहा कि इस बार भाजपा की सीटें कुछ कम होंगी। 400 नहीं हो पायेगा। चारों ओर मोदी..मोदी.. के नारे अब गूंज रही। ऐसे में शर्मा जी भी पत्नी को आंखे तरेर कर कुछ सवाल करना चाहती हैं। मगर, भीड़ के शोर के बीच कुछ कह पाना और कुछ सुनना शायद संभव नहीं है।

### हर घर मोदी...

पीएम मोदी का कारकेड अब रातू रोड चौक के समीप पहुंचने वाला है। चहुंओर मोदी नाम के जयकारे लग रहे हैं। किशोरगंज चौक के समीप रहने वाले रतन जायसवाल अपने कुछ दोस्तों के साथ इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने के लिए सड़क के किनारे खड़े हैं। उन सभी के बीच होने वाली आपसी बातचीत में यह महसूस हो रहा है कि उनके कुछ दोस्त इंडी एलायंस के समर्थक हैं। चर्चा रही कि अब भी मोदी जी का क्रेज है। घर-घर मोदी के नारे के शोर में इनकी आवाज दब सी जाती है।






# पीएम मोदी के स्वागत को लेकर सिसई तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिसई प्रखंड क्षेत्र के बरगांव रोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के होने वाले कार्यक्रम की जोर-जोर से तैयारी चल रही है। कार्यक्रम को लेकर विशाल मंच और बड़े-बड़े पंडाल बनाये गये हैं, ताकि दूर-दूर से नरेंद्र मोदी को देखने आये ग्रामीणों के बैठने में कोई परेशानी न हो। ज्ञात हो कि 4 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली बरगांव रोड में होगी, जिसमें प्रधानमंत्री क्षेत्र की जनता और ग्रामीणों को संबोधित करेंगे।

मोदी के सिसई आगमन को लेकर क्षेत्र में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी थानों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। वहीं सुरक्षा को लेकर जगह-जगह पर वाहन जांच चलाया जा रहा है। इसके अलावा उच्च पदाधिकारियों को कार्यक्रम व विधि व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त किया गया है। सिसई बैजनाथ जलान कॉलेज रोड स्थित बरगांव मैदान में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसको लेकर पूरा गुमला व सिसई प्रखंड तैयारी में जुटा हुआ है। वहीं काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। सुरक्षा इतनी जबरदस्त है कि एक परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। वहीं कार्यक्रम को लेकर दिल्ली से एनएसजी की टीम तीन दिन पूर्व ही गुमला पहुंच गयी है। वहीं भारी संख्या में पुलिस जवानों को क्षेत्र में लगाया गया है। वहीं शुक्रवार को मैदान का समतलीकरण किया गया जिसके बाद पूरे मैदान में टेंट लाइट विद्युत, तोरण द्वार सजाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। कार्यक्रम में भाजपा के कई बड़े नेता शामिल होंगे। प्रधानमंत्री लोहरदगा लोक सभा प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में प्रचार करने आयेंगे। वहीं विधि व्यवस्था को लेकर जिले के सभी पदाधिकारी को ड्यूटी पर लगाया गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामीणों की सुविधा के लिए जल की व्यवस्था, एंबुलेंस, अग्नि शमन वाहन को तैनात किया गया है। कार्यक्रम में क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ होने की संभावना है।





# सुखदेव भगत की जीत तय : गुलाम अहमद मीर

## गुमला में हुआ कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन

सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला के दौरे पर आये कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रेसवार्ता कर कहा कि लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत की जीत तय है। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि उनके उम्मीदवार की जीत तय है। उन्होंने कहा कि अभी भी उन्हें उम्मीद है कि चमरा लिंडा को संगठन के लोग समझाए। वहीं उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में चार सीटों पर चुनाव हो रहा है। जिसमें लोहरदगा व खूंटी सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पार्टी में कोई अंतर्कलह नहीं है। सभी गोलबंद हैं। अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए सभी जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। मीर अहमद ने कहा पिछले चुनाव में कांग्रेस पार्टी लोहरदगा लोकसभा से 10 हजार और खूंटी से मात्र 1400 वोटों से हारी थी। यह मामूली वोट इस बार पूरी हो जायेगा और कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है। वहीं संगठन के कार्यकर्ता दोनों सीट कांग्रेस के झोली में डालने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कहा कि अब देश की जनता बदलाव चाहती है। केंद्र की सरकार चुनावी मुद्दों पर फेल हो गयी। वहीं उसके वादे भी पूरे नहीं हुए। पूरा देश कांग्रेस पार्टी को आशा भरी निगाहों से देख रही है। व्यापारी, मजदूर, गरीब, महिलाएं और पूरी जनता केंद्र सरकार की नीति से त्रस्त है। महंगाई बढ़ी हुई है। पूरे देश को केंद्र सरकार ने 10 सालों तक ठगा है। कार्यकर्ता भी कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए तैयार हैं।




# हेमंत की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है। हाइकोर्ट ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। हाइकोर्ट के इस फैसले से हेमंत सोरेन को बड़ा झटका लगा है। इससे पहले 28 फरवरी को एक्टिंग चीफ न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच ने हाइब्रिड मोड में सुनवाई पूरी करने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। करीब 66 दिन बाद शुक्रवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। हेमंत सोरेन की ओर से देश के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल और हाइकोर्ट के अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने बहस की थी।

## चाचा के श्राद्ध कर्म में होंगे शामिल


**रांची।** हेमंत सोरेन द्वारा प्रोविजनल बेल के लिए दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने हेमंत सोरेन को प्रोविजनल बेल देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी, हालांकि कोर्ट ने उन्हें अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में कुछ देर के लिए शामिल होने की अनुमति दी है। अदालत ने यह सख्त निर्देश दिया है कि 6 मई को होने वाले श्राद्ध कर्म में शामिल होने के दौरान हेमंत सोरेन मीडिया से कोई बातचीत नहीं करेंगे और ना ही कोई राजनीतिक चर्चा करेंगे।

# जयराम महतो को निर्वाचन पदाधिकारी ने 7 को बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह लोकसभा से चुनाव लड़ रहे निर्दलीय उम्मीदवार जयराम महतो की मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। 2 मई को उन्होंने अपना नामांकन भरा था। नामांकन भरने की प्रक्रिया के दौरान ही वहां रांची से डीएसपी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम पहुंची। टीम ने जयराम महतो को गिरफ्तार करने की बात कही। उन्हें बताया गया कि 2022 में विधानसभा घेराव के दौरान उन पर एफआइआर दर्ज हुई थी। उसी मामले में उनकी गिरफ्तारी होनी है। इस दौरान हंगामे के बीच जयराम महतो ने पुलिस से कहा कि उन्हें जनसभा को संबोधित करने की इजाजत दी जाये।जयराम ने पुलिस को आश्वासन दिया कि जनसभा को संबोधित करने के बाद वह सरेंडर कर देंगे, लेकिन जयराम वहां से फरार हो गये। बोकारो प्रशासन की तरफ से जयराम महतो को नोटिस भेजा गया है। नोटिस निर्वाचन शाखा की तरफ से जारी किया गया है। नोटिस में कहा गया है कि आप की तरफ से समर्पित नाम निर्देशन पत्र में प्रस्तावकों में से सभी का हस्ताक्षर संदेहास्पद लग रहा है। इसलिए 7 मई को बोकारो निर्वाचन पदाधिकारी के पास उपस्थित हों।



## रायबरेली से राहुल के चुनाव लड़ने पर पीएम का कटाक्ष

# डरो मत, भागो मत : मोदी

- कहा- कांग्रेस को मिलेंगी सबसे कम सीटें, शहजादे वायनाड भी हारेंगे
- हार के डर से शहजादे अमेठी छोड़ रायबरेली पहुंचे
- बंगाल की चुनावी रैलियों से पीएम ने कांग्रेस पर बोला बड़ा हमला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बंगाल में ताबड़तोड़ तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को इस लोकसभा चुनाव में अब तक की सबसे कम सीटें मिलेंगी। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट छोड़ कर रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने के फैसले पर तंज कसते हुए कहा कि शहजादे ने वायनाड में अपनी हार भांप ली है। मोदी ने कहा कि ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं कि डरो मत। मैं भी उनसे कहना चाहता हूं कि डरो मत, भागो मत।

बर्द्धमान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र में रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अमेठी सीट से हारने के बाद वायनाड (केरल) जाने वाले कांग्रेस के शहजादे अब रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। शहजादे को पता है कि इस बार वह वायनाड भी हारेंगे। इस डर से वह अमेठी से भाग कर रायबरेली पहुंचे हैं। पीएम मोदी ने याद दिलाया कि उन्होंने पहले ही कहा था कि राहुल वायनाड के अलावा कोई नयी सीट ढूंढ रहे हैं।

पीएम ने सोनिया गांधी पर भी तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के बड़े नेताओं में चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं है। ओपिनियन पोल या फिर एक्जिट पोल की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि मैंने संसद में बहुत पहले कांग्रेस की हार की बात कह दी थी। जब उनके वरिष्ठ नेता (सोनिया) अपनी लोकसभा सीट रायबरेली छोड़ कर राजस्थान से राज्यसभा जा रहे हैं, तो यह इस बात का सबूत है कि उन्होंने हार भांप ली है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस चाहे कितना जोर लगा ले, 50 सीट भी नहीं जीतेगी। इसी तरह टीएमसी 15 सीट भी नहीं जीतेगी। पीएम ने कहा कि अब देश भी समझ रहा है कि ये लोग चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रहे हैं, ये सिर्फ देश को बांटने के लिए चुनाव मैदान का उपयोग कर रहे हैं।

**400 पार की है बहस :** मोदी ने कहा कि अभी तो बहस बस इतनी है कि एनडीए 400 पार होगा या नहीं होगा। हमारे विरोधी कहते हैं कि 400 पार नहीं होगा। लेकिन जो लोग मैदान में काम कर रहे हैं, वो कहते हैं कि बिल्कुल 400 पार करेगा। इंडी गठबंधन वालों की लड़ाई बस इस बात के लिए है कि लोकसभा में विपक्ष में जो दल जीत कर आयेंगे, उनमें सबसे बड़ा दल कौन बनें।

**नौकरी खोने वाले योगय शिक्षकों की मदद के लिए अलग कानूनी सेल बनेगा:** पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने प्रदेश भाजपा इकाई को राज्य में स्कूल भर्ती घोटाले के कारण नौकरी गंवाने वाले योग्य शिक्षकों और उम्मीदवारों को मदद प्रदान करने के लिए एक अलग कानूनी सेल बनाने के लिए कहा है। पीएम ने कहा कि टीएमसी ने जो भ्रष्टाचार किया है वह शर्मनाक है। इस घोटाले के कारण कई योग्य उम्मीदवारों को नुकसान हुआ है। जो ईमानदार व योग्य हैं, उन्हें भाजपा पूरी मदद करेगी।

### जिहादी को आरक्षण देना चाहती है कांग्रेस

पीएम ने आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो अपनी तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाते हुए वह एससी, दलितों और ओबीसी का आरक्षण छीनकर अपने जिहादी वोट बैंक को दे देगी। मोदी ने समाजवादी पार्टी (सपा) के एक उम्मीदवार द्वारा की गई वोट जिहाद टिप्पणी का समर्थन करने के लिए विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए और कांग्रेस की आलोचना की। पीएम ने चुनौती दी कि कांग्रेस लिखित में दे की वह धर्म के आधार पर आरक्षण देने के लिए संविधान में संशोधन नहीं करेगी।

# लंबी चर्चा के बाद राहुल गांधी ने रायबरेली से नामांकन किया

- सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और रॉबर्ट वाड्रा मौजूद रहीं
- प्रियंका बोलीं- हम सेवा की राजनीति वापस चाहते हैं
- राहुल ने अमेठी सीट से लड़ने को साफ मना किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायबरेली/अमेठी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेठी से तौबा कर लिया है। अब वह रायबरेली से चुनाव लड़ेंगे, जबकि अमेठी से सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा मैदान में उतरेंगे। अमेठी और रायबरेली सीट से कांग्रेस उम्मीदवार को लेकर लंबे समय से चल रहा असमंजस शुक्रवार सुबह खत्म हुआ। पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दोनों सीट पर उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इसमें अमेठी से किशोरी लाल शर्मा और रायबरेली से राहुल गांधी चुनाव लड़ेंगे। राहुल गांधी के लिए पार्टी ने अमेठी से ज्यादा रायबरेली को सुरक्षित माना है। क्योंकि यह सीट अभी तक कांग्रेस के पास ही है।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली से नामांकन कर दिया है। उनके साथ सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी, जीजा रॉबर्ट वाड्रा मौजूद रहे। किशोरी लाल शर्मा ने भी अमेठी से नॉमिनेशन कर दिया है। कांग्रेस ने नॉमिनेशन के आखिरी दिन रायबरेली से राहुल और अमेठी से किशोरी लाल के नाम का एलान किया। किशोरी सोनिया गांधी के भरोसेमंद माने जाते हैं। शुक्रवार सुबह 9 बजे राहुल परिवार के साथ दिल्ली से रायबरेली के लिए रवाना हुए। साढ़े 10 बजे अमेठी-रायबरेली बॉर्डर पर स्थित फुरसतगंज एयरपोर्ट पर उतरे। एयरपोर्ट से सोनिया, राहुल और रॉबर्ट वाड्रा रायबरेली कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जबकि प्रियंका और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत अमेठी गये। यहां किशोरी लाल के साथ रोड शो किया। प्रियंका गांधी ने कहा कि हम अमेठी में एक बार फिर सच्चाई और सेवा की राजनीति वापस लाना चाहते हैं। अब मौका आ गया है।

**किशोरी लाल शर्मा को मिला वफादारी का इनाम :** मूल रूप से किशोरी लाल शर्मा पंजाब के लुधियाना से ताल्लुक रखते हैं। 1983 के आसपास राजीव गांधी उन्हें पहली बार अमेठी लेकर आये थे, तब से वह यहीं के होकर रह गये। 1991 में राजीव गांधी की मृत्यु के बाद जब गांधी परिवार ने यहां से चुनाव लड़ना बंद किया, तो भी शर्मा कांग्रेस पार्टी के सांसद के लिए काम करते रहे। उन्हें संगठन ही नहीं परिवार का भी वफादार माना जाता है। रायबरेली से सोनिया गांधी के सांसद चुने जाने के बाद उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते रहे। सोनिया गांधी के चुनाव नहीं लड़ने पर किशोरी को रायबरेली से दावेदार माना जा रहा था, लेकिन पार्टी ने उन्हें रायबरेली के बजाय अमेठी से उम्मीदवार बनाया है।

**आखिर क्यों पीछे हटीं प्रियंका गांधी :** पार्टी सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी के राज्यसभा सदस्य चुने जाने के बाद से रायबरेली के लिए प्रत्याशी की तलाश शुरू हो गयी थी। शुरुआती दौर में प्रियका गांधी रायबरेली को लेकर रुचि दिखा रही थीं। वह यहां से चुनाव लड़ना चाहती थीं। इसी बीच राहुल गांधी की न्याय यात्रा शुरू हुई। पार्टी के कुछ नेताओं ने रायबरेली से प्रियंका के बजाय राहुल का नाम रायबरेली के लिए आगे बढ़ाया। इस पर प्रियंका ने चुप्पी साध ली।

### लंबे समय तक चला मान-मनौवल का दौर

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को यूपी से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी नेताओं को लंबे समय तक मान-मन्नौवल करना पड़ा। सूत्रों का कहना है कि वह उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं थे। यही वजह है कि इन दोनों सीटों पर पार्टी के नेता भी कुछ भी कहने से बचते रहे। गुरुवार देर रात हुई बैठक में राहुल गांधी ने अमेठी से चुनाव लड़ने से साफ इनकार कर दिया। ऐसे में उन्हें विरासत का हवाला देकर रायबरेली के लिए मनाया गया। पार्टी नेताओं का मानना है कि विपरीत परिस्थितियों में भी रायबरेली की जनता ने कांग्रेस का हाथ नहीं छोड़ा था। अभी भी वहां पार्टी को लेकर उत्साह है। यह कांग्रेस के लिए प्रदेश की सबसे सुरक्षित सीट है। इस वजह से इस सीट को नही छोड़ा जा सकता है। इस पर राहुल ने हामी भरी।

# 2019 में स्मृति ने तोड़ा राहुल की जीत का सिलसिला

## नेहरू-गांधी परिवार की सियासी पैठ की गवाह रही अमेठी



**राजीव**

पिछले कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश की चर्चित सीट अमेठी पर बना संशय अब खत्म हो गया है। शुक्रवार सुबह कांग्रेस ने अमेठी के साथ-साथ रायबरेली के लिए अपने उम्मीदवारों का एलान कर दिया। पार्टी ने रायबरेली सीट पर पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और अमेठी सीट पर गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा को चेहरा घोषित किया है। उम्मीदवारों का एलान होने के बाद भाजपा और कांग्रेस में जुबानी जंग भी शुरू हो गयी है। भाजपा ने दावा किया है कि राहुल गांधी ने डरकर अमेठी छोड़ दिया। उधर कांग्रेस ने अमेठी से अपने पुराने कार्यकर्ता को मौका देने की बात कही है। इस पूरे लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट की खूब चर्चा है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी यहां की मौजूदा सांसद हैं। कभी नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रही इस सीट से संजय गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सांसद रह चुके हैं। हालांकि, दशकों बाद कांग्रेस से कोई गांधी नेहरू परिवार से यहां चुनाव नहीं लड़ रहा है।

**अमेठी का चुनावी इतिहास क्या कहता है? :** अमेठी लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से एक है। ऐतिहासिक तौर पर यह सीट गांधी-नेहरू परिवार का गढ़ रही है। यह सीट 1967 में अस्तित्व में आयी थी। यहां पहले चुनाव में कांग्रेस के विद्याधर वाजपेयी को जीत मिली थी। वाजपेयी ने भारतीय जनसंघ के जी प्रसाद को हरा कर यह जीत हासिल की थी। 1967 के बाद 1972 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस के विद्याधर वाजपेयी ने विजय हासिल की। वाजपेयी ने इस बार भारतीय जनसंघ के गोकुल प्रसाद पाठक को शिकस्त दी। आपातकाल के ठीक बाद 1977 में हुए चुनाव में इस सीट से संजय गांधी ने चुनाव लड़ा। हालांकि, इस चुनाव में संजय को भारतीय लोक दल के रवींद्र प्रताप सिंह के हाथों हार का सामना करना पड़ा। संजय गांधी यह चुनाव 75,744 वोटों के अंतर से हार गये। इसके बाद 1980 में कांग्रेस की तरफ से संजय गांधी यहां से जीते। उन्होंने अबकी बार जनता पार्टी की तरफ से उतरे रवींद्र प्रताप सिंह को 1,28,545 मतों के बड़े अंतर से हरा दिया।

**उपचुनाव ने पैदा कर दी गांधी परिवार में दरार :** अमेठी सीट से संजय गांधी अच्छे मतों से जीतकर पहली बार संसद में पहुंचे। हालांकि, कुछ महीनों के बाद ही विमान दुर्घटना में संजय की मौत हो गयी। उधर इस घटना ने इंदिरा गांधी और कांग्रेस के सामने एक सियासी संकट खड़ा कर दिया। इंदिरा ने अपने बड़े बेटे राजीव गांधी को राजनीति में उतारने का फैसला कर लिया। इसके साथ ही अमेठी उप-चुनाव के लिए राजीव को अमेठी से कांग्रेस का उम्मीदवार बना दिया गया। इस उपचुनाव में विपक्ष ने लोकदल के युवा नेता शरद यादव को उम्मीदवार बनाया, लेकिन राजीव यह चुनाव जीत गये। इंदिरा गांधी के इस फैसले ने परिवार में फूट पैदा कर दी और संजय की पत्नी मेनका गांधी ने अपना संजय विचार मंच के नाम से अपना नया राजनीतिक दल बना लिया।

**जब पारिवारिक लड़ाई बनी सियासी :** 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गयी। तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने राजीव को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलायी। इसके बाद लोकसभा चुनावों की घोषणा हो गयी। राजीव फिर अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए गये तो मेनका ने राजीव के मुकाबले संजय विचार मंच के उम्मीदवार के रूप में पर्चा भर दिया। यह मुकाबला नेहरू-गांधी परिवार के दोनों वारिसों के बीच हो गया। जब नतीजे आये तो मेनका के सामने राजीव को प्रचंड जीत मिली। 1984 लोकसभा चुनाव में राजीव को 3,65,041 वोट जबकि उनके विरोध में उतरीं मेनका को महज 50,163 वोट ही मिल सके। इस तरह से मेनका को 3,14,878 वोटों से करारी हार झेलनी पड़ी।

**1989 में राजीव का मुकाबला महात्मा गांधी के पोते से :** साल 1989 के लोकसभा चुनाव में भी अमेठी सीट पर राजीव गांधी का दबदबा बना रहा। इस बार उनके सामने महात्मा गांधी के पोते और मशहूर जीवनीकार एवं पत्रकार राजमोहन गांधी थे। इस चुनाव में राजीव ने राज मोहन को 2,02,138 वोटों से शिकस्त दी।

# राहुल गांधी रायबरेली से लड़नेवाले नेहरू-गांधी परिवार के आठवें सदस्य

### तीन के नाम आपने सुने भी नहीं होंगे




**सलोनी**

उत्तर प्रदेश की जिन सीटों की सबसे ज्यादा चर्चा होती है, उनमें से एक रायबरेली लोकसभा सीट भी है। ये राज्य की इकलौती सीट है, जहां 2019 में कांग्रेस को जीत मिली थी। तब सोनिया गांधी यहां से जीतकर लोकसभा पहुंची थीं। सोनिया अब राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुकी हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल था कि अब पार्टी यहां से किसे मौका देगी, जिस पर कांग्रेस का गढ़ बचाने की चुनौती होगी।

**रायबरेली सीट का अस्तित्व :** सबसे पहले बात पहले लोकसभा चुनाव की कर लेते हैं। साल 1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में रायबरेली और प्रतापगढ़ जिलों को मिलाकर एक लोकसभा सीट थी। उस चुनाव में यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी कांग्रेस के टिकट पर लड़े और जीते थे। 1957 में रायबरेली सीट अस्तित्व में आई तो यहां से एक बार फिर फिरोज गांधी सांसद बने। इंदिरा और फिरोज गांधी का विवाह 26 मार्च 1942 को हुआ था। पत्रकार से नेता बने फिरोज गांधी अक्सर संसद में अपने ससुर और तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू सराकर की आलोचना के लिए जाने जाते थे।

**फिरोज गांधी के निधन के बाद इंदिरा ने रायबरेली से लड़े चार चुनाव :** 1960 में फिरोज गांधी का निधन हो गया। इसके बाद हुए उप-चुनाव और 1962 के चुनाव में यहां से गांधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ा। 1962 में कांग्रेस की तरफ से उतरे बैजनाथ कुरील ने जनसंघ प्रत्याशी तारावती को हराया था। फिरोज गांधी ने निधन के चार साल बाद 1964 में इंदिरा गांधी राज्यसभा पहुंचीं। इंदिरा 1967 तक राज्यसभा सांसद रहीं। 1966 जब इंदिरा देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं तब भी वह राज्यसभा सदस्य थीं। 1967 इंदिरा ने रायबरेली सीट से ही चुनावी राजनीति में कदम रखा। कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर उतरीं इंदिरा ने इस चुनाव में उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी बीसी सेठ को 91,703 वोट से हरा दिया था। इसके बाद आया 1971 का लोकसभा चुनाव। इस चुनाव में कांग्रेस की तरफ से एक बार फिर इंदिरा गांधी मैदान में थीं। उनके सामने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से राज नारायण थे। जब नतीजे आये तो कांग्रेस से इंदिरा को 1,11,810 वोटों से विजयी घोषित किया गया। इंदिरा को 1,83,309 वोट जबकि राज नारायण को 71,499 वोट मिले थे। हालांकि राजनारायण ने इंदिरा गांधी पर सरकारी तंत्र के दुरुपयोग और चुनाव में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए चुनाव नतीजों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी।

राजनारायण की चुनाव याचिका पर ही फैसला देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित किया था। इंदिरा ने उच्च न्यायालय के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी और इसी आधार पर अपना इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। कुछ दिन बाद ही देश में आपातकाल लागू कर दिया गया। इस घटना को ही देश में आपातकाल की जड़ माना जाता है।

**आपातकाल के बाद हुए चुनाव में इंदिरा को झटका :** 1971 के बाद अगले लोकसभा चुनाव 1977 में हुए जब देश में आपातकाल का दौर खत्म हो चुका था। 1977 की जनता लहर में रायबरेली सीट से उतरीं इंदिरा गांधी को हार का सामना करना पड़ा। उन्हें भारतीय लोक दल के के प्रत्याशी राजनारायण ने 55,202 वोट से हरा दिया। इसके बाद इंदिरा कर्नाटक की चिकमंगलूर सीट से उप-चुनाव लड़ी और जीतकर संसद पहुंची थीं।

1980 में एक बार फिर इंदिरा गांधी कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर रायबरेली सीट से मैदान में थीं। इस बार उनके सामने थीं जनता पार्टी से राजमाता विजय राजे सिंधिया। एक बार फिर इस सीट से इंदिरा जीतने में सफल रहीं। उन्होंने विजय राजे सिंधिया को 1,73,654 मतों से शिकस्त दी। दिलचस्प है कि इस चुनाव में इंदिरा रायबरेली के साथ ही आंध्र प्रदेश की मेंडक (अब तेलंगाना) सीट से भी जीतीं।

# लोकसभा चुनाव में किस पार्टी के कितने सांसदों ने बदला पाला, कितनों को मिला टिकट?

**राजवीर**

चुनाव का मौसम है। नेताओं का दलबदल जारी है। इस बीच भाजपा, कांग्रेस समेत कई दलों के मौजूदा सांसदों ने भी दल बदल लिया है। आम आदमी पार्टी के लोकसभा में एकलौते सांसद थे, जो टिकट मिलने के बाद पाला बदलकर भाजपा के साथ आ गये। अपनी पार्टी छोड़ने वाले कई सांसदों को दूसरे दलों से टिकट भी मिला है। इसके अलावा कांग्रेस के कई प्रवक्ताओं ने पार्टी का साथ छोड़ दिया।

**बसपा के सांसदों ने बदला पाला :** 543 सदस्यीय लोकसभा में सबसे ज्यादा 80 सीटें उत्तर प्रदेश से आती हैं। यहां चुनाव से पहले कई सांसदों ने दलबदल किया, जिसमें सबसे अधिक नुकसान बसपा को हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा के 10 सांसद जीतकर संसद पहुंचे थे। वर्तमान में बसपा के चार सांसद ही रह गये हैं। आजमगढ़ जिले की लालगंज सीट से सांसद संगीता आजाद, अंबेडकर नगर सीट से सांसद रितेश पांडेय भाजपा में शामिल हो चुके हैं। रितेश पांडेय को भाजपा ने इस बार अंबेडकर नगर सीट से उम्मीदवार भी बना दिया है। अमरोहा सांसद दानिश अली कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। कांग्रेस ने दानिश को यहां से अपना उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले बसपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते दानिश को पार्टी से निकाल दिया था। मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी बसपा का साथ छोड़ कर फिर से समाजवादी पार्टी में शामिल हो गये हैं। इसके बाद उन्हें गाजीपुर संसदीय सीट से सपा ने अपना प्रत्याशी भी घोषित कर दिया।

पार्टी छोड़ने वालों में सबसे ताजा नाम मलूक नागर का है। बिजनौर सांसद मलूक नागर बसपा छोड़ कर राष्ट्रीय लोक दल में शामिल हो गये हैं। हालांकि, रालोद पहले ही बिजनौर लोकसभा सीट पर विधायक चंदन चौहान को अपना उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। पार्टी छोड़ने वालों में एक नाम राम शिरोमणि वर्मा का है। श्रावस्ती सांसद वर्मा बसपा छोड़ कर सपा में शामिल हो गये हैं। समाजवादी पार्टी गठबंधन ने राम शिरोमणि वर्मा को श्रावस्ती से प्रत्याशी भी बनाया है।

इस चुनाव में तमाम विपक्षी दलों के कई सांसद भाजपा में शामिल हुए हैं। इसी सूची में एक चर्चित नाम नवनीत राणा का है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में चार निर्दलीय जीतकर संसद पहुंचे थे। इनमें से एक नवनीत राणा भी थीं। 2024 लोकसभा चुनाव में नवनीत भाजपा में शामिल हो गयीं। महाराष्ट्र की अमरावती सीट से भाजपा ने नवनीत राणा को अपना उम्मीदवार भी बनाया था। वे वर्तमान में इसी सीट से सांसद हैं।

2019 में जीतीं एक अन्य निर्दलीय सांसद सुमलता अंबरीश शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गयीं। अभिनेता से नेता बनीं सुमलता कर्नाटक के मांड्या से निर्दलीय सांसद चुनी गयी थीं। सुमलता मांड्या सीट से भाजपा का टिकट मांग रही थीं, लेकिन भाजपा ने गठबंधन सहयोगी जेडीएस को दे दिया। पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी मांड्या से एनडीए उम्मीदवार थे।

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते और लुधियाना सांसद रवनीत सिंह बिट्टू कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये। इस सीट पर भाजपा ने बिट्टू को अपना उम्मीदवार बनाया है।

झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा भी कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आ गयीं। भाजपा ने सिंहभूम लोकसभा सीट से गीता कोड़ा को अपना प्रत्याशी बनाया है।



### कांग्रेस के इन चेहरों ने भी छोड़ा हाथ का साथ

पिछले दिनों कांग्रेस के दो राष्ट्रीय प्रवक्ताओं ने कांग्रेस को अलविदा कहा। कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता रोहन गुप्ता भाजपा में शामिल हो गये। रोहन ने 'सनातन धर्म' का अपमान करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि उन्हें अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बारे में चुप रहने के लिए कहा गया था। इससे पहले कांग्रेस ने रोहन गुप्ता को अहमदाबाद पूर्व से अपना उम्मीदवार घोषित किया था। पिता की खराब तबियत का हवाला देते उन्हें टिकट वापस कर दिया और कुछ दिनों बाद भाजपा में चले गये। इससे पहले एक अन्य प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने भी पार्टी छोड़ दी और आम चुनाव से पहले सत्तारूढ़ दल में शामिल हो गये। मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह और कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये। उनका नाम मथुरा से पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चर्चा में था, जहां से अभिनेत्री और मौजूदा सांसद हेमा मालिनी भाजपा की उम्मीदवार थीं। मुंबई में कई कांग्रेस नेताओं ने चुनाव के बीच पार्टी का साथ छोड़ दिया।

## राजद के कार्यकर्ताओं से मिले उमाशंकर अकेला, किया जनसंपर्क



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने को लेकर बरही विधायक उमाशंकर अकेला उर्फ अकेला यादव ने अपने समर्थकों के साथ शुक्रवार को भुरकुंडा कोयलांचल में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में विधायक श्री अकेला रिभर साईड भुरकुंडा स्थित राजद कार्यालय पहुंचे। जहां राष्ट्रीय जनता दल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मिलकर महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी लोग मिलकर कार्य करें जयप्रकाश भाई पटेल की जीत तय है। इसके पूर्व राजद के झारखंड प्रदेश महासचिव संतोष यादव के नेतृत्व में विधायक श्री अकेला का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर मौके पर मुख्य रूप से राजद के प्रदेश महासचिव गिरधारी गोप, प्रदेश महासचिव संतोष यादव, संजय यादव, भुपेन्द्र सिंह सैनी उर्फ जीबू, सीटू के रामनरेश सिंह और पीडी सिंह, प्रेम कुमार साहु, छोटू सिंह, संतोष मिश्रा, वाहीद अंसारी, शौकत, प्रेमनाथ साहु, गौतम कुमार सिंह, परवेज अख्तर, श्रीकांत सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## हजारीबाग लोकसभा इंडिया गठबंधन जीतेगी: विधायक उमाशंकर अकेला



पतरातू (आजाद सिपाही)। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की लहर चल रही है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल की जीत निश्चित है। यह बातें गुरुवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमाशंकर अकेला ने पतरातू प्रखंड के कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष के आवासीय कार्यालय में यह बातें कहीं। विधायक ने इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल की जीत भारी मतों से दिलाने को लेकर पतरातू प्रखंड के गठबंधन के सहयोगी दल राजद झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित क्षेत्र के बुद्धिजीवियों और विभिन्न यूनियन के नेता और कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी किया। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, राजद के प्रदेश महासचिव गिरधारी गोप, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, प्रदेश सचिव संजय यादव, समाजसेवी रामेश्वर गोप सहित कांग्रेस से जयप्रकाश सिंह ननकी डॉ केके शर्मा अमर यादव, मो नयुम सीमा राय, कुलदीप यादव, कमलेश कुमार, अशोक प्रसाद, रामयस सिंह, मिथिलेश सिंह, बाल्मिकी यादव, गौरव कुमार, लोकेश आनंद, दिनेश दास, मो. हबीब तारिक राजा, परवेज आलम, नवीश कुमार सहित दर्जनों समर्थक उपस्थित थे।

## हेहल की दो दुकानों में लगी आग



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग हेहल में दो सगे भाइयों के अलग अलग राशन दुकान में आग लगने से लाखो की संपति जल कर राख हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग हेहल स्थित दो सगे भाई दिलीप प्रजापति और ब्रम्हदेव प्रजापति की राशन दुकान जो एक दूसरे के दुकान से सटा हुआ है में रात्रि लगभग तीन बजे आग लग गयी। स्थानीय लोगों ने दुकान मालिक को आग लगने की सूचना दी। घटना की सूचना बरकाकाना ओपी पुलिस एवम दमकल विभाग को दी गयी। बरकाकाना ओपी पुलिस की तत्परता से सीसीएल और झारखंड सरकार की दमकल विभाग कर्मियों ने दमकल यान की मदद से आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया तीन बजे सुबह में आग की लपटे दिख रही थी, जिसके बाद दुकान मालिक को सूचना दी गयी। दिलीप किराना स्टोर के संचालक दिलीप कुमार प्रजापति ने बताया कि आग लगने के कारण बीस हजार रुपये नकद, फ्रीज और लगभग आठ लाख की लागत का किराने का सामान जलकर राख हो गया। वही दूसरे दुकान मालिक ब्रह्मदेव प्रजापति ने बताया की दुकान में आग लगने के कारण तीस हजार रूपये नकद, फ्रीज एवम लगभग छह लाख की लागत का किराने का सामान जलकर राख हो गया है। दुकान मालिकों ने बरकाकाना ओपी में मामला दर्ज कर स्थानीय प्रशासन एवम जिला प्रशासन से नियम संगत मुआवजा देने की गुहार लगायी है।

## चतरा में मतदाता जागरूकता अभियान



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गोसाईडीह में शुक्रवार को संकुल संगठन के अंतर्गत नावाडीह आजीविका महिला ग्राम संगठन की सभी महिलाओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं ने रंगोली और मेहंदी के माध्यम से सभी सदस्यों को मतदान का महत्व और फायदा के बारे में बताया तथा मतदान नहीं करने से होने वाला नुकसान पर चर्चा की गयी। इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस से बी ए पी अलका कुमारी, पीआरपी दिलीप कुमार और नावाडीह ग्राम संगठन की अध्यक्ष उषा देवी, लेखापाल पूनम कुमारी, लेखापाल रेखा कुमारी सहित 18 साल के अधिक उम्र के किशोर और किशोरी उपस्थित हुए।

## वंचित स्कूली बच्चों का आधार कार्ड बनना शुरू



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित संकुल संसाधन केंद्र जोरी में शुक्रवार से अब तक वंचित स्कूली बच्चों का आधार कार्ड बनना शुरू हो गया है। इस आशय की जानकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कानन पात्रा ने दी। बीइइओ पात्रा ने आगे बताया की प्रखंड के बहुत से विद्यालय के बच्चों का आधारकार्ड अभी तक नहीं बना है। वैसे अभिभावक से निवेदन है की अपना बच्चों का आधार कार्ड बना लें, उनका आधार कार्ड संकुल संसाधन केंद्र जोरी में निःशुल्क बनाया जा रहा है। आधारकार्ड नहीं होने से बच्चों को मिलने वाला सरकारी लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। आधार कार्ड से अब तक बहुत से बच्चे सरकारी लाभ से वंचित रह गये है। अभिभावक इसे आवश्यक समझते हुए बीआरसी कार्यालय में आकर कंप्यूटर आपरेटर से संपर्क करें, और आधार कार्ड अवश्य बनाने का कष्ट करें।

# राधा गोविंद स्कूल में मॉर्निंग वॉक के दौरान बेहोश हुआ छात्र, मौत

**जिला प्रशासन ने लिया संज्ञान, घटना की जांच कर रही तीन सदस्यीय टीम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार की सुबह मॉर्निंग वॉक दौरान एक छात्र की मौत हो गयी। इस घटना ने पूरे जिले में सनसनी फैला दी है। आवासीय विद्यालयों में पढ़ रहे छात्रों को लेकर उनके अभिभावकों के बीच भी चिंता बढ़ गयी है। घटना की जानकारी मिलते ही रामगढ़ पुलिस विद्यालय परिसर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार विद्यालय के हॉस्टल में रह कर पढ़ रहा पांचवी कक्षा का छात्र आर्यन कुमार सुबह 5:00 बजे के बाद स्कूल के मैदान में सभी बच्चों के साथ निकाला था। इस दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी। उसके एक साथी ने उसे सहारा दिया, लेकिन तब तक वह बेहोश होकर गिर पड़ा। स्कूल प्रबंधन ने उस छात्र को इलाज के लिए झारखंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया, लेकिन वहां उसकी स्थिति नहीं सुधरी। इसके बाद उस छात्र को रांची रोड स्थित होप अस्पताल ले जाया गया। वहां भी चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। आर्यन को लेकर स्कूल प्रबंधन जब सदर अस्पताल पहुंचा तो चिकित्सकों ने वहां उसे मृत घोषित कर दिया। रामगढ़ पुलिस के अनुरोध पर मेडिकल बोर्ड बिठाकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

**घटना के बाद अचानक कर दी गयी विद्यालय में छुट्टी :** राज्य सरकार के निदेशों के बाद राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में रह रहे बच्चों को उनके घर नहीं भेजा गया। हालांकि प्रबंधन ने यह दावा किया है कि बच्चों के अभिभावकों को छुट्टी की सूचना दी गयी थी। साथ ही लगभग 50 बच्चे अपने घर भी जा चुके थे। कुछ बच्चे हॉस्टल में रह रहे थे। लेकिन उनकी पढ़ाई नहीं चल रही थी। सुबह 5 से 5:30 के बीच बच्चों का काउंटिंग सेशन चलता था। शुक्रवार को भी वही प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान बच्चे टहलते भी थे और उसके बाद सभी बच्चों की गिनती कर उन्हें वापस उनके कमरे में भेज दिया जाता था। इस घटना के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच शुरू की और विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों की भी छुट्टी कर दी। अब वहां 9वीं और 10वीं के भी बच्चों की छुट्टी कर दी गई है। ऐसी स्थिति में जांच कितना प्रभावी होगा इस पर भी सवाल उठ रहा है।



### बच्चे की लाश देख बिफर पड़े परिजन

मृतक छात्र आर्यन कुमार मांडू प्रखंड के बसंतपुर नीमटोला निवासी नेहरू गंझू का पुत्र था। अचानक सुबह 6:00 बजे स्कूल से उन्हें फोन आया कि उनके बच्चे की तबीयत खराब है। उन्हें बताया गया की बच्चा होप हॉस्पिटल में भर्ती है। वह जैसे ही वहां पहुंचे तो पता चला कि आर्यन को लेकर वे लोग सदर अस्पताल चले गये हैं। जब नेहरू गंझू अपनी पत्नी के साथ वहां पहुंचे तो वहां उन्हें उनके बच्चे की लाश मिली। बच्चे की लाश देख मां बाप का कलेजा फट गया। उन लोगों ने बताया कि आर्यन का एडमिशन तीसरी कक्षा में ही राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में कराया गया था। 2 वर्ष से वह लगातार वहां पढ़ रहा था। अचानक उसकी मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस ने इस मामले में नेहरू गंझू का बयान लिया है। लेकिन उन्होंने ना तो विद्यालय प्रबंधन पर और ना ही किसी व्यक्ति विशेष पर किसी प्रकार का आरोप लगाया है।

### घटना की जांच के लिए बनी टीम

राधा गोविंद पब्लिक स्कूल आवासीय विद्यालय है। वहां लगभग 80 बच्चे हॉस्टल में रहते हैं। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से राज्य सरकार ने कक्षा नर्सरी से 8 तक के बच्चों को छुट्टी देने का निर्देश जारी किया है। हालांकि आवासीय विद्यालयों को इस आदेश में शामिल नहीं किया गया है, लेकिन उन्हें भी भीषण गर्मी के मद्देनजर आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। विद्यालय में ऐसी क्या स्थिति बनी जिसकी वजह से एक होनहार छात्र की जान चली गयी। इसके पीछे का रहस्य जानना भी जरूरी है। जिला प्रशासन ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी विद्यालय परिसर, क्लास, हॉस्टल, बच्चों के रूम और वहां रहने की व्यवस्था की जांच कर रही है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री और चतरा के पूर्व सांसद नागमणि गिरफ्तार

**भूमिहारवाद और ब्राह्मणवाद पर जम कर बरसे नागमणि**

**छठी बार चतरा लोकसभा से हाथी पर सवार होकर अपना भाग्य आजमाने चतरा पहुंचे नागमणि**

प्रवीण रस्तोगी

**चतरा (आजाद सिपाही)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और चतरा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद नागमणि को चतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नागमणि की गिरफ्तारी 10 वर्ष पूर्व आचार संहिता के एक मामले में की गयी है। इस मामले में व्यवहार न्यायालय द्वारा नागमणि को फरार घोषित किया गया है। जानकारी के अनुसार नागमणि बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने चतरा समाहरणालय स्थित जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय कक्ष पहुंचे थे। उसी दौरान चतरा पुलिस ने चतरा व्यवहार न्यायालय द्वारा जारी लाल वारंट के आधार पर चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि गिरफ्तारी के एक दिन पूर्व भी नागमणि के प्रस्तावक और समर्थक ने जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के समक्ष निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नागमणि का नामांकन पत्र दाखिल किया था। पांचवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन नागमणि बसपा उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित हुए थे। नागमणि के पुलिस हिरासत में लिये जाने के बाद नागमणि की पत्नी सुचित्रा सिन्हा ने अपना अलग नामांकन पत्र दाखिल किया।

नागमणि ने मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह एवं कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी पर निशाना साधते हुए कहा कि ब्राह्मणवाद और भूमिहारवाद की सामंती सोच के द्वारा एक षड्यंत्र के तहत मुझे न्यायिक हिरासत में भेजने का काम किया है, जिसमें पुलिस की संलिप्तता जगजाहिर है। उन्होंने कहा कि मैं पिछले दिनों कई बार चतरा का दौरा कर चुका हूं, लेकिन इस मुकदमे के बारे में पुलिस द्वारा कभी कोई सूचना नहीं दी गयी। इसके कारण मुझे इस मामले की कोई जानकारी पूर्व से नहीं थी।

**विभिन्न राजनीतिक दलों के टिकट पर चतरा लोकसभा क्षेत्र से छह बार भाग्य आजमा चुके हैं नागमणि:** हमेशा पार्टी बदलने की परिपाटी बने चतरा लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद नागमणि चतरा लोकसभा से छह बार अपने भाग्य को आजमा चुके हैं, सबसे पहले नागमणि ने वर्ष 1996 में कांग्रेस के टिकट पर चतरा लोकसभा क्षेत्र से अपना भाग्य आजमाया था। वर्ष 1998 में राजद के टिकट पर फिर एक बार चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें मुंह की हार खानी पड़ी। वर्ष 1999 में नागमणि ने पुनः राजद के टिकट पर एक बार फिर किस्मत अजमायी और वह चुनाव जीत कर लोकसभा पहुंच गये और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार बनते ही एनडीए में शामिल होकर केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री का पद संभाल लिया। 2004 में फिर भाजपा के टिकट पर चुनावी जंग में कूद गये, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2009 में फिर भाजपा को छोड़ कर घर वापसी कह कर राजद का हाथ थाम लिया और चुनाव के मैदान में लालटेन लेकर कूद गये और वह चुनाव हार गये। वर्ष 2014 में भाजपा राजद और कांग्रेस से टिकट पाने में असफल रहे नागमणि ने एक बार आजसू के टिकट पर लोकसभा जाने का मार्ग अपनाया, लेकिन इस चुनाव में उनकी जमानत तक नहीं बच पायी और फिर एक बार हार का सामना किया। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की टिकट की दौड़ में पीछे रह जाने पर नागमणि ने बसपा का थाम लिया और हाथी पर सवार होकर 2024 का चुनाव लड़ने चतरा लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमाने के लिए कमर कस ली है।



### पत्नी सुचित्रा सिन्हा ने किया नामांकन पत्र दाखिल

पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि के पुलिस सिरसत में लिये जाने के बाद उनकी पत्नी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सतीश कुमार की पुत्री सुचित्रा सिन्हा ने नामांकन करने के पश्चात मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पार्टियां नागमणि की जीत से घबरा कर एक षडयंत्र के तहत उन्हें जेल भेजने का काम किया। इसलिए मैंने भी नामांकन किया।

## बोंगावार फोरलेन पर ट्रेलर पलटा, सड़क बाधित

कुजू (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र के नीम टोला बोंगाबार फोरलेन सड़क पर बीती देर शाम ब्रेकडाउन मिनी ट्रक को एक ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके बाद ट्रेलर चालक से असंतुलित होकर ट्रेलर फोरलेन के दूसरी ओर जाकर पलट गया। जिससे फोरलेन के एक लेन की सड़क बाधित हो गयी। लगभग 3 घंटे मशक्कत के बाद दो क्रेन के माध्यम से ट्रेलर को सड़क से हटाया गया। जिसके बाद उस लेन पर आवागमन सुचारू रूप से चालू हो सका। जानकारी के अनुसार, कुजू से रामगढ़ की ओर जाने वाली लेन पर गुरुवार को मिनी ट्रक संख्या जेएच 01 सीसी - 4112 ब्रेकडाउन खड़ी थी। रात लगभग 9 बजे कुजू की ओर से तेज रफ्तार से आ रही ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसके बाद ट्रेलर असंतुलित होकर डिवाइडर को पार कर दूसरी ओर लेन में पलट गया। जिससे दूसरे लेन की सड़क पूरी तरह बाधित हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ओपी प्रभारी दिगम्बर पांडेय सदल बल मौके पर पहुँचे। जहां लगभग 3 घंटे के मशक्कत के बाद दो क्रेन की मदद से ट्रेलर को सड़क के बीच से हटाया गया। इसके बाद आवागमन सुचारू हो सका। घटना में मिनी ट्रक चालक के सर पर चोट आई है। जिसका स्थानीय नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है।

# घाटो में हथियार के बल पर घर में लूट, जांच में जुटी पुलिस

**जेवरात सहित करीब तीन लाख की लूट**

**अकेली घर में रहती है सीसीएलकर्मी महिला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के बड़गांव में अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया है। अपराधियों ने आधी रात को आवास में घुसकर अकेली सो रही महिला को बंधक बनाकर लूटपाट किया है। पुलिस को सूचना मिलते ही रात में ही घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की और भुक्तभोगी महिला से घटना के बावत पूरी जानकारी प्राप्त किया। इधर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का उद्भेदन कर दिया जायेगा।



**क्या है मामला:** जानकारी के अनुसार शुक्रवार की आधी रात करीब दो बजे वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के बड़गांव गांधी चौक के निकट खेत के किनारे बने नये घर में करीब 8-10 अपराधियों ने हथियार के साथ प्रवेश किया। घर में अकेले सोयी घर की मालकीन सीसीएलकर्मी लीला देवी पति स्व. सुदामा महतो को कब्जे में ले लिया। जिसके बाद उन्हें बंधक बनाकर घर में लूटपाट किया। अपराधियों ने सोने का चैन, चार सोने का अंगूठी, चाँदी के जेवरात कुछ नगद लेकर चलते बने। लूट की अनुमानित रुपये करीब तीन लाख बताया जा रहा है। घटना के बाद मामले की जानकारी घाटो पुलिस को दी गयी। जिसके बाद पुलिस पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की।

**क्या बोले थाना प्रभारी:** वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही मैं खुद घटना स्थल गया। जांच पड़ताल किया। कुछ लोगों को उठाया गया है। पूछताछ चल रहा है। बहुत जल्द पूरे मामले से पर्दा उठा दिया जायेगा। अपराधियों को पकड़ लिया जायेगा।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कपंनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## बीएलओ के साथ बीडीओ ने की बैठक



मांडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को बीएलओ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगाड़ी ने किया। बैठक में बीडीओ ने सभी बीएलओ को मतदाता सूचना पर्ची क वितरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बीएलओ को मिलने वाले राशि से मतदान केंद्र में दो दिन पूर्व साफ सफाई और पीने का पानी की व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्था करने की बात कही। मौके पर ज्ञानी प्रताप भारती, सुमित कुमार, प्रदीप कुमार, नील कुमार दुबे, मनोरंजन शर्मा, चंदन यादव, चंद्रकाता कुमारी, अजीत कुमार, राजेश हांसदा, अमित गुप्ता, विकास कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## चेकिंग के दौरान 67 लाख के आभूषण जब्त

मांडू (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष हो इसके लेकर रामगढ़ उपायुक्त द्वारा गठित एफएसटी ने गुरुवार को मांडू थाना गेट के पास वाहन चेकिंग के दौरान ज्वेलरी ले जा रहे एक लॉजिस्टिक वहान को पकड़ा। पकड़े गये वाहन से आठ अलग-अलग पेटियो में सोने और चांदी के जेवरात भरे हुए थे। बताया जाता है कि रांची एयरपोर्ट से जेवरात रिसीव कर हजारीबाग के विभिन्न दुकानों में सप्लाई दी जानी थी। लेकिन रामगढ़ ऑब्जर्वर को सूचना मिली कि एक वहान से भारी मात्रा में जेवरात लेकर हजारीबाग की ओर जा रही है। इसके बाद मांडू थाना गेट के समीप लगे चेक नाका पर ड्यूटी में तैनात दंडाधिकारी को वाहन जांच करने का निर्देश दिया। जांच के दौरान गाड़ी में रखे आठ पेटी में सोने और चांदी के जेवरात भरे पड़े थे। पकड़े गये जेवरात से संबंधित कागजात अधिकारियों को कारोबारी द्वारा दी गयी है। जिसमें सभी आभूषणों की कीमत करीब 67 लाख बताई गयी है। उपायुक्त के निर्देश पर रामगढ़ के आयकर विभाग ने मांडू थाना पहुंचकर आभूषणों की कीमत का आकलन किया। संबंधित विभाग द्वारा अग्रसर कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि जब्त पेटी को सील कर मांडू थाना कोषागार में रखा गया हैं।

## ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर सप्लाई का निरीक्षण



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा ग्रामीण जलापूर्ति योजना के नव गठित संचालन समिति ने शुक्रवार को पानी सप्लाई और ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्य सहित पटेलनगर, सुंदरनगर, भुरकुंडा, जवाहर नगर और कुरसे पंचायत के मुखिया और प्रतिनिधि उपस्थित थे। बताया गया की पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा भुरकुंडा ग्रामीण जलापूर्ति के लिए नई संचालन समिति का गठन किया है। जो 1 मई से अपना कार्यभार संभाल लिये हैं। इसी कड़ी में पटेलनगर ट्रीटमेंट प्लांट, हुरूमगढ़ा पानी टंकी और दामोदर नदी स्थित पानी सप्लाई मोटर हाउस का हैंड ओवर समिति को किया गया। तत्पश्चात समिति द्वारा निरीक्षण कर जानकारी ली गयी की जलापूर्ति के लिए प्लांट में क्या-क्या उपकरण और व्यवस्था वर्तमान समय में उपलब्ध है। समिति के लोगों ने बताया की पांचों पंचायत में पानी सप्लाई सुचारू रूप जारी रहे इसके लिए समिति प्रयत्नशील है। मौके पर मुखिया कुरसे पंचायत के मुखिया संदीप उरांव, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, सुंदरनगर मुखिया व्यास पांडेय, उपमुखिया अजय तुरी, जवाहर नगर के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप मांझी, पटेलनगर के मुखिया प्रतिनिधि रौशन नायक, जल सहिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, छोटू, पानी सप्लायर शिव कुमार सिंह आदि मौजूद थें।

## फ्रेंड्ली क्रिकेट मैंच का आयोजन आज

प्रतापपुर/ चतरा (आजाद सिपाही)। स्थानीय 10+2 उच्च विद्यालय के मैदान में 4 मई को सुबह 7 बजे से एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास के नेतृत्व में किया गया है। इस मैच मे प्रखंड प्रशासन, पुलिस प्रशासन, शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी, पत्रकार, जनप्रतिनिधि और अन्य लोगों के बीच संयुक्त रूप से मिलकर खेला जायेगा। उक्त आशय की जानकारी बीडीओ अजय कुमार दास ने दी। उन्होने प्रखंड प्रशासन, पुलिस प्रशासन, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद, उपप्रमुख, प्रखंड के जनप्रतिनिधि, पत्रकार, राजनीतिक पार्टी के नेता के साथ साथ खेल कूद मे रूचि रखने वालों से शनिवार को सुबह हाई स्कूल के मैदान में ससमय पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील किया। वही प्रखंड के खेलप्रेमियो से आग्रह किया है कि वे भी खेल मैदान पर पहुंचकर खिलाडियो को उत्साह वर्धन करे। इस मैच के दौरान 10+2 उच्च विद्यालय की छात्राएं, छात्रों के द्वारा मतदाता जागरूकता पर मतदाताओ को जागरूक करने के लिए एक से बढ़कर एक पोस्टर बैनर प्रस्तुत किया जा जायेगा।

AFFIDAVIT

In the court of Sri Praveen Kumar, Executive Magistrate, Bermo at Tenughat.

As per affidavit No. 2281 Date: 30/04/24 I, **MEENA DEVI** W/O Pyare Lal Ravidas, resident of Village- Kaswagarh, P.O.-I.E. Gomia, P.S.-I.E.L., District-Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1.That, my Nationality is Indian.
2.That, my Aadhaar No. is 7751 6752 9088.
3.That, I am a joint A/c holder of Bank of India, Gomia Branch with my wife Purni Devi being A/C No. 48111010014612.
4.That, my name has been mentioned as **MEENA DEVI** in my Aadhaar Card but in my aforesaid joint A/C of Bank of India, Gomia Branch my name has been mentioned as **PURNI DEVI** which is my nick name and which is required to be correct as **MEENA DEVI.**
5.That, **MEENA DEVI** and **PURNI DEVI** are the names of same and one person that is of myself.
6.That, I am swearing this affidavit to correct my name as **MEENA DEVI** in place of **PURNI DEVI** in my Bank Account of Bank of India, Gomia Branch being A/C No. 48111010014612.
7.That, the contents made above are true and correct, if found false, I shall be punishable under law.

AFFIDAVIT

In the court of Sri Praveen Kumar, Executive Magistrate, Bermo at Tenughat.

As per affidavit No. 2280 Date: 30/04/24 I, **PYARE LAL RAVIDAS** S/O Bhukhali Ravidas, resident of Village- Kaswagarh, P.O.-I.E. Gomia, P.S.-I.E.L., District-Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That, my Nationality is Indian.
2.That, my Aadhaar No. is 79481327 0426.
3.That, I am a joint A/c holder of Bank of India, Gomia Branch with my wife Purni Devi being A/C No. 48111010014612.
4.That, my correct name is **PYARE LAL RAVIDAS** which is mentioned in my Aadhaar Card as well as in my PAN Card.
5.That, in my aforesaid Bank A/C of Bank of India, Gomia Branch my name has been mentioned as **PYARELAL RABIDAS** which is required to be corrected as **PYARE LAL RAVIDAS**.
6.That, **PYARE LAL RAVIDAS** and **PYARELAL RABIDAS** are the same and one person i.e. myself.
7.That, I am swearing this affidavit to correct my name as **PYARE LAL RAVIDAS** in place of **PYARELAL RABIDAS** in my Bank Account of Bank of India, Gomia Branch being A/C No. 48111010014612.
7.That, the contents made above are true and correct, if found false, I shall be punishable under law.

# मुश्किल चुनौती

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर के लिए बुधवार की सुबह असामान्य रही। जिस तरह से एक के बाद एक अलग-अलग स्कूलों में बम रखे होने की खबर आने लगीं, उससे न केवल स्कूल के स्टाफ, बच्चों और अभिभावकों में घबराहट फैली बल्कि इसे देख-सुन रहे सभी लोग सकते में आ गये। हालांकि, करीब 200 स्कूलों को चपेट में लेने वाली यह खबर पूरी तरह फर्जी निकली, लेकिन देश की राजधानी में अफरातफरी की स्थिति तो इसने बना ही दी। यूं तो किसी आतंकी संगठन या ग्रुप ने अब तक इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन जो शुरुआती संकेत मिले हैं, उनके मद्देनजर इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय साजिश से इनकार नहीं किया जा रहा। सभी स्कूलों को एक ही कंटेंट ईमेल किया गया। ईमेल भेजने के लिए रूसी वीपीएन का इस्तेमाल हुआ है, लेकिन सभी मेल एक ही आइडी से भेजे गये हैं। जिस तैयारी से ईमेल भेजी गयी है, उसे देखते हुए विशेषज्ञ कह रहे हैं कि इसकी ओरिजिन पता लगाना आसान नहीं होगा। ध्यान रहे, यह हाल के दिनों में अपने ढंग की सबसे बड़ी भले हो, पहली घटना नहीं है। मंगलवार को ही राष्ट्रपति भवन समेत कुल 103 सरकारी बिल्डिंगों में बम रखे होने की ईमेल भेजी गयी थी। यह अलग बात है कि स्कूल, बच्चे और अभिभावक जैसे कारकों की गैरमौजूदगी में उससे अफरातफरी के हालात नहीं बने। लेकिन स्कूलों की ही बात करें तो भी यह पिछले तीन महीने में हुई तीसरी घटना है। अप्रैल की शुरुआत में कोलकाता के करीब 200 स्कूलों में इसी तरह बम रखे होने की अफवाह फैलायी गयी थी। उससे पहले फरवरी में चेन्नै के 13 स्कूल निशाने पर आये थे। जाहिर है, सुरक्षा बलों की चौकसी और आतंकी तत्वों पर लगातार रखी जा रही नजर के कारण आतंकी वारदात को अंजाम देने के बजाय इस तरह की अफवाह फैलाना अपेक्षाकृत आसान है। लिहाजा, देश में अशांति, बेचैनी और घबराहट का माहौल पैदा करने की इच्छुक ताकतें इस तरह की हरकतें जारी रख सकती हैं। निश्चित रूप से सुरक्षा बलों को इस चुनौती से निपटने की बेहतर तैयारी करनी होगी। अंतरराष्ट्रीय जांच वाले पहलू की बात करें तो भारत की स्थिति बहुत अच्छी नहीं दिखती। पारस्परिक कानूनी सहायता सुनिश्चित करने वाली संधि एमएलएटी (म्युचुअल लीगल असिस्टेंस ट्रीटी) भी भारत की सिर्फ 42 देशों के साथ है। बुडापेस्ट कन्वेंशन ऑन सायबर क्राइम पर भी भारत ने हस्ताक्षर नहीं किये हैं, जिसके तहत विभिन्न देश संयुक्त जांच करते और आपस में सबूत साझा करते हैं। अस्पतालों और स्कूलों में बम की अफवाह जैसी चुनौतियों से कुशलतापूर्वक निपटने के लिए इन तमाम पहलुओं पर ध्यान देते हुए आगे बढ़ना होगा।


**ईमेल भेजने के लिए रूसी वीपीएन का इस्तेमाल हुआ है, लेकिन सभी मेल एक ही आइडी से भेजे गये हैं। जिस तैयारी से ईमेल भेजी गयी है, उसे देखते हुए विशेषज्ञ कह रहे हैं कि इसकी ओरिजिन पता लगाना आसान नहीं होगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**बॉम्बे उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों की उपस्थिति से न्यायालय कक्ष खचाखच भरा हुआ था। सभी न्यायाधीश विदाई समारोह में शामिल हुए, इसलिए वकील भी अधिक संख्या में उपस्थित थे। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मुरलीधर को उस समय शानदार विदाई मिली, जब उन्हें रातों-रात दिल्ली उच्च न्यायालय से पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया। वकीलों ने मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय से लेकर भूतल तक सीढ़ियां बना कर एक सच्चे और निडर न्यायाधीश को दिखाया कि उनकी सराहना की जाती है और उन्हें हमेशा प्यार से और इससे भी महत्वपूर्ण बात, सम्मान के साथ याद किया जायेगा।**

# न्यायपालिका, नौकरशाही और पुलिस में अनुकरणीय लोक सेवकों का होना अनिवार्य

**जूलियो रिबैरो**



मैं भाजपा, कांग्रेस और यहां तक कि छोटी पार्टियों के नेताओं द्वारा एक-दूसरे पर लगाए जाने वाले अपशब्दों, कटाक्षों और ज्यादातर झूठे आरोपों से निराश हूं, इसलिए मैंने एक भारतीय नागरिक, मुंबई में उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के बारे में लिखने का साहस किया, जो मुझे भारतीय होने पर गर्व है। जस्टिस गौतम पटेल पिछले हफ्ते बॉम्बे हाइकोर्ट की बैंच से रिटायर हो गये। विदाई समारोह मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय में आयोजित किया गया, जिसमें सभी न्यायाधीश उपस्थित थे। इस अवसर पर अपनाया जाने वाला प्रोटोकॉल सामान्य नहीं था, जहां सेवानिवृत्त न्यायाधीश सीजेआइ के साथ बैठते हैं। किसी मामले की सुनवाई करना और उस समय उपस्थित वादी और वकील ही श्रोता होते हैं। जस्टिस पटेल के लिए प्रोटोकॉल को हटा दिया गया।

बॉम्बे उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों की उपस्थिति से न्यायालय कक्ष खचाखच भरा हुआ था। सभी न्यायाधीश विदाई समारोह में शामिल हुए, इसलिए वकील भी अधिक संख्या में उपस्थित थे। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मुरलीधर को उस समय शानदार विदाई मिली, जब उन्हें रातों-रात दिल्ली उच्च न्यायालय से पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया। वकीलों ने मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय से लेकर भूतल तक सीढ़ियां बना कर एक सच्चे और निडर न्यायाधीश को दिखाया कि उनकी सराहना की जाती है और उन्हें हमेशा प्यार से और इससे भी महत्वपूर्ण बात, सम्मान के साथ याद किया जायेगा। लोक सेवकों को उनके सहयोगियों, उनके कर्मचारियों और बड़े पैमाने पर लोगों द्वारा प्यार और सम्मान दिया जाना दुर्लभ वस्तु बनता जा रहा है। इसलिए हमें न्यायमूर्ति गौतम पटेल के जीवन और समय का जश्न मनाना चाहिए।

**गोवावासी इस बात से प्रभावित हुए कि न्यायाधीश ने शक्तिशाली और शक्तिहीन, अमीर और गरीब के बीच कोई अंतर नहीं किया।**

जस्टिस पटेल जनता के सच्चे सेवक थे। मैं उनसे पहली बार तब मिला जब उन्होंने सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट जज सुजाता मनोहर के समारोह (वास्तव में यह एक व्याख्यान था) में मेरा स्वागत किया, जो उनके दिवंगत पिता (जस्टिस देसाई) की स्मृति में हर साल उच्च न्यायालय में आयोजित किया जाता था। गौतम पटेल उस समय बार एसोसिएशन के सचिव थे और उसी हैसियत से उन्होंने मेहमानों के स्वागत का जिम्मा उठाया था। मुझे पता चला कि वह मुंबई के जाने-माने इंजीनियर और बिल्डर शिरीष पटेल का बेटा था, जो मेरे और मेरे शहर के नागरिकों की भलाई के लिए अपनी निरंतर चिंता के लिए मेरी पीढ़ी के नागरिकों द्वारा व्यापक रूप से सम्मान किया जाता था।

संयोग से, पिछले साल ही शिरीष ने मुझसे बीडीडी के पुनर्विकास की उनकी योजना की समीक्षा करने के लिए स्थानीय अधिकारियों को लिखी गयी एक सार्वजनिक अपील का समर्थन करने के लिए कहा था। उन्होंने चालों में रहने वाले निवासियों के लिए अधिक खुली जगहों की अपील की, मुख्य रूप से युवाओं के लिए जो खेल के मैदान चाहते हैं, जो आज एक और दुर्लभ वस्तु है। जब गौतम ने बैंच तक का कदम स्वीकार किया, तो मुझे खुशी हुई। कई सफल वकील वादकारियों को न्याय दिलाने की सार्वजनिक सेवा के बजाय निजी प्रैक्टिस में कमाये गये लाखों रुपयों को प्राथमिकता देते हैं। गौतम पटेल ने सम्मान और उसके साथ जुड़ी जिम्मेदारी स्वीकार की।

बेटी एना जो गरीबों और असहायों को फायदा पहुंचाने वाले अच्छे कामों की कहानियां बड़ी सहजता से चुनती है, उसने गोवा में सुनी एक कहानी सुनायी। गोवा के एक गांव में एक पिछड़े वर्ग की लड़की थी जो अपने समुदाय की एकमात्र सदस्य थी, जो शिक्षित थी। वह गोवा मेडिकल कॉलेज में एक सीट के लिए परीक्षा में शामिल हुई थी, लेकिन मामूली अंतर से मौका चूक गयी थी। 2 महीने बाद वह छात्र, जो सबसे अंत में प्रवेश करने वाला था, को झूठे दस्तावेज जमा करने के कारण वंचित कर दिया गया। सैमेस्टर की शुरुआत और डिबारमेंट के बीच समय बीतने के कारण कॉलेज ने सीट खाली रखने का फैसला किया।

लड़की ने गोवा में उच्च न्यायालय की खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया। न्यायमूर्ति गौतम पटेल सेवानिवृत्त न्यायाधीशों में से एक के स्थान पर गोवा पीठ में ढाई महीने की प्रतिनियुक्ति पर थे। छात्रा पूनम इस बार भाग्यशाली रही। न्यायमूर्ति पटेल ने कॉलेज को लड़की को प्रवेश देने का आदेश दिया, क्योंकि वह मैरिट सूची में अगले नंबर पर थी और वह बर्बाद हुए समय की भरपाई करने और रियायतें नहीं मांगने के लिए तैयार थी। 4 या 5 साल बाद गोवा के वकील, लोटलीकर, जिन्होंने लड़की के मामले की पैरवी की थी, ने मुंबई में गौतम पटेल को फोन करके बताया कि लड़की ने न केवल अंतिम एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण की है, बल्कि वास्तव में सफल उम्मीदवारों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है। गरीबों की मदद करने का जज का लक्ष्य पूरा हो गया।

हालांकि न्यायमूर्ति पटेल ने अगस्त से अक्तूबर 2017 तक केवल ढाई महीने गोवा में बिताये, लेकिन उन्होंने वहां उच्च न्यायालय पीठ पर एक अमिट छाप छोड़ी। वादियों और वकीलों के साथ-साथ कर्मचारियों ने भी उनके बारे में उत्साहपूर्ण शब्दों में बात की।

मैंने गोवा में अपने भाई और चचेरे भाई-बहनों से मिलने के लिए अपनी वार्षिक यात्राओं में से एक के दौरान ये कहानियां सुनी हैं। गोवावासी इस बात से प्रभावित हुए कि न्यायाधीश ने शक्तिशाली और शक्तिहीन, अमीर और गरीब के बीच कोई अंतर नहीं किया। उन्होंने अपने सामने रखे गये हर मामले को समान महत्व दिया। कोई भी मामला बड़ा नहीं था। इसी तरह, कोई भी मामला छोटा नहीं था। न्यायमूर्ति पटेल एकमात्र ऐसे न्यायाधीश थे जिन्होंने स्वतः संज्ञान लेते हुए उस मामले को फिर से बोर्ड में डाल दिया, जिसमें वह पहले ही फैसला सुना चुके थे, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उन्होंने गलती की है।

उन ढाई महीनों में उन्होंने जो सबसे महत्वपूर्ण मामला तय किया, वह 2017 की सरकारी अधिसूचना थी, जिसमें सभी पर्यावरणीय मामलों को एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) पुणे से दिल्ली तक पश्चिम क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया था। यह न केवल वकीलों और वादियों के लिए असुविधाजनक था, बल्कि गोवावासियों को भी, उस बदलाव में, एक चूहे की तरह महसूस हुआ! न्यायमूर्ति पटेल ने मामले को स्वतः संज्ञान लिया और अधिसूचना को रद्द कर दिया। यह अधिसूचना को कमजोर करने वाले उनके आदेश की आखिरी पंक्ति थी जिसने गोवावासियों के दिल को छू लिया। 'सचमुच यह भूमि लड़ने लायक है' वह आखिरी पंक्ति थी। बॉम्बे हाइकोर्ट में अपने विदाई समारोह में उपस्थित न्यायाधीशों और वकीलों को न्यायमूर्ति पटेल का संबोधन हास्य का मिश्रण था, जिसके वकील उनके 11 वर्षों के दौरान बैंच की शोभा बढ़ाने के आदी थे, और इसमें कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और ईमानदारी के बारे में संदेश दिया गया था।

हमारे जैसे विकासशील देश के लिए, जो राष्ट्रों के समूह में उच्च पद पर बैठने की इच्छा रखता है, न्यायपालिका, नौकरशाही और पुलिस में अनुकरणीय लोक सेवकों का होना अनिवार्य है। हमें गौतम पटेल जैसे न्यायाधीशों, तेजिंदर खन्ना (पंजाब) जैसे नौकरशाहों और चमन लाल (मध्य प्रदेश) जैसे पुलिस अधिकारियों का सम्मान करना चाहिए जिनकी सहकर्मियों और कर्मचारियों द्वारा प्रशंसा की जाती है।

**(लेखक : पूर्व डीजीपी पंजाब एवं पूर्व आइपीएस अधिकारी हैं।)**

# मुक्त विश्वविद्यालय और शिक्षा 4.0



**डॉ घनश्याम सिंह**

मुक्त विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्यों को अपने शिक्षार्थियों को शिक्षा प्रदान करते समय शिक्षा 4.0 की मान्यता प्राप्त क्षमताओं और कौशल को अपने शिक्षण और सीखने की प्रक्रियाओं, उनके वितरण तरीकों, उनकी सामग्री और पाठ्यक्रम और उनके व्यावहारिक अभिविन्यास में शामिल करना आना चाहिए। दोहराने के लिए, ये क्षमताएं और कौशल लंबे समय तक चलते हैं। शिक्षा के माध्यम से प्रदान किए गए संज्ञानात्मक कौशल रचनात्मकता, महत्वपूर्ण सोच, डिजिटल कौशल प्रोग्रामिंग, समस्या समाधान और सिस्टम विश्लेषण के पहलुओं को जन्म दे सकते हैं।

शिक्षा के माध्यम से प्रदान किए गए सामाजिक कौशल सहयोग, संचार, बातचीत, सामाजिक-भावनात्मक जागरूकता के पहलुओं को जन्म दे सकते हैं, और शारीरिक कौशल संतुलन, समन्वय, स्थिति संबंधी जागरूकता और ताकत को जन्म दे सकते हैं। दृष्टिकोण और मूल्यों को बड़े पैमाने पर स्व-नियामक और सामाजिक कौशल के रूप में परिभाषित किया गया है। दूसरे शब्दों में, इन्हें अंतर-वैयक्तिक और अतिरिक्त-वैयक्तिक कौशल कहा जाता है। जबकि अंतर-व्यक्तिगत स्व-नियामक कौशल अनुकूलनशीलता, चेतना, जिज्ञासा, धैर्य, विकास मानसिकता और पहल करने की ओर ले जाते हैं, अतिरिक्त-व्यक्तिगत सामाजिक कौशल नागरिक जिम्मेदारी, पर्यावरणीय प्रबंधन, सहानुभूति, दयालुता और वैश्विक नागरिकता की ओर ले जाते हैं। प्रभावी शिक्षण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है जिसमें उचित पाठ्यक्रम, आकर्षक शिक्षाशास्त्र, निरंतर रचनात्मक मूल्यांकन और पर्याप्त छात्र समर्थन शामिल होता है। पाठ्यक्रम दिलचस्प और प्रासंगिक होना चाहिए, और नवीनतम ज्ञान आवश्यकताओं के साथ संरेखित करने और निर्दिष्ट शिक्षण परिणामों को पूरा करने के लिए नियमित रूप से अद्यतन किया जाना चाहिए। छात्रों को पाठ्यचर्या सामग्री को सफलतापूर्वक प्रदान करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षाशास्त्र आवश्यक है; शैक्षणिक अभ्यास छात्रों को प्रदान किए जाने वाले सीखने के अनुभवों को निर्धारित करते हैं, इस प्रकार सीधे सीखने के परिणामों को प्रभावित करते हैं। मूल्यांकन के तरीके वैज्ञानिक होने चाहिए, जो सीखने में लगातार सुधार लाने और ज्ञान के अनुप्रयोग का परीक्षण करने के लिए डिजाइन किए गए हों। अंत में, छात्रों के कल्याण को बढ़ावा देने वाली क्षमताओं का विकास जैसे कि फिटनेस, अच्छा स्वास्थ्य, मनो-सामाजिक कल्याण और मजबूत नैतिक आधार भी उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा- एनइपी 2020 के लिए महत्वपूर्ण हैं।

**(लेखक : झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय, रांची के कुलसचिव हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# परीक्षित महतो ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा


**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खरसावां।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह विधायक प्रतिनिधि परीक्षित महतो ने अपने 400 समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थामा। शुक्रवार को खरसावां विधानसभा क्षेत्र के नेगटासाई के आम बागान में आयोजित सभा में उन्होंने खूंटी के लोकसभा प्रत्याशी सह मंत्री अर्जुन मुंडा के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, खरसावां के पूर्व विधायक मंगल सोय, जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव उपस्थित रहे। श्री महतो राजद के जिला अध्यक्ष के साथ 2009 के लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर से लोजपा के प्रत्याशी भी रह चुके हैं।उन्होंने भाजपा के दामन थामने से क्षेत्र में भाजपा को मजबूती मिलेगी। परीक्षित महतो पिछले 20 सालों से इस क्षेत्र में सक्रिय राजनीति में हैं। वे वर्ष 2001 से 2009 तक राजद के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने 6 साल पूर्व झामुमो का दामन थामा और इस क्षेत्र से विधायक दशरथ गागराई के प्रतिनिधि रहे। उन्होंने भाजपा में जाने की मुख्य वजह इस क्षेत्र की उपेक्षा बताई। उन्होंने कहा 6 साल पूर्व किए गए कोई भी वादे पूरे नहीं किए गए। अर्जुन मुंडा के नेतृत्व पर अपना विश्वास जताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का भविष्य बताया।

# बीजेपी ने झूठ फैलाने का ठेका ले लिया है : कल्पना सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गिरिडीह।** गांडेय से विधानसभा उपचुनाव की झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने कहा है कि 31 जनवरी (जब हेमंत सोरेन को इडी ने गिरफ्तार किया था) के बाद स्थिति काफी बदल गयी। उसके बाद हमारी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता तनाव में थे कि आगे क्या होगा? कार्यकर्ताओं ने मुझसे आगे आने का आग्रह किया। अपने नेता के प्रति उनका प्यार देख कर मैंने सोचा कि जब तक हेमंत जी वापस नहीं आ जाते, तब तक इस कमी को पूरा करना मेरी नैतिक जिम्मेदारी है और मैं राजनीति में आयी। कल्पना ने गिरिडीह में मीडिया से बात करते हुए ये बातें कहीं। कल्पना ने कहा : मैं हेमंत सोरेन से जेल में सप्ताह में एक बार मिलती हूं, लेकिन वह एक मुलाकात मनोबल बढ़ाने और ताकत देने के लिए पर्याप्त है। यह चुनाव एक लड़ाई है। एक प्रतियोगिता है, जिसमें हमें झारखंड को विकास की राह पर आगे ले जाना है। भाजपा कल्पना सोरेन पर सरकार चलाने का आरोप लगा रही है। इस पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बीजेपी ने झूठ फैलाने का ठेका ले लिया है। ये जुमलेबाज सरकार सिर्फ झूठ बोलना जानती है। जब वे 2014 में चुनाव जीते, तो उन्होंने इतने बड़े-बड़े वादे किये, लेकिन वे सब भूल गये और झारखंड के बारे में सोचने की जहमत नहीं उठायी।

**संवैधानिक संस्थाएं भाजपा शासित राज्यों में क्यों नहीं :** कल्पना सोरेन ने कहा कि मैं कहूंगी कि जिस तरह से सभी संवैधानिक संस्थाएं आज चल रही हैं, वे केवल उन राज्यों में ही क्यों काम करती हैं, जो भाजपा शासित नहीं हैं? अगर वे बीजेपी शासित राज्यों में कोई कार्रवाई करते हैं, तो उसे जल्द ही रोक दिया जाता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के मामले में कोई सबूत नहीं है, कोई तथ्य नहीं है, यह पूरी तरह से साजिश का हिस्सा है।

# झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती ने किया नामांकन



## जुमलेबाजी की सरकार है मोदी सरकार : चंपाई सोरेन



**वहीं नामांकन दाखिल करने के बाद सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि देश में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इंडिया गठबंधन मजबूत है और हम पूरी मजबूती से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। देश में किसी की लहर नहीं चल रही है। वहीं पीएम मोदी के चाइबासा दौरे के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनावी माहौल है, कोई कहीं भी आ जा सकता है। हमारे गठबंधन और प्रत्याशी पर कोई फर्क नहीं पड़नेवाला है। भाजपा की सरकार जुमलेबाजी की सरकार है। इस बार महागठबंधन झारखंड की 14 सीटों पर कब्जा जमा रहा है।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट के लिए झामुमो प्रत्याशी समीर महंती ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया है। इसके पूर्व उन्होंने अपने आवास में पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही साकची के बोधि मंदिर मैदान में एक जनसभा का भी आयोजन किया गया था, इसमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक रामदास सोरेन, संजीव सरदार, झामुमो केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य समेत भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## मैं हर तरह की जांच के लिए तैयार हूं: सुप्रियो

इधर झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने समीर महंती की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि देश जुमलों की सरकार से त्रस्त हो चुकी है। प्रधानमंत्री के पास आज कोई मुद्दा नहीं है, जिसे वे जनता के बीच रख सकें। अब वे अपनी चुनावी सभाओं में पाकिस्तान का जिक्र कर रहे हैं। भाजपा महिलाओं की सुरक्षा के मामले में पूरी तरह से विफल साबित रही है। दस साल के कार्यकाल में मोदी सरकार के पास उपलब्धियां गिनाने का कोई मुद्दा नहीं है। यही मोदी सरकार की विफलता है।

जमशेदपुर की जनता इस बार मन बना चुकी है। समीर मोहंती को जीत से कोई रोक नहीं सकता है। उन्होंने बताया कि समीर के नामांकन में काफी संख्या में जुटे गांव से लेकर शहर तक की जनता गवाह है कि जमशेदपुर में बदलाव होने जा रहा है। वहीं इडी के रडार पर आने के सवाल पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बंगाली हूं, किसी से डरने वाला नहीं हूं। मैं हर तरह की जांच के लिए तैयार हूं।

## हाइस्कूल चोरों का चारागाह बना, लगातार हो रही चोरी

**कांडी (आजाद सिपाही)।** पहाड़ी क्षेत्र का एक प्रमुख शिक्षण संस्थान गरदाहा जमा दो हाईस्कूल चोरों का चारागाह बन गया है। यहां लगातार चोरी हो रही है। पिछले दो महीने में हुई कई वारदातों के बाद गुरुवार की रात चोरों ने फिर दसवीं कक्षा के बिजली उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। इस हाल में विद्यालय का सुचारू रूप से संचालन असंभव की सीमा तक कठिन हो गया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूर्यदीप पाल ने कहा कि शुक्रवार की सुबह दसवीं कक्षा का ताला टूटा हुआ पाया गया। इस क्लास में हाल ही में लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर बिजली की वायरिंग कराकर पंखा व बल्ब आदि लगवाया था। सभी वारदातों को लेकर कांडी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। बावजूद इसके आजतक किसी भी मामले का उद्भेदन नहीं किया जा सका। नतीजा है कि चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

# हाइकोर्ट के आदेश के बाद पुराना थाना भवन के कमरे सील

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** थाना परिसर में शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय डब्लू पीसी नंबर 2532/2021 के निर्देशानुसार माननिय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा के विविध आदेश के अनुसार आदेश संख्या 132/2024 दिनांक 03/05/24 के पारित आलोक में कांडी थाना में स्थिति आउट पोस्ट ओ पी को स्थानीय गवाहों के समक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गढ़वा के नाजीर दीपक कुमार के द्वारा एक भवन के दो रूम सील किया गया। ताकि इस परिसर में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश निषेध रहेगा। इस पुरे परिसर की देख रेख की जिम्मेदारी कांडी थाना के प्रभारी गुलशन कुमार गौतम को तत्काल प्रभाव से दिया गया है। विदित हो कि इस मामले के वादी अजय कुमार सिंह द्वारा उच्च न्यायालय में फरियाद याचिका में वर्णित खाता 206 प्लौट संख्या,78, रकबा 05 डी0 का मामला अगले आदेश तक उच्च न्यायालय के विचाराधीन है। मौके पर कांडी अंचलाधिकारी मोहम्मद अफताब आलम, सीआइ, जगरनाथ मांझी, न्यायालय, क्लर्क महेन्द्र राम,थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय,बीस सूत्री अध्यक्ष चन्द्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय, कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद के अलावें अन्य कई लोग मौजूद थे।

# ऐतिहासिक क्षण होगा प्रधानमंत्री का आगमन : अलखनाथ पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह लोक सभा चुनाव के सह संयोजक अलखनाथ पांडेय ने कहा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुभ आगमन पलामू की पावन भूमि मेदनीनगर चियांकी हवाई अड्डा पर दिनांक 4 मई को सुबह 9:00 बजे होने जा रहा है। जिसमें प्रधानमंत्री का संबोधन गढ़वा पलामू के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। क्योंकि प्रधानमंत्री जी जब भी पलामू आते हैं गढ़वा पलामू के लोगों के लिए कुछ न कुछ शौगत जरूर लेकर आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी 2014 और 2019 में जो भी वादा कर के गए वह सारा कार्य धरातल पर है या चल रहा है। जैसे खेत को पानी देने की योजना, बिजली व्यवस्था को ठीक करना, कानून व्यवस्था को ठीक करना सहित अन्य कई योजनाएं गढ़वा पलामू के हित में भारत सरकार के द्वारा चल रहा है। अलखनाथ पांडेय ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री के भाषण को भारी से भारी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सुनें।

## बुजुर्ग और दिव्यांगों ने घर से किया मतदान

**मेराल (आजाद सिपाही)।** निर्वाचन टीम ने शुक्रवार को प्रखंड के बिकताम बुथ संख्या 34 के बुजुर्ग और दिव्याग मतदाता के घर जाकर मतदान कराया गया। इस संबंध में बीपीआरओ वसंत पांडे ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले एवं दिव्यांग जनों का बूथ स्तर पर घर जाकर मतदान करना है। उन्होंने बताया कि 3 मई से 6 मई तक मेराल प्रखंड में मतदान संपन्न होगा। 4 मई को ओखरगड़ा के बूथ संख्या 39 के अंतर्गत आने वाले चार लोगों का मतदान होगा जबकि 5 मई को अरंगी के बूथ संख्या 52, पर एक आदमी का एवं मेराल के बूथ संख्या 62 पर तीन लोगों का मतदान कराया जाना है। 6 मई को तीसरटेटुक बूथ संख्या 103 पर एक व्यक्ति का मतदान होगा।

## दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच स्टोल वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स ग्रुप आफ गढ़वा सहेली के द्वारा गढ़वा मेनरोड में दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच स्टोल बांटा गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जायन्ट्स सहेली गढ़वा के अध्यक्ष रंजना जायसवाल ने और कार्यक्रम का संचालन सहेली के प्रशासनिक निदेशक रीमा स्वरूप ने किया। कार्यक्रम में जायन्ट्स वेलफेयर फेडरेशन 8 के पूर्व उपाध्यक्ष रीता केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व पदाधिकारी सीमा केसरी , गढ़वा सहेली के पूर्व अध्यक्ष माला केसरी, लता गुप्ता, सुनीता केसरी , रितु जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित थी । मजदूर दिवस पर संदेश देते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि मजदूरों का गलत फायदा नहीं उठाना चाहिए, नाही उनका शोषण करना चाहिए। मजदूर को मजदूरी के बाद उचित मजदूरी दे एवं हो सके तो मजदूरों को जलपान भी कराये। यही मानवता है। अच्छे व्यवहार से मजदूर व्यक्ति भी कुशलता से आपके कार्य को पूरा करेंगें। इस अवसर पर उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा की उपाध्यक्ष संध्या केशरी, वित्त निदेशक बीणा केशरी, पल्लवी पुंज, वन्दना सोनी, बिमला केशरी, रीना केशरी, करुणा केशरी आदि सदस्य उपस्थित थीं।

### महत्वपूर्ण खबरें

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में इंजीनियरिंग कॉलेज भवन का उद्घाटन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में नए इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन का उद्घाटन किया गया । उद्घाटन से पूर्व बाबा अवधूत राम के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ०) एम०के ०सिंह उपस्थित रहे, उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि तकनीकी शिक्षा का प्रारंभ इस भवन से हो रहा है और हमें विश्वास है कि आने वाले समय में तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में छात्र-छात्राएं देश में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर लल्लन सिंह ने कहा कि तकनीकी शिक्षा का ज्ञान विद्यार्थियों में होना आवश्यक है तकनिकी शिक्षा देश को नित नई ऊचाइयो पर ले जायेगा। तकनिकी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० पंकज कुमार ने भवन मे संचालित विभिन्न कोर्स के बारे मे बताया तथा कहा कि आने वाले समय मे यह महाविद्यालय गढ़वा जिले मे अपना स्थान के करेगा। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री दिनेश प्रसाद सिंह ने तकनीकी महाविद्यालय के उद्घाटन पर बधाई और शुभकामना दी। अतिथि के रूप में परिसर में स्थित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य में डॉक्टर अरविंद सिंह, डॉक्टर सुनीता गुप्ता, डॉक्टर उमाशंकर मिश्रा, डॉक्टर मनीष दुबे, नीतेश पाठक, एसके ओझा, एनके प्रसाद आदि उपस्थित रहे। सभी ने तकनिकी महाविद्यालय को अपनी शुभकामना दी।

## झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष के प्रयास से ट्रांसफर्मर उपलब्ध



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के ग्राम हुरदाग में ट्रांसफर्मर जल जाने के कारण इस भिषण गर्मी में उत्पन्न समस्या से निजात दिलाने के लिए झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के प्रयास से चौबीस घंटे के अंदर ग्रामीणों को ट्रांसफर्मर उपलब्ध करा दिया गया है। बताते चलें कि झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी की उपस्थिति में ग्राम हुरदाग के ग्रामीणों ने एक बैठक कर ट्रांसफर्मर लगवाने की मांग की थी।

# पदच्युत चालक ने नाजिर पर कई आरोप लगाते हुए की कार्रवाई की मांग

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पदच्युत चालक व ओखरगाड़ा गांव निवासी सत्य प्रकाश ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रांची को लिखित आवेदन देकर मेराल प्रखंड कार्यालय में कार्यरत नजीर सह प्रधान सहायक सुनील कुमार पर अवैध रूप से आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। ईडी को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि समाहरणालय लिपिक संवर्ग में लिपिक के पद पर सुनील कुमार 2004 में योगदान दिया था। तब से 10 वर्षों तक जिला तथा डंडई प्रखंड में नजीर के पद पर कार्यरत रहे, उसके बाद पिछले 13 वर्षों से मेराल में नजीर के साथ संवैधानिक रूप से प्रधान सहायक के पद पर कार्य करते हुए पदाधिकारी की मिली भगत से अकूत संपत्ति अर्जित किया गया है। उनके द्वारा मनरेगा तथा 15 वें वित के रेकड़ पंजी संधारण के साथ-साथ प्रशासनिक मद में फर्जी बील के माध्यम से लाखों रुपए की निकासी कर ली गई है। पदाधिकारी के नजदीकी का फायदा उठाकर वित्तीय वर्ष 2020-21 में कार्यालय सुंदरीकरण के लिए आवंटित 20 लाख रुपए का फर्जी बिल बनाकर निकासी कर ली गई। उपरोक्त आरोप लगाते हुए सत्य प्रकाश ने ईडी से कार्रवाई करने की मांग की है।

**आरोप निराधार है : प्रखंड नाजिर**


आरोप के संबंध में पूछे जाने पर नजीर सह प्रधान सहायक सुनील कुमार ने कहा कि सत्य प्रकाश द्वारा लगाया गया आप निराधार है। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल को किसी मामले को लेकर उपायुक्त महोदय के द्वारा दैनिक मजदूरी पर कार्यरत चालक सत्य प्रकाश को कार्य मुक्त कर दिया गया है। जिसको लेकर उन्होंने मेरे ऊपर अनर्गल आरोप लगाया है, आरोपों की जांच के लिए मैं तैयार हूं।

## लेखापाल के श्राद्ध कार्य में शामिल हुए डीडीसी



**रमना (आजाद सिपाही)।** गढ़वा डीआरडीए कार्यालय में नियुक्त लेखापाल सह बंशीधर नगर निवासी प्रवीण कुमार के श्राद्ध कार्य में डीडीसी पशुपति नाथ मिश्र सामिल होते हुवे मृतक के परिजनों को सांत्वना दी।उन्होंने मृतक पत्नि कंचन गुप्ता से ढांढस बंधाते हुवे कहा की विभाग सभी तरह के सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार है। कहा की घटना से सभी कर्मी शोकाकुल है जिसे भरपाई करना काफी मुश्किल है। मालूम हो की प्रवीण कुमार उम्र 35 वर्ष का हृदय गति से आकस्मिक निधन हो गया था। इस अवसर पर डीआरडीए नजीर कुमार गौरव, रंजित कुमार,रंजित कुमार,प्रमोद कुमार,ज्ञानेश्वर शुक्ला,प्रवीण गुप्ता सहित ओम प्रकाश गुप्ता,कन्हैया गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हो रहे कई पैथोलॉजी सेंटर



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में इन दिनों बगैर रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहा मॉडर्न पैथोलॉजी जांच घर। एक मरीज के भ्रामक जांच रिपोर्ट देखकर सीएचसी अस्पताल में ओपीडी में मरीज देख रहे डॉ दिनेश कुमार पैथोलॉजी संचालक को बुलाकर डिग्री और रजिस्ट्रेशन के विषय में जानकारी प्राप्त की। जिसपर संचालक ने पैथोलॉजी सेंटर का रजिस्ट्रेशन नहीं होने की बात कही। इस पर डॉ दिनेश कुमार ने सेंटर का दो दिनों के भीतर रजिस्ट्रेशन करवा लेने अन्यथा सेंटर को बंद करने की नसीहत दी। थाना क्षेत्र के अरसली दक्षिणी के वनखेता टोला निवासी वीरेंद्र कुमार यादव ने कमजोरी होने पर शुक्रवार को सीएचसी अस्पताल में इलाज कराने के लिए पहुंचे थे, उस वक्त ओपीडी संचालन कर रहे चिकित्सक ने उन्हें जांच लिखा। उस शख्स ने अस्पताल के सामने संचालित मॉडर्न पैथोलॉजी सेंटर में जाकर जांच करवाने के बाद पुनः अस्पताल चिकित्सक से मिलने ओपीडी पहुंचा, जहां पर जांच रिपोर्ट देखकर चिकित्सक डॉ दिनेश कुमार को उक्त जांच रिपोर्ट भ्रामक लगी, जिसपर उन्होंने झल्लाते हुए कहा कि ऐसे भ्रामक जांच रिपोर्ट पर अगर दवा चिकित्सक लिख दे, तो मरीज के साथ जीवन के साथ खिलवाड़ होगा। फिर उन्होंने गार्ड को भेजकर पैथोलॉजी सेंटर के संचालक को बुलाया और डिग्री की जानकारी प्राप्त करते हुए दुकान का रजिस्ट्रेशन के संबंध में पूछताछ की। जिस पर दुकान संचालक ने कहा कि अभी रजिस्ट्रेशन नहीं मिला है, अप्लाई किये हुए हैं। चिकित्सक ने दो दिन अंदर रजिस्ट्रेशन कराने लेने अन्यथा दुकान बंद करने को नसीहत दे डाली। चिकित्सक ने पत्रकारों को बताया कि बगैर रजिस्ट्रेशन के ही कई पैथोलॉजी सेंटर संचालित हो रहें हैं, जो मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहें हैं।

# पलामू से आइएनडीआइए गठबंधन की जीत सुनिश्चित है : राज राजेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** लोकसभा चुनाव में पलामू से इंडिया गठबंधन के जीत सुनिश्चित है साथ ही केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनेगी उक्त बातें पूर्व विधायक सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज राजेंद्र प्रताप देव ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा।श्री देव ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार को जनता ने 10 सालों तक मौका दिया इन 10 सालों में जनता अपेक्षा करती थी कि मोदी सरकार युवाओं , बेरोजगारों , गरीबों , शोषितों , वंचितों ,किसानों के लिए कार्य करेंगे परंतु मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में सिर्फ भारत की जनता को झांसा देने का काम किया है उन्हें ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सभी मोर्चे पर बिफल हुई है। आज देश में महंगाई चरम पर है महंगाई के कारण आम लोग मध्यम वर्ग के परिवार का बजट फेल हो गया है वहीं रोजगार छिना जा रहा है।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश हित में कोई कार्य नहीं कर पाए देश की जनता से उनका कोई लगाव नहीं है जिसके कारण आज पूरे देश में मोदी जी का विरोध है और कांग्रेस का लहर है ।उन्होंने कहा कि पलामू की जनता इस बार यहां से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां को भारी मतों से जीता कर दिल्ली में अपनी आवाज बनाने का निर्णय ले लिया है। श्री देव ने सांसद बी डी राम पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 10 साल से सांसद पूरी तरह फेल साबित हुए हैं जनता से कट के रहना उनकी आदत है श्री देव ने कहा कि वर्तमान सांसद की निष्कर्ता के कारण इस क्षेत्र से चलने वाली वंदे भारत को दूसरे क्षेत्र से चलाया जा रहा है वहीं पलामू से चलने वाले त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस एवं पैसेंजर सहित कई गाड़ियों का परिचालन बंद कर दिया गया है और संसद बड़ी बड़ी बातें किया करते हैं ।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लगाया हुआ एक भी उद्योग पलामू सहित इन क्षेत्रों में दिखला दिया जाए। बिना उद्योग के जनता एवं आम लोगो को रोजगार कैसे मिलेगा। यहां का युवा पलायन क्यों नहीं करें युवाओं के बीच रोजी-रोटी के सवाल खड़ा हो चुका है।

मौके पर मोबिन अंसारी, अब्दुल मलाल, जयप्रकाश पांडेय, साकेत सिंह, कृष्ण मुरारी सिंह, उपेंद्र राम सहित अन्यलोग उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सेविका ने मतदाताओं को किया जागरूक



**केतार (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में मतदान के प्रति जाग रूकता उत्पन्न करने एवं महिला मतदान का प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लक्ष्य की प्राप्ति एवं नव महिला मतदाताओ में मतदान के प्रति जाग रूकता उत्पन्न किये जाने हेतु आंगनबाड़ी सेविका द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इस क्रम में प्रखंड के ताली में आंगनबाड़ी सेविका सोनी देवी,उषा देवी एवं प्रभारी बीपीओ दीपक कुमार के द्वारा मतदाताओं को पर्ची देकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया।प्रभारी बीपीओ ने मतदाताओं को सारा काम छोड़ कर सबसे पहले वोट देने का अपील किया है।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय,कोडरमा
(निर्वाचन कोषांग)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**आदेश**

राज्य नोडल पदाधिकारी, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 81 (NCD) दिनाक 02-04-2024 एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 2648 दिनांक 11-04-2019 से प्राप्त निदेश के आलोक में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादन अधिनियम (कोटपा) 2003 की धारा 4 अन्तर्गत कोडरमा जिलान्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर बीड़ी, सिगरेट, गुटका, सुगंधित तम्बाकू के किसी प्रकार के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है। सभी मतदान केन्द्रों को बीड़ी, सिगरेट, गुटका, सुगंधित तम्बाकू के किसी प्रकार के उपयोग से मुक्त किया जाता है।

सभी मतदान केन्द्रों के पीठासीन पदाधिकारी को मतदान केन्द्रों को बीड़ी, सिगरेट, गुटका, सुगंधित तम्बाकू के किसी प्रकार के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित करने के निमित नोडल पदाधिकारी, नामित किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

ह0/-
- जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, कोडरमा

PR 324376 Election(24-25).D

कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,हजारीबाग
(प्रेक्षक कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 14-हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निम्नवत् सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिनके साथ विवरणी अनुसार सम्पर्क पदाधिकारी को संबद्ध किया गया है।

| Sl. | Name of Observer | Name of Constituancy | Name of Room | Name of Lision Officer |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Mr.Chandramauli Shukla (IAS) **General Observer** **Mob. No.-8987796320** | 21-Barhi 22-Barkagaon 23- Ramgarh 24-Mandu 25-Hazaribag. | New Circuit House **(Barakar)** | Sri Sachin Agrawal, Asst. Engneer, Building Division, Hzb. Mob. No.-**9348952485** |
| 02 | Mr. Nelli Kumar Subramanyam (IPS) **Police Observer** **Mob. No.-8987796321** | | New Circuit House **(Sewane)** | Sri Praveen Ranjan, District Education Officer, Hzb. **Mob. No.-6201918968** |

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं सभी राजनैतिक दल संबंधित विधानसभावार प्रतिनियुक्त सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक से अपनी शिकायतों एवं समस्या के निराकरण हेतु मिलकर अथवा उपरोक्त अंकित मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है। (सामान्य प्रेक्षक से मिलने का 05:00 **PM** से 06:00 **PM** तक, स्थान- पुराने परिसदन)

निदेशानुसार
नोडल पदाधिकारी,
प्रेक्षक कोषांग-सह-नजारत उपसमाहर्ता, हजारीबाग

PR 324342 Election(24-25).D

# महागठबंधन प्रत्याशी को जीताने का झामुमो कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर शुक्रवार को झामुमो के बूथ एवं पंचायत प्रभारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में रंका एवं मेराल के बूथ प्रभारियों एवं पंचायत प्रभारियों को लोकसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को प्रत्येक बूथ से अधिक से अधिक वोट दिलाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पार्टी के सभी पदाधिकारियों, प्रभारियों एवं कार्यकताओं ने पलामू लोकसभा सीट से महागठबंधन प्रत्याशी को जीताने का संकल्प लिया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि भाजपा का समय अब समाप्त हो चुका है। जनता भाजपा के शासन से उब चुकी है। इस बार केंद्र में भाजपा का सरकार बनना मुश्किल कार्य है। जनता को ठगकर झूठ एवं फरेब के बल पर अधिक दिनां तक शासन नहीं किया जा सकता है। भाजपा की कथनी और करनी में काफी अंतर है।

# ममता भुइयां को जिताने के लिए बूथ कमेटी की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन (राजद) के प्रत्याशी ममता भुईयां को जिताने के लिए रंका प्रखंड के मानपुर पंचायत के बुथ संख्या 387 एवं पुरेगाड़ा बुथ संख्या 391 में बुथ कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमे कमेटी के सभी कार्यकताओं को समर्पित भावना से लग जाने का आह्वान किया गया है। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 04 मई, 2024
www.azadsipahi.in



# मनीष जायसवाल के प्रचार में उतरी पत्नी, बहन और देवरानी

**पत्नी निशा जायसवाल, बहन लूना जायसवाल और देवरानी ट्विंकल जायसवाल ने विष्णुगढ़ प्रखंड के कई इलाकों का किया भ्रमण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में चुनाव प्रचार में उनकी धर्मपत्नी निशा जायसवाल बहन लूना जायसवाल और देवरानी ट्विंकल जायसवाल ने विष्णुगढ़ प्रखंड के कई इलाकों का भ्रमण कर नुक्कड़ नाटक के जरिये मतदाताओं तक पहुंच बनाई और मतदाताओं को भाजपा के प्रति जागरुक करते हुए कमल फूल के निशान पर ही मतदान करने का अपील किया। निशा जायसवाल के साथ बड़ी संख्या में चल रही महिलाएं अनोखे तरीके से मतदाताओं को जागरूक भी कर रही हैं ताकि मतदान का प्रतिशत भी बढ़ाया जा सके। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों संग निशा जायसवाल ने विष्णुगढ़ स्थित अखाड़ा चौक, कसेरा मुहल्ला, बनासो चौक, कुसुम्भा और भूताही मुरगाओ में नुक्कड़ नाटक कराया और आसपास के मतादाताओं से संपर्क साधा। उनके साथ विशेषरूप से भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणुका साहू, भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री सत्यभामा जिला मंत्री मनोरमा राणा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रानी शुक्ला, कंचन शर्मा, इंदु देवी और विष्णुगढ़ पश्चिम की मंडल अध्यक्ष अंजू देवी सहित निशा जायसवाल की सहेली रूपा सिंह, रीना गुप्ता, मीता अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, दिप्ती अग्रवाल, मेघा अग्रवाल मौके पर भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, राजेन्द्र कुमार दुबे, भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री सत्यभामा, जिला मंत्री मनोरमा राणा, रानी शुक्ला, कंचन शर्मा, इंदु देवी, गायत्री देवी, राजेश सोनी, जीवन सोनी, नीतीश कुमार बरनवाल, कन्हाई यादव, सुनील कुमार अकेला, राजू श्रीवास्तव, अरविंद कुमार लाहकार, प्रकाश सिंह, सुधीर कुमार कसेरा, बिरजू कसेरा, विजय कसेरा, सुधीर कसेरा, सुनील कसेरा, भोला कसेरा, सुरेश कुमार दास, टेकलाल राम, अमूल्य चंद्र पांडेय, विनोद गुप्ता, राजू यादव, संतोष पासवान, अशोक मंडल, सुखदेव मंडल आदि उपस्थित थे।

## जेपी पटेल का जनसंपर्क पंचायत का किया दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को उन्होंने कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत दर्जनों पंचायत का दौरा किया। इस दौरान जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका फूल माला पहना कर स्वागत किया। जनसभा का आयोजन और डोर टू डोर कैंपेन चला उन्होंने लोगों के बीच कांग्रेस के न्यायपत्र के बारे में बताया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के साथ छल किया है। झूठे वादे कर जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने देश की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जवान, किसान, युवा, महिला सभी आज परेशान है। जवान अग्निवीर योजना से, किसान एमएसपी नीति से, युवा बेरोजगारी से और महिला सुरक्षा कारणों से। भारत का हर वर्ग इस सरकार से परेशान है। उन्होंने कांग्रेस के मैनिफेस्टो के बारे में लोगों को बताते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार आते ही सबसे पहले इम समस्याओं का समाधान कर देश के साथ न्याय किया जायेगा। महिला आरक्षण, पहली नौकरी पक्की, अग्निवीर योजना की समाप्ति और एमएसपी की गारंटी सुनिश्चित किया जायेगा। जनसंपर्क के दौरान प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, राजद जिला अध्यक्ष चरका यादव, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, पूर्व मुखिया उदय साव, कोमल कुमारी, सुखदेव प्रसाद, बालेश्वर महतो, रंजीत यादव, विक्की धान, उपेवन्द्र यादव, जयकुमार महतो, नीरज यादव, मो अजहर आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने लिया वोट बहिष्कार का निर्णय



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के डूमर पंचायत अंतर्गत बेडम गांव की जनता ने आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव में वोट का बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने बैठक कर निर्णय लिया और कहा की पहले उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेडम में बूथ संख्या 366 और 367 था, जिसमे लगभग पंद्रह सौ वोटर है। वहां से बूथ को हटाकर पांच किलोमीटर दूर बगल के मध्य विद्यालय कोल्हु में कर दिया गया है। इस चिलचिलाती धूप में पांच किलोमीटर चलकर वोट देना असंभव है। पहले की भांति बेडम में ही बूथ 366 और 367 नहीं किया जाता तब तक चुनाव में बेडम की जनता वोट का बहिष्कार करेंगे। बैठक में रोहित प्रसाद, धनेश्वर मंडल, बबलू प्रसाद सिंह, संदीप गंझू, भोला शर्मा, टहल महतो, बिरेंद्र गंझु, प्रभु मंडल, युगलकिशोर प्रसाद, केदार गंझू, गुलाबी देवी, भिखनी देवी, सरोज देवी, कांति देवी, अरुणा देवी, कुंती देवी, विजय गंझु, मो दीपा, झलवा देवी, चिंता देवी, सावित्री देवी, महावीर महतो, सुनीता देवी, नुनूचंद ठाकुर सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## आग लगने से मचान जल कर राख

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव अंचल क्षेत्र के ग्राम पंडरिया में नारायण महतो के मचान में आग लगने से पुआल और आवश्यक सामग्रियां जलकर राख हो गया। यह घटना गुरुवार के 11:00 रात की हैं। गांव वालों के मदद से आग बुझाया गया। नारायण महतो ने बताया कि एक महीना पहले भी किसी ने मचान में आग जलाने का प्रयास किया था। लेकिन उस समय पंडरिया गांव में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध था, इस लिए हम लोगों ने पानी से आग बुझाया था। गांव में इन दिनों पानी की किल्लत है। इसलिए मचान में रखे पुआल को नहीं बचा पाये। हालांकि अगल-बगल गांव के लोगों ने ही अपने-अपने घरों से पानी पानी लाकर आग पर काबू पाया गया। आग लगने के बाद अग्निशमन के लिए 112 नंबर, त्रिवेणी सैनिक लिमिटेड, एनटीपीसी में सूचना दिया। लेकिन किसी ने अग्नि शमन वाहन नहीं भेजा मचान के अंदर रखे हुए आवश्यक सामग्री भी जलकर राख हो गया। गांव वालों की मदद से जानवरों को बचा पाया। इस सूचना बड़कागांव थाने को दिये जाने पर पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल की। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ने अंचल से मुआवजा की मांग की है।

## आइसेक्ट विवि में फैशन शो का आयोजन




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शो के दौरान विभिन्न संस्कृति और पोशाक की झलक देखने को मिली। विश्वविद्यालय के फैशन शो में अलग-अलग परिधानों को पहनकर जब प्रतिभागियों ने रैंप पर वॉक किया तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। शो के दौरान जज के रूप में डॉ रोजीकांत, डॉ विनिता कुमारी और डॉ अरविंद कुमार मौजूद रहे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है। यहां के अलग-अलग भाषा, वेशभूषा और संस्कृति भारत को खास बनाती है, वहीं अनेकता में एकता के देश भारत की विभिन्न संस्कृतियां, इसकी पहचान है। उन्होंने कहा कि फैशन शो प्रतियोगिता से जहां विद्यार्थी विभिन्न संस्कृतियों से रूबरू होते हैं, वहीं विभिन्न क्षेत्रों या राज्यों के वेशभूषा को भी समझने का मौका मिलता है। बता दें कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर बीते 26 अप्रैल से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 16 मई को स्थापना दिवस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। फैशन शो में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में प्रणीत कुमार राणा, शिवम कुमार, ओम सिंह, कुंदन कुमार, विशाल, वासू कुमारी, रौशनी, तन्नू श्री, रविंद्र कुमार, सोनी कुमारी, मिकी राज, हेरा फातिमा, रौशनी सिंह, जेपी सिंह, किशोर कुमार, राज सौरभ, विवेक कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों के नाम शामिल हैं। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक समिति प्रमुख डॉ प्रीति कुमारी, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, रितेश कुमार, सीमा कुमारी, सबीता कुमारी, एकता कुमारी, रविकांत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## झामुमो कार्यकर्ता विनोद सिंह और जेपी पटेल के लिए घर-घर घूम कर मांगेंगे वोट



**इचाक (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमिटी की बैठक झामुमो प्रखंड कार्यालय में हुई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता और संचालन प्रविल प्रसाद मेहता ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कोडरमा लोकसभा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह और हजारीबाग लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का प्रचार प्रसार करेंगे। साथ ही घर-घर जाकर वोट मांगेंगे। वरिष्ठ नेता रामचंद्र मेहता ने कहा की झारखंड सरकार गरीबों की सरकार है। गरीबों के लिए अनेक तरह की योजनायें चलाई जा रही है। गंगेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की जिन गरीबों का राशन कार्ड नहीं है उन गरीबों के लिए झारखंड सरकार ग्रीन कार्ड बनाकर सभी को राशन उपलब्ध करा रही है। इंद्रदेव मेहता ने कहा की सभी वृद्धा, विधवा, दिव्यांग को पेंशन देने का काम किया है। दिगंबर कुमार मेहता ने कहा झारखंड सरकार एससी-एसटी महिला पुरुष दोनों को 50 साल होने पर वृद्धा पेशन देने का काम कर रही है और ओबीसी महिलाओं को 50 साल होने पर वृद्धा पेंशन दे रही है। सभी गरीबों को झारखंड सरकार जरूरत मंद गरीबों को अबुआ आवास दिया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता रामचंद्र मेहता, इंद्रदेव मेहता, गंगेश्वर मेहता, दिनेश्वर प्रसाद मेहता, संतोष कुमार मेहता, सुरेश टुडू, सुनील मेहता, श्रवन कुमार आदि उपस्थित थे।

## कुंदन कुमार ने गोल्ड मेडल जीता

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पिपराडीह गांव निवासी संजय ठाकुर के पुत्र कुंदन कुमार ने रांची खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर बड़कागांव का नाम रोशन किया है। कुंदन गोवा में 2 से 7 जुलाई तक आयोजित नेशनल गेम में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड से पांच चयनित सीनियर खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कुंदन ने कहा कि मैं नेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर राज्य का नाम रोशन करना चाहता हूं एवं आने वाले समय में ओलंपिक में भारत का नेतृत्व करने की ख्वाहिश है।वहीं बड़कागांव के खेल प्रेमियों ने कुंदन की सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। जिसमें मुख्य रूप से बड़कागांव के पूर्व खिलाड़ी शशि कुमार बागे, दीपक प्रजापति उर्फ दीपू, फिरोज खान, दीपक गुप्ता, सुरेंद्र राम तूरी, के अलावा अन्य खेल प्रेमी शामिल है।

## महुदी मार्ग विवाद का केस वापस करने को लेकर डीसी को ज्ञापन

**केस वापस नहीं होने पर होगा आंदोलन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव के ग्रामीणों ने पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने कांड़तरी पंचायत के ग्राम महुदी में विवादित मार्ग में रामनवमी जुलूस पुनः निकालने और जुलूस में हुए विवाद को लेकर बड़कागांव थाना में दर्ज कांड संख्या 105/ 24 और 106 / 24 में नामजद लोगों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने और केस वापस लेने के संबंध में हजारीबाग के डीसी नैंसी सहाय को आवेदन देकर मांग किया गया है। इसकी प्रतिलिपि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह सचिव, झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, गृह सचिव झारखंड, महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक झारखंड, पुलिस महानिदेशक बोकारो प्रक्षेत्र झारखंड आयुक्त उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पुलिस, उप महानिदेशक हजारीबाग, पुलिस अधीक्षक हजारीबाग, अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव, अंचला अधिकारी बड़कागांव, प्रखंड विकास अधिकारी बड़कागांव को दिया गया है। ज्ञापन देने के दौरान पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, बुढ़वा महादेव विकास सह शांति समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता, राजकुमार राणा, सीताराम राणा, रविकांत महतो रविकांत महतो, अजय सिंह, शामिल थे।

## जनता मुझे आशीर्वाद देती है तो कोडरमा लोक सभा का चहुंमुखी विकास करूंगा: सुरेंद्र कुमार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सुरेंद्र कुमार ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में कोडरमा लोक सभा से अपना नामांकन दाखिल किया है। इस दौरान सुरेंद्र कुमार ने कहा की कोडरमा लोक सभा में नेता नहीं एक बेटा विकास के लिए आया है। मैं यहां की जनता और मुख्य रूप से विद्यार्थियों और शिक्षको के मांग पर आया हूं। क्योंकि जनता बदलाव चाहती जो एक शिक्षक से विकास संभव है। जनता मुझे आशीर्वाद देती है तो कोडरमा लोकसभा का चहुंमुखी विकास करूंगा।

## आपसी मारपीट को लेकर दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतगावां।** शुक्रवार को पुलिस ने आपसी जमीनी विवाद मारपीट के मामले को लेकर दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दो दिन पूर्व गुरुवार को ग्राम डुमरी में जमीनी विवाद को मारपीट मामले को लेकर दोनों ओर से थाने में आवेदन दिया गया था। कांड संख्या 33/24 और 34/24 के प्राथमिकी अभियुक्त मनोज प्रसाद यादव उम्र 45 वर्ष पिता हरि राउत, रोहित कुमार उम्र 19 वर्ष पिता अशोक प्रसाद यादव दोनों ग्राम डुमरी निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले को लेकर कई अन्य अभियुक्त फरार चल रहे हैं जिसे पुलिस खोजबीन कर गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

## भीषण गर्मी से घट रहा है जलस्तर, लोग परेशान



आजाद सिपाही संवाददाता

**सतगावां।** प्रखंड में पड़ रही भीषण गर्मी 40 के पार पारा के कारण लोगों को जल के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। गर्मी के कारण नदी और चापाकलो का जलस्तर नीचे चला गया है। जिससे कई गांव मोहल्ले में पानी की किल्लत हो गयी है। इसी को देखते हुए पेयजल और स्वच्छता विभाग के कर्मी नल कूप मिस्त्री शंकर कुमार और राहुल कुमार के द्वारा विभिन्न गांवों में जाकर नलकूप मरम्मति लगातार किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को जल संकट से निजात मिल रहा है। भीषण गर्मी में ग्रामीण नलकूप मिस्त्रियों की सराहना कर रहे हैं।

## असंतुष्ट भाजपा कार्यकर्ताओं ने की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** भाजपा के असंतुष्ट कार्यकर्ताओं ने विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल महामंत्री सुनील कुमार की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने लोकसभा चुनाव में नामांकन और अन्य कार्यक्रम में उपेक्षित किये जाने पर एक कमिटी का गठन किया, जो लोकसभा चुनाव के निमित चुनाव प्रभारी और जिलाध्यक्ष से मिलकर अपनी बातों को रखेगा और विचार विमर्श करेगा। इसके साथ ही यह भी कहा गया कि हमारी बातो को नजरअंदाज किया गया तो तीन दिन के बाद हम सभी वरिष्ठ और पुराने कार्यकर्ता स्वतंत्र रहेंगे। मौके पर मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, शम्भूनाथ पांडेय, शंकर वर्मन, अशोक कुमार, प्रभु विश्वकर्मा, युगल प्रसाद, गौतम भारती, लखन प्रसाद, मो नासिर, संतोष पासवान, कारू प्रजापति, विजय सिंह, अशोक राम, रंजीत यादव, सुरेश रजवार, रंजीत सोनी, प्रदीप पासवान, राम प्रसाद, रोहित वर्मन, आशिक अंसारी, मनोज पासवान, बिगू मिश्रा, तालेश्वर यादव, कृष्णा प्रसाद, बिनोद गुप्ता, कमरुल अंसारी, हरेंद्र महतो, सुनिल मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद, जागेश्वर महतो, टेकलाल यादव, अरुण ठाकुर, अब्दुल जब्बार, अरुण रजक, राजेंद्र पांडेय, बालगोविंद प्रसाद, अनूप कुमार, रीना वर्मन समेत अन्य शामिल थे।

## बैलगाड़ी से पहुंचे उम्मीदवार, किया नामांकन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** निर्दलीय उम्मीदवार अभिषेक कुमार शुक्रवार को हजारीबाग लोक सभा से अपना नामांकन करने बैल गाड़ी से समाहरणालय पहुंचे। वहां उपायुक्त नैंसी सहाय के समक्ष अपना नामांकन किया। नामांकन के बाद कहा की मैं हजारीबाग के आम आदमी की आवाज बनूंगा, मैं किसान का बेटा हूं। मेरे चुनाव में आने का मुख्य उद्देश्य आम लोगों के लिए काम करना है। जनता अगर मुझे जीत दिलाती है तो निश्चित रूप से बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लोकसभा क्षेत्र से दूर करूंगा।

## चंद्रवंशी विकास मंच की बैठक 5 को

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा की मासिक बैठक 5 मई रविवार को संध्या 7 बजे से महावीर मोहल्ला निवासी दिवाकर राम के निवास पर होना तय है। उक्त जानकारी मंच के अध्यक्ष दीपक कुमार नवीन और सचिव महेश भारती ने संयुक्त रूप से देते हुए कहा कि बैठक में समाज की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक के साथ शैक्षणिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा होगी जिसमें मुख्य रूप से मैट्रिक, इंटर परीक्षा 2024 के सफल छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए कैरियर काउंसिलिंग के लिए योजना बनाई जायेगी। बैठक चंद्रवंशी विकास मंच के संरक्षक सदस्यों के मार्ग दर्शन में होगी जिसमें जिले के सभी कमिटी सदस्य मुख्य रूप से भाग लेंगे।

### राम पर रार: कांग्रेस-भाजपा दोनों करती है दावा

## किसके हैं भगवान श्री राम





आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के बीच राजनीति बयानबाजी भी तेज होती जा रही है। अब राजनीति दल के नेता और प्रत्याशी विकास का मुद्दा छोड़ भगवान राम पर आ गये हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम किसके हैं इसे लेकर दो राष्ट्रीय पार्टी दावा पर दावा कर रहे हैं। हजारीबाग में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि राम कांग्रेस के हैं, तो भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल का कहना है कि जो राम का सम्मान नहीं करता उसके बारे में कहना ही क्या। बदलते समय के अनुसार भगवान श्रीराम का प्रारूप भी बदलता चला गया। भगवान राम शालीनता, कमल नयन, मर्यादा के लिए जाने जाते है। अब आलम यह है कि भगवान राम को लेकर युद्ध छिड़ गया है कि आखिर वो किसके हैं। कुछ ऐसी ही माजरा हजारीबाग में भी दिखा है, जब कांग्रेस से बडकागांव विधायक अंबा प्रसाद ने यह कह दिया कि भगवान राम कांग्रेस के हैं। उनका यह भी कहना है कि कांग्रेस युवाओं को बिगाड़ती नहीं है बल्कि भगवान श्रीराम के मर्यादा को मानती है। उन्होने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग हैं जो भगवान श्रीराम को बदनाम कर रहे हैं और चुनाव के समय उनका नाम का सहारा लेते हैं। हजारीबाग में विकास के मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए लेकिन यहां श्रीराम का नाम का सहारा लिया जा रहा है। वहीं इस पूरे बयानबाजी पर हजारीबाग से भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि किसी के भी टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देना नहीं चाहते हैं। राम मंदिर बना तो इंडिया गठबंधन के सदस्यों को निमंत्रण भी दिया गया था। आज तक इंडिया गठबंधन का कोई भी सदस्य राम मंदिर नहीं पहुंचे हैं। यह चुनाव है जहां भगवान को भी मुद्दा बनाने से परहेज नहीं किया जा रहा है।

## कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ की हुई बैठक

**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ के अध्यक्षों की बैठक कांग्रेस कार्यालय हजारीबाग में हुई। अध्यक्षता अल्पसंख्यक अध्यक्ष साजिद अली खान ने किया जबकि संचालन ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी मोर्चा जिला अध्यक्ष अपने-अपने प्रखंड अध्यक्षों के माध्यम से कांग्रेस पार्टी की गारंटी कार्ड को जन जन तक पहुंचायें। ओबीसी प्रदेश कोडिंटर सुरजीत नागवाला ने कहा कि मंच मोर्चा के सभी जिला अध्यक्ष आपसी समन्वय बनाकर जिला स्तर पर विभिन्न प्रखंडो का दौरा कर के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल के लिए वोट मंगाने का काम करें। बैठक में उपस्थित सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्षों ने कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी का निर्णय काफी सराहनीय है। वर्षों बाद एक बेहतर प्रत्याशी के रूप में जेपी भाई पटेल को कांग्रेस पार्टी ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए उम्मीदवार बनाया है।

## अतुल कुमार अंजान के निधन पर जताया शोक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव, और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मंडल के सदस्य और प्रखर वक्ता कांग्रेस अतुल कुमार अंजान का 3 मई की सुबह लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह काफी समय से कैंसर से पीड़ित थे और उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने व्यक्तिगत रूप से और भाकपा जिला परिषद कोडरमा के महा परिवार की ओर से नमन करते हुए कामरेड अतुल कुमार अंजान को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, पुरुषोत्तम यादव, महेश प्रसाद सिंह, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, प्रदीप रजक अखिल भारतीय नौजवान संघ के अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला सचिव कयूम उद्दीन, अंचल मंत्री धनंजय यादव, ब्रह्मदेव राणा, रामकृष्ण शर्मा, सिकंदर कुमार, हीरामन रजक, कैलाश रजक, राजेंद्र प्रसाद यादव, सोनिया देवी, बलवा देवी, बसमतिया देवी, ब्रह्मदेव दास, कामेश्वर पंडित, काली सिंह शामिल हैं।

# मतदाताओं के बीच मार्गदर्शिका वितरित



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत आज शुक्रवार को स्वीप गतिविधि के अंतर्गत पलाश (जेएसएलपीएस) द्वारा कुडू , किस्को एवं पेशरार प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप बैनर के तले सखी मंडल की दीदियों के द्वारा बैठक का आयोजन कर मतदाता शपथ लिया गया तथा सबको 13 मई को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। बताया गया कि इस बार मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होना है। इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अतिरिक्त समय मिल रहा है। इसलिए चुके नहीं, मतदान अवश्य करें।

# गठबंधन की सरकार ही राज्य और देश में खुशहाली ला सकती है : डॉ रामेश्वर उरांव

**प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर होटल रेड रॉक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ,विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव मुख्य रूप से शामिल हुए। चुनाव को लेकर प्रदेश प्रभारी ने जिला कमेटी के तमाम पदाधिकारी प्रखंड अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यकताओं को विशेष निर्देश दिए और कहा यह लड़ाई न्याय की लड़ाई है भाजपा सरकार देश को तोड़कर खोखली करने का काम कर रही है। लोकतंत्र की गरिमा को मिटाने का काम कर रही है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कमर कस लें और चुनाव में अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मेहनत करें और राहुल गांधी जी की न्याय की गारंटी कुछ जन-जन तक पहुंचाएं।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण चुनाव है और जनता की आवाज है की निश्चित रूप से तानाशाही सरकार बदलने वाली है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता सिपाही हैं। सभी के सहयोग और मेहनत के द्वारा हम लोग लोहरदगा सीट जीतने का काम करेंगे।

मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि गठबंधन सरकार ने अपने कार्यों के द्वारा जनता को भरोसा दिलाया है कि गठबंधन की सरकार ही राज्य और देश में खुशहाली ला सकती है। वर्तमान राज्य के गठबंधन सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सभी वर्गों का विकास सुनिश्चित किया है। जनता को यह विश्वास है की गठबंधन की सरकार उनके सारे जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करेगी। राहुल गांधी के पांच न्याय, पच्चीस गारंटी को सभी कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचायें। इस मौके पर समन्वयक प्रदीप तुलस्यान, जिला प्रभारी आशिक अंसारी, जिला सह प्रभारी बेलस तिर्की, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शहदेव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, मुस्ताक अहमद, आदि उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन का चुनावी कार्यालय खुला



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी सुखदेव भगत का चुनावी कार्यालय वरिष्ठ कांग्रेसियों राम टाना भगत, लाल सत्यदेव नाथ शाहदेव, रोजउद्दीन अंसारी, लक्ष्मण टाना भगत द्वारा राजू महतो के आवास पर संयुक्त रूप से फीता काट कर कार्यालय का उद्घाटन किया गया। वही कार्यालय उद्घाटन से पूर्व शिवाजी मैरिज हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। जिसे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस के लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत ने विपक्ष पर निशान साधते हुए कहा की केंद्र की भाजपा सरकार को जनता मुंहतोड़ जबाब देगी और इस बार केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी। चमरा लिंडा निर्दलीय चुनाव लडकर गठबंधन धर्म का पालन नही किया वे वोटकटवा हैं, परंतु इस बार लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से जनता कांग्रेस को जिताने का मन बना चुकी है। मौके पर बिशुनपुर विधानसभा प्रभारी जगदीप भगत, नंदकिशोर शुक्ला, जयनाथ साहु, सगीर अंसारी, नूरी खातून, बसंती उरांव, सफीक अंसारी सहित कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोहरदगा के छात्रों ने रेडियो स्टेशन का भ्रमण किया




**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय के कम्युनिटी रेडियो स्टेशन, रेडियो खांची 90 .4 एफएम के स्टूडियो में शुक्रवार को अविराम कॉलेज ऑल एजुकेशन लोहरदगा में बीएड की पढ़ाई कर रहे 11 छात्र-छात्राओं ने रेडियो स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण किया और साथ ही रेडियो में चल रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जाना। उनके सवालों के जवाब रेडियो खांची की आरजे वैभवी ने दी। छात्रों ने रेडियो में अपनी रूचि जताते हुए आरजे बनने के लिए किन खास बातों पर ध्यान रखना चाहिए इस बारे में जानकारी ली। छात्रों के साथ उनके शिक्षक भी मौजूद रहे। इस दौरान रेडियो खांची में रेडियो खांची के डायरेक्टर डॉ बीपी सिन्हा, प्रोडक्सन हेड प्रदीप कुमार मिश्रा, शानू प्रतिक टोप्नो और रंजन मौजूद रहे।

# प्रशासन की मनाही के बाद भी नाबालिग की हुई शादी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत केड़ पंचायत के मतनाग में पिछले दिनों हुए एक बाल विवाह मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पंचायत की एक नाबालिग लड़की का विवाह पुलिस, जिला प्रशासन व स्वयंसेवी संस्थाओं को गुमराह करते हुए धोखे से करा दिया गया। इस मामले में बीडीओ बरवाडीह रेशमा रेखा मिंज के आदेश पर केड़ पंचायत के पंचायत सेवक सह बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी के आवेदन पर छिपादोहर थाने में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसमे लड़की एवं लड़के के माता-पिता, चाचा समेत शामिल सभी बारातियों और रिश्तेदारों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

**क्या है मामला :** दरअसल चाइल्ड हेल्पलाइन न0 1098 पर बाल विवाह होने की सूचना मिलने के बाद जिला बाल संरक्षण इकाई लातेहार, बाल कल्याण समिति लातेहार, चाइल्डलाइन लातेहार, बचपन बचाओ आंदोलन एवं स्वयंसेवी संगठन वैदिक सोसाइटी की टीम सक्रिय हुई। तुरंत इसकी सूचना बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी सह बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं छिपादोहर थाना प्रभारी को दी गयी। विवाह 25 अप्रैल 2023 को होना था। इसके पूर्व बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी सह बरवाडीह बीडीओ रश्मि रेखा मिंज के नेतृत्व में छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह के साथ बचपन बचाओ आंदोलन के जिला समन्वयक रविशंकर, चाइल्डलाइन समन्वयक जयमंगल पासवान, वैदिक सोसाइटी समंवयक प्रेम प्रकाश और केड़ पंचायत के मुखिया अनीता देवी के साथ टीम बनाकर लड़की के घर पहुंचकर परिजनों को शादी नहीं कराने को लेकर समझाया गया। लेकिन समझाने के बाद भी दोनों पक्षों के परिजनों ने टीम को गुमराह करते हुए चोरी चुपके मेदिनीनगर स्थित रेडमा ठाकुरबारी मंदिर में बाल विवाह को संपन्न करा दिया।

**परिजनों ने उम्र छिपाने का किया प्रयास:** इस मामले में नाबालिक लड़की का परिजनों ने लड़की का उम्र छिपाने का भी भरपुर प्रयास किया। उपलब्ध कराए गये उम्र संबंधित दस्तावेज में छेड़छाड़ कर प्रस्तुत किया गया। लेकिन बाद में बाल कल्याण समिति के हस्तक्षेप से बालिका के विद्यालय से उम्र का सत्यापन कराया गया, जहां बालिका की उम्र विवाह के लिए निर्धारित कानूनी उम्र 18 वर्ष से कम पाया गया। जिसके बाद बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की गयी।

**गुमराह कर एक दिन पहले ही बाल विवाह कराया:** नाबालिक की शादी 25 अप्रैल को होनी थी। लेकिन परिजनों ने जांच टीम को गुमराह करते हुए निर्धारित तिथि से एक दिन पहले ही नाबालिक का बाल विवाह डाल्टनगंज के रेडमा ठाकुरबाड़ी मंदिर में जाकर देर शाम संपन्न करा दी और लड़की को उसके ससुराल भेज दिया।

# चोरी के मामले में पुलिस ने पत्रकार को भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनिका/ लातेहार।** मनिका पुलिस के द्वारा वाहन के चक्का चोरी करने के मामले में मनिका थाना क्षेत्र के दैनिक अखबार के तथाकथित पत्रकार अशोक यादव पिता रामवृक्ष यादव घर भदईबथान को पकड़ कर जेल भेज दिया गया है। आपको बताते चलें कि मनिका ब्लॉक कैंपस के पास मनिका थाना के मालखाना से पुलिस के द्वारा जब्त किया हुआ वाहन से चक्का एवं अन्य सामग्री चोरी करने के मामले में दैनिक अखबार के तथाकथित पत्रकार अशोक यादव को मनिका पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि लोकसभा चुनाव को लेकर पत्रकार अशोक यादव को माल खाना की साफ सफाई करवाने का काम सौंपा गया था। जिसका फायदा उठाकर पत्रकारिता के आड़ में अशोक यादव वाहनों के चक्का समेत अन्य सामग्री चोरी करवा रहा था। जिसकी जानकारी मालखाना में कार्यरत मनिका थाना के पुलिसकर्मी के द्वारा थाना प्रभारी मनिका जयप्रकाश शर्मा को दी गयी जिसके बाद थाना प्रभारी जब मलखाना पहुंचे तो वहां पर ट्रक का चक्का चोरी हो गया था। जब थाना प्रभारी के द्वारा मालखाना में साफ सफाई का काम कर रहे मजदूरों से जब पूछा गया तो मजदूरों ने बताया कि अशोक यादव के द्वारा कंटेनर की चक्का का चोरी करवाई गई है जिसके बाद मनिका पुलिस ने छापामारी कर अशोक यादव को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया।

## 07 मई को हैशटैग 'मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर' कैंपेन चलेगा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के निदेश पर आगामी 7 मई 2024 को संध्या 6 बजे से रात्रि 8 के बीच सभी सोशल मीडिया हैंडल्स पर हैशटैग में कैंपेन चलाया जायेगा। इस दिन विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां शामिल की जाएंगी जिसका फोटो व वीडियो ट्विटर (एक्स), फेसबुक, इंस्टग्राम और यूट्यूब पर हैशटैग के साथ अपलोड किया जाएगा। 7 मई को चलाये जानेवाले इस हैशटैग अभियान का हिस्सा कोई भी बन सकते हैं। वे अपनी सेल्फी के साथ अपना फोटो व वीडियो सोशल मीडिया हैण्डल्स पर अपलोड करें और उसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा के एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम व यू-ट्यूब हैंडल्स पर टैग करें। अपना फोटो व वीडियो मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड और भारत निर्वाचन आयोग को भी टैग करें।

## होम वोटिंग के लिए 10 टीमें प्रतिनियुक्त

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत होम वोटिंग के लिए मतदान की तिथि प्रथम चरण के लिए 2 से 7 मई 2024 और द्वितीय चरण के लिए 09 से 10 मई 2024 तक है जिसके लिए कुल 10 टीमों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सदर प्रखंड के लिए तीन, नगर परिषद के लिए 03, कैरो प्रखंड के लिए 01, कुडू प्रखंड के लिए 01, भंडरा प्रखंड के लिए 01 और 01 टीम रिजर्व रखी गयी है। होम वोटिंग की सुविधा सीनियर सिटीजन को दी जायेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चिन्हित आवश्यक सेवा वाले मतदाता दिनांक 7 से 9 मई 2024 तक ( 9 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराह्न तक) अनुमंडल पदाधिकारी, लोहरदगा का कार्यालय में बनाये गए पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान कर सकेंगे।

## बालू, ईंट चिप्स के नाम पर एक लाख बारह हजार की ठगी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के करम डीपा निवासी जेफ्रीयानूस केरकेट्टा ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर खड़िया पाड़ा आजाद बस्ती निवासी मो सप्पू आलम के ऊपर एक लाख 12 हजार रुपए चिप्स,बालू व ईंट गिराने के नाम पर ठगी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है।आवेदन मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।थाना को दिये आवेदन में जेफ्रीयानूस ने कहा है कि वे मूल रूप से लुपुंग पाठ के रहने वाले है।मगर वर्तमान में करम डीपा में घर बना रहे है। घर बनाने के लिए चिप्स,बालू व ईंट गिराने के लिए मो सप्पू को पैसा दिया था।वह पैसे के एवज में कुछ मेटेरियल गिराया।मगर एक लाख 12 हजार रुपया उसके पास रह गया है।इसके बाद वह न तो मेटेरियल गिराया।ओर न ही पैसा वापस दिया।वह छह माह से टालमटोल कर दौड़ाता रहा है। इधर चार माह से वह फोन नही उठा रहा है।जेफ्रीयानूस ने आवेदन के साथ मो सप्पू को किये गए राशि का ऑनलाइन ब्यौरा भी दिया है। बताया जाता है कि वह अपने आप को झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता भी कहता है।

# सुखदेव भगत के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो/ लोहरदगा।** कैरो ब्लाक थाना मोड़ के बगल में इंडिया गठबंधन दल के कांग्रेस प्रत्यासी सुखदेव भगत का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कैरो पहान बीरेंद्र उरांव, प्रखण्ड सह प्रभारी शरत कुमार विद्यार्थी, प्रखण्ड अध्यक्ष अनीश अहमद खान, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मो सजादव अन्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व पहान बीरेंद्र उरांव के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया किया गया। मौके पर शरत कुमार विद्यार्थी ने कहा कि हम सभी को मिलजुलकर इंडिया गठबंधन दल के कांग्रेस प्रत्यासी सुखदेव भगत के पक्ष में काम करना है ताकि प्रखण्ड क्षेत्र में हमारा जीत सुनिश्चित हो। प्रखण्ड अध्यक्ष अनीश अहमद ने कहा कि भा ज पा सरकार आज तानाशाह हो गई है।जब से भा ज पा सरकार आई है देश मे महंगाई चरम पर है,लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं इस बार लोकसभा चुनाव में देश की जनता भा ज पा को सबक सिखाने का काम करेगी।जे एम एम के केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा कि इस बार का चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई है एक और संविधान को बदलने वाले है तो दूसरी ओर संविधान को बचाने वाले हैं।मतदाताओ को इस बार इंडिया गठबंधन के पक्ष में बढ़चढ़ कर मतदान करने की जरूरत है। मौके प्रखंड सह प्रभारी शरत कुमार विद्यार्थी, बिससूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष सह प्रखण्ड अध्यक्ष अनिश अहमद खान, मो सजाद, प्रखड बिससूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, जे एम एम केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी, किशोर उरांव, पंचायत अध्यक्ष नरायन उरांव, शिवकुमार उरांव,गनपत उरांव, बिजय उरांव,बीपीन उरांव समेत कई मौजूद थे।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए लोहरदगा के खिलाड़ी देवघर रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** तीसरा झारखंड राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए लोहरदगा जिले से 15 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शुक्रवार को देवघर रवाना हुए। महल बॉमपास टाउन देवघर में सब जूनियर कैडेट जूनियर और सीनियर वर्क की दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता होनी है।इस दो दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 4 एवं 5 मई को होगा। प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहे खिलाड़ियों में आयुष्मान कुमार, आकांक्षा कुमारी ,राखी कुमारी, साक्षी कुमारी ,संतोषी कुमारी, आर्यमन प्रताप सिंह ,आयुष्मान प्रताप सिंह, प्रिंस कुमार, रोशन कुमार ,ऋतिक पाल, बिजेंदर उरांव, पंकज उरांव, राहुल कुमार राम आर्यन पाल, प्रिंस दुबे शामिल हैं। वहीं इस दौरान ताइक्वांडो कोच अरविंद यादव एवं खिलाड़ियों को डिवाइन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह और एच एस इंपीरियल पब्लिक के डायरेक्टर इरशाद अंसारी, डिवाइन पब्लिक स्कूल बारीडीह के डायरेक्टर आननदीप सिंह, प्रिंसिपल किरण सिंह, सहित अन्य लोगों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

# जिले में विद्यालय, महाविद्यालय में जाकर वोटरों को जागरूक करें: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी योग्य मतदाताओं को मतदान हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से चुनाव आयोग द्वारा हैशटैग 'मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर' कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उक्त के सफल संचालन को लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता हेतु दिनांक 07 मई को संध्या 06 से 08 बजे के मध्य सभी सोशल मीडिया हेंडल्स पर हैशटैग 'मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर' संचालित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्य योजना तैयार कर सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में स्वीप एक्टिविटी करने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालयों/महाविद्यालयों में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से वहां के बच्चों के साथ साथ उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में उदासीनता को दूर करने हेतु ज्यादा से ज्यादा स्वीप एक्टिविटी किया जाय, ताकि अधिकाधिक संख्या में लोगों को जागरूक कर उन्हें मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों/ महाविद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता, पेंटिग प्रतियोगिता, स्थानीय और रीजनल भाषा में गाना तैयार करना, मतदाता प्रतिज्ञा शपथ आदि कार्यक्रमों को संचालित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, श्रम अधीक्षक, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, स्टेक होल्डर्स, संबंधित अन्य उपस्थित थे।

# चोरी का सामान छुपाये जाने को लेकर पूछताछ पर तलवार से किया हमला

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहरी क्षेत्र के पालकोट रोड स्थित सरना टोली गांव में चोरी का सामान छुपाने के दौरान पूछताछ किये जाने पर तलवार से हमला व मारपीट कर प्रकाश खलखो, विनय डुंगडुंग, प्रमोद जोसेफ टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गये है। इनमे प्रमोद को गंभीर चोट लगी है। प्रमोद का गर्दन का हड्डी टूट गया है। सदर अस्पताल के आईसीयू में उसका इलाज जारी है। सुधार नही होने पर डॉक्टर द्वारा उन्हें रिम्स रेफर किए जाने की बात कही है।इधर पूरे मामले को लेकर प्रकाश खलखो ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर सरना टोली के ही संजय राम, पत्नी धनेश्वरी देवी, बेटा शिवा राम, विष्णु राम,सचिन राम,संतीश राम व आतिश राम के ऊपर जानलेवा हमला करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में प्रकाश खलखो ने कहा है कि उपरोक्त सभी आरोपी के रिश्तेदार गुड्डू राम ने पूर्व में भी मारपीट कर व चाकू से हमला कर गभीर रूप से घायल कर दिया था। फिर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गयी थी। मगर कोई कार्रवाई नही हुआ था। अब उपरोक्त लोगो द्वारा तरह तरह का धमकी दिया जाता है।

## देश को समृद्ध बनाने के लिए युवा वर्ग बढ़चढ़ कर मतदान करें : सागर वर्मा



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के बैनर तले प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सागर कुमार वर्मा के नेतृत्व में मतदाता जागरण अभियान प्रखंड के खुरा, छिपादोहर, हरातू , कुचिला, बरवाडीह पंचायत समेत अन्य गाँव में डोर टू डोर जाकर चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से विधार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य रमेश उरांव शामिल रहें। रमेश उरांव ने कहा कि संकल्प मतदान का, भारत के उत्थान का , राष्ट्र के लिए योगदान करें, शत- प्रतिशत मतदान करें। वही प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सागर कुमार वर्मा ने कहा कि युवा, बुजुर्ग, महिला किसान सबसे पहले करें मतदान, मतदान हमारा वोट सबसे पहले, महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए करे वोट। उन्होंने कहा कि हमारा एक वोट लोकतंत्र को सफल बनाने में बड़ी भूमिका निर्वहन करता है। सरकार पर सवाल उठने से अच्छा है हम अपने मत का उपयोग कर भारत में मजबूत और राष्ट्रवादी सोच की सरकार बनायें. इस दौरान पूर्णकालिक अतुल कुमार सिंह, नगर सह मंत्री रंजित राम, धंजय कुमार गणेश कुमार, सुनिता देवी समेत युवा, बुजुर्ग, महिला, किसान लोग उपस्थित रहे।

# वीडी राम का 10 वर्षों का कार्यकाल विकास को समर्पित रहा : चंद्रवंशी

## कहा : देश को स्थिर और मजबूत सरकार की जरूरत, जो भाजपा दे सकती है

**बी मोड़ चौक पर भाजपा के चुनावी कार्यालय का विधायक ने किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी व अन्य।

**विश्रामपुर/पलामू।** भाजपा ने शुक्रवार को बी मोड़ चौक पर चुनावी कार्यालय खोला। जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में सामरिक और आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित हो रहा है। इसलीय देश को स्थिर और मजबूत सरकार की जरूरत है, जो नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केवल भाजपा ही दे सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश की भलाई के लिए कई अहम और कड़े ऐतिहासिक फैसले भी लिए हैं। उन्होंने निवर्तमान सांसद सह पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम की तारीफ करते हुए कहा कि उनका 10 वर्षों का कार्यकाल विकास को समर्पित रहा। वहीं, उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष और संचालन विस सह संयोजक अनुज पांडेय ने किया। मौके पर वरीय भाजपा नेता शुशील कुमार उर्फ टिकैत चौबे, संयोजक रामचंद्र यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश्वर प्रसाद सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, किशुन प्रसाद यादव, सत्येंद्र नारायण सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष अनुज चौधरी,ब्रह्मानंद चौबे, विकाश चौबे, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, महेंद्र चौबे, शिवबंश मिश्रा, पंकज चौबे, नरसिंह चौबे और विनय चौबे आदि मौजूद थे।

## भाजपा नेताओं ने चलाया जनसंपर्क वीडी राम के पक्ष में मतदान की अपील

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर विस क्षेत्र के दर्जनों गांवों में भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को जनसंपर्क चलाया और पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल (वीडी) राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही शनिवार को मेदिनीनगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित सभा में शामिल होने के लिए लोगों को आमंत्रण भी दिया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने भादुमा, लुंबा,सतबहिनी और नौगढ़ गांव में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की। जिसमें बूथ जीतो चुनाव जीतो का संकल्प दोहराया गया। इसके अलावा भाजपा नेता केंद्र सरकार के योजनाओं के लाभार्थियों से भी मुलाकात की। जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व युवा भाजपा नेता अजय दूबे कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अगुआई में भारत विश्व शक्ति बनकर उभर रहा है। देश को अभी मजबूत और स्थिर सरकार की जरूरत है। मौके पर भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य शंभू शरण सिंह, कृष्ण मुरारी सिंह, बैजनाथ सिंह, शशी कुमार सिंह, अखिलेश दिक्षित, जावा देवी, हृदय दिक्षित, परमानंद दिक्षित, आलोक मेहता, उमेश पासवान, नेपाली मेहता और राजीव प्रजापति आदि मौजूद थे।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत ने चलाया जागरूकता अभियान

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में शुक्रवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने रंगोली प्रतियोगिता समेत कई कार्यक्रम आयोजित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया। साथ ही पहले मतदान तब जलपान थीम पर कई पेंटिंग प्रस्तुत किया। इसके बाद रंगोली प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाताओं को सक्रिय होकर भाग लेना है। शहरवासियों से 13 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## लड़ाई वीडी राम की नहीं, शहर के विकास की है: अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर अपनी पूरी टीम के साथ स्टेशन रोड, वेलवाटिका, गुरुद्वारा रोड सहित कई जगहों पर ढोल बाजे के साथ जनसंपक अभियान चलाया। इस दौरान शनिवार की सुबह आठ बजे चियाकी एयरपोर्ट स्थित सभा स्थल पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने का लोगों को आमंत्रण दिया। साथ ही पलामू लोकसभा केंद्र से से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए 13 मई को मतदान करने की अपील की। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सब इस बार पहले से भी ज्यादा वोट से वीडी राम जी को जीताकर सिर्फ सांसद ही नहीं, बल्कि मंत्री बनाने का दावा करेंगे, ताकि हमारे क्षेत्र का विकास हो। यह लड़ाई सिर्फ वीडी राम जी की नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास की है। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सब चेंबर के सदस्यों के साथ घूम-घूम कर प्रयास कर रहे हैं कि इस बार शहर का वोट प्रतिशत बढ़े।

## यह चुनाव संविधान बचाने की निर्णायक लड़ाई : गौतम सागर

**आइएनडीआइए गठबंधन का विश्रामपुर में खुला चुनावी कार्यालय**
**राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को आइएनडीआइए गठबंधन का चुनावी कार्यालय खुला, जिसका उद्घाटन राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा, कांग्रेस के प्रादेशिक नेता विजय चौबे, वरीय कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, राजद ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ चंद्रवंशी और राजद के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिता यादव ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव व संचालन नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी ने किया। इस अवसर पर गौतम सागर राणा ने कहा कि यह चुनाव कोई आम चुनाव नहीं है, बल्कि संविधान बचाने की निर्णायक लड़ाई है। अगर भाजपा जीती तो संविधान को बदलकर लोकतंत्र को खत्म कर देगी। मौके पर मालदेव भुइयां, रंजन कुमार यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, ओमप्रकाश गुप्ता गुड्डू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला गुड्डू, फिरोज खान, मजमुद्दीन अंसारी, मणि राम, शंभू चंद्रवंशी, संजय उपाध्याय, सोना देवी, नरेश यादव, नासिर अंसारी, नजमुद्दीन नूरी, महेंद्र ठाकुर, नागेंद्र यादव, सरयू चौहान, संजय उपाध्याय, नईमुद्दीन अंसारी, मणिभूषण पांडेय आदि मौजूद थे।

## हुसैनाबाद के घाघरा में मिला नक्सलियों का बंकर, विस्फोटक सहित सामग्री बरामद

**टॉप माओवादी नितेश यादव को संरक्षण देने के आरोप में महिला गिरफ्तार, पति फरार**

**हुसैनाबाद एसडीपीओ के नेतृत्व में चलाए गए सर्च अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव में भाकपा माओवादी द्वारा लोकसभा चुनाव के बहिष्कार संबंधित पोस्टर लगाए जाने के बाद चलाए गए सर्च अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने माओवादियों के बंकर का पता लगाकर उसे ध्वस्त कर दिया है। साथ ही मौके से विस्फोटक सहित कई सामग्री भी बरामद की है। लगे हाथ माओवादियों को पनाह देने के आरोप में एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। बतातें चलें कि पोस्टर चिपकाए जाने के बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज के सीमावर्ती इलाकों में सर्च अभियान चलाया गया। इसी क्रम में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के घाघरा इलाके में पुलिस को एक घर के बाहर कुछ संदिग्ध वस्तु नजर आई थी। पुलिस ने मौके पर अच्छी तरह छानबीन की तो एक घर के बाहर बंकर मिला। जिसमें से माओवादियों का पिठू बैग, 200 ग्राम बारूद, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली सामग्री, सोलर प्लेट, नक्सली जैकेट, लैंड माइंस में इस्तेमाल होने वाली बैट्री आदि बरामद की गई है। इस संबंध में पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि घाघरा हरही के इलाके में नक्सली नितेश यादव के भ्रमणशील होने की जानकारी मिली थी। इसी सूचना के आलोक में पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था। इस दौरान पुलिस को घाघरा के हरही के इलाके में अखिलेश यादव नामक व्यक्ति के घर के पास बंकर मिला। मौके से अखिलेश यादव की पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। अखिलेश यादव और उनकी पत्नी टॉप माओवादी नितेश यादव को संरक्षण देते थे। अभियान में दंगवार ओपी प्रभारी संजय कुमार यादव, एसआई वीरेंद्र एक्का, सीआरपीएफ की 172 वीं बटालियन व हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के पुलिस जवान शामिल थे।

## हुसैनाबाद में खुला भाजपा का चुनावी कार्यालय



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने चुनाव संचालन के लिए हुसैनाबाद शहर के छरपुर रोड स्थित खादी भंडार के समीप चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। जिसका उद्घाटन हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी अविनाश वर्मा, वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, अशोक कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह आदी ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद अविनाश वर्मा ने कार्यकर्ताओं को जोश के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किये गये कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने और भाजपा प्रत्याशी के लिए मतदान करने को प्रेरित करने का आह्वान किया। इस मौके पर अखिलेश्वर मेहता,अजय प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद थे।

## उपभोक्ताओं को गुमराह कर रहे अधिकारी : राजीव रंजन

**लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ नाराज उपभोक्ताओं का प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हरिहरगंज बिजली उपभोक्ताओं को महीनों से नियमित रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। इसे लेकर शुक्रवार को भाजयुमो नेता राजीव रंजन के नेतृत्व में हरिहरगंज के आक्रेशित प्रतिनिधि दल छतरपुर विद्युत कार्यालय पहुंचा। जहां विभाग के प्रति व्याप्त आक्रोश जताते हुए नियमित रूप से बिजली वितरण नहीं करने पर विद्युत कार्यालय में ताला बंदी करने की चेतावनी दी। भाजयुमो नेता राजीव रंजन ने कहा कि 33 हजार केबी तार में फॉल्ट बता कर हरिहरगंज उपभोक्ताओं को गुमराह करने की प्रयास ना करें। जितना जल्द हो सके नियमित रूप से हरिहरगंज में बिजली बहाल करें, नहीं तो बाध्य होकर ताला बंदी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज के उपभोक्ताओं के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। पास के प्रखंडों में 22 से 24 घंटे बिजली मिल रही है। मौके पर विश्वदीप कुमार, संजय जयसवाल, विकास विश्वकर्मा, बीनू जायसवाल, विनोद पासवान, विजय प्रजापति, मुन्ना यादव, अवधेश मेहता, राजेश रंजन मिश्रा, टिंकू कुमार आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03/2024–.25**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 08.05.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 08.05.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 08.05.2024 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Strong Room and Counting Hall Barricading and Brick Wall Partition Located in the Campus of Agriculture Marketing Yard to Lok Sabha Election-2024 at Hazaribag for the year 2023-24 | 3482450/- | 70000/- | 5000/- | 22 दिन |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।


कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 324359 Building(24-25)#D


## आरोपी के घर पर चिपकाया इश्तेहार



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** कोनवाई निवासी विशुनदेव मोची पिता रामबृक्ष मोची के घर शुक्रवार को पांकी पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया की विशुनदेव मोची मारपीट करने का आरोपी है। वह विगत कई महीनों से फरार चल रहा है, जिसे लेकर पलामू न्यायलय की ओर से तामील अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपका कर किया गया।

### लोस चुनाव सुलभ व पारदर्शी रूप से कराने को लेकर पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक

# मतदान के दिन पीडीएस दुकानदार अपनी दुकानों में पेयजल, नींबू की व्यवस्था रखें

**सीओ ने लोकतंत्र के इस महापर्व में पीडीएस दुकानदारों से की सहयोग की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** लोकतंत्र के महापर्व सभी की भागीदारी सुनिश्चि करने व लोकसभा चुनाव में मतदान दिवस के दिन तैयारी को लेकर ढोरी रामरतन उच्च विद्यालय में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार के साथ शुक्रवार को बैठक की गई। जिसमें बेरमो बीडीओ सह सीओ संजीत कुमार



पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक करते बेरमो सीओ संजीत कुमार।

सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने सभी डिलरों से लोकसभा चुनाव को सुलभ, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने को कहा। कहा कि गिरिडीह में 25 मई को चुनाव होना है। इसमें सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के जन वितरण दुकानदार अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। सभी दुकानदार इस भीषण गर्मी को देखते हुए पीडीएस दुकान में पेयजल, नींबू आदि की व्यवस्था रखे। मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करे। मतदान कर्मी को होने वाली असुविधा को दूर करने के लिए जो भी आवश्यक कार्य हो उसे करें। बताया कि मतदान के दिन सभी जन वितरण विक्रेता को नजदीकी बूथों में प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी डीलर को आईडी कार्ड उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। दिव्यांग एवं 85 वर्ष के उपर वाले नागरिकों को मतदान के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित करने का सभी डीलरों को निर्देश दिया। इसके अलावा बीडीओ ने प्रखंड कार्यालय में बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार के साथ चुनाव को शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए बैठक की। इसमें कई अहम विषयों पर चर्चा हुई। इसमें संवेदनशील तथा अति संवेदनशील बूथों पर विशेष ध्यान देने की बात हुई। मौके पर सुबोध कुमार साव, शिनारायण प्रसाद, भरत प्रसाद सिंह, ललन कुमार सिंह, शंकर सिंह, विनायक दूबे, सुनील सिंह, कृष्णानंद तिवारी आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी ने धनबाद लोस सीट से किया नामांकन दाखिल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। लक्ष्मी देवी अपने समर्थकों के साथ धनबाद समाहरणालय पहुंची और जिला निर्वाची पदाधिकारी सह डीसी के समक्ष पर्चा दाखिल किया। इसके बाद वह अपने समर्थकों से मिली। लक्ष्मी देवी ने आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस दशकों से यहां की जनता को झूठा आश्वासन देकर उनका वोट लेती रही है। लेकिन जन सुविधा के नाम पर कोई विकासमूलक कार्य नहीं किया। धनबाद में पानी बिजली स्वास्थ्य शिक्षा सड़क की समस्या विकट समस्या है, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। अगर जनता वोट देकर उन्हें एक मौका देती है, तो धनबाद की सभी मूलभूत जरूरी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेंगीं।

### 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित



**महुदा (आजाद सिपाही)।** झारखंड बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तेलमोचो के एमएस साइंस क्लासेस के संचालक महादेव कुमार साव ने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर 12वीं के विज्ञान संकाय में उत्तीर्ण संस्थान के टॉप 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस बार की परीक्षा में संस्थान के सात बच्चे जिन्होंने 400 से अधिक अंक लाकर नया रिकॉर्ड बनाया है। पूर्व की भांति इस बार भी संस्थान का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा हैं। इस अवसर पर वरीय शिक्षक बी महतो व संस्थान के शिक्षक आदि उपस्थित रहे। जिन्हें संस्थान के शिक्षकों ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब हो कि यह संस्थान 11वीं एवं 12वीं की तैयारी हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में सभी विषयों की तैयारी करवाती है। संचालक महादेव कुमार साव ने कहा कि यह बच्चों की कड़ी मेहनत और एक ही छत के नीचे सभी विषयों की तैयारी एवं उचित मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि संस्थान के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बतातें चलें कि संस्थान के टॉप 10 विद्यार्थियों में उदयन सरक 438 अंक, कंचन कुमारी 437 अंक, लक्ष्मी कुमारी 430 अंक, नुशरत प्रवीण एवं गणेश कुमार 416 अंक, रिया श्री 410 अंक, दिलीप हेमब्रम 401 अंक, किशोर कुमार 399 अंक, सोनल कुमारी 394 अंक, सानिया प्रवीण 382 अंक, स्वरूप महतो एवं अंजलि कुमारी 370 अंक लाकर संस्था सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। मौके पर निताय कुमार महतो, अस्तिक कुमार महतो, लक्ष्मी कुमारी, सुमन कुमारी, आरआर सिंह उपस्थित थे।

## अखंड हरि कीर्तन में शामिल होकर ढुल्लू महतो ने लिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**बलियापुर।** हटिया स्थित हरि मंदिर में चल रहे अखंड हरि कीर्तन कार्यक्रम में धनबाद लोकसभा केंद्र के भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो शामिल हुए। उन्होंने मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, भाजपा नेत्री तारा देवी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह, निताई रजवार, कुमार महतो, आशीष मुखर्जी, उत्तम चौबे, खगेन महतो, खगेन पांडेय, विनय मुखर्जी, विजय गोराई, बलदेव महतो, अध्यक्ष जगन्नाथ दास, अतुल केसरी, मनीष अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, रविंद्र वर्मा, अशोक वर्मा, मनबोध रवानी, नयन ठाकुर आदि मौजूद थे। इसके बाद वे विगत 16 साल से बीमार चल रहे भाजपा नेता मानिक दास का हालचाल जानने उनके आवास पहुंचे। ढुल्लू महतो ने मानिक दास को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

## मासस पूरे दम खम से लड़ेगा लोस चुनाव : अरूप चटर्जी

**मासस ही कर सकता है धनबाद का विकास : जगदीश रवानी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) की बैठक शुक्रवार को पुराना बाजार के टेंपल रोड स्थित अग्रसेन भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिंद्रा पासवान और संचालक सुभाष चटर्जी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मासस के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, मासस के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी, केंद्रीय सचिव बबलू महतो आदि उपस्थित थे। इस दौरान सर्व समिति से धनबाद लोस क्षेत्र में विशाल सभा करने का निर्णय लिया गया, जिसमें 13 मई को कलियासोल, 15 मई को बरवाअड्डा, बड़ा जमुवा, 16 मई को चास एवं बोकारो, 17 मई को गोविंदपुर बाजार एवं निरसा, 18 मई को पुटकी, 19 मई को चंदनक्यारी, 20 मई को नुनूडीह, झरिया, 21 मई को निरसा से चिरकुंडा रैली एवं आम सभा, 22 मई को बलियापुर में विशाल सभा शामिल है। वहीं, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि धनबाद लोकसभा से मासस पूरे दम खम के साथ चुनाव लड़ेगी। इस दौरान उन्होंने केंद्र की सत्ताधारी भाजपा की जमकर आलोचना भी की। वहीं. मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने कहा कि धनबाद में लंबे समय से भाजपा के सांसद काबिज रहे, लेकिन विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया। केवल लोगों को गुमराह करते रहे। अब नए प्रत्याशी जुमले के साथ-साथ युवाओं को भटकाने का हथकंडा अपना रहे हैं। धनबाद की जनता समझ चुकी है कि मासस ही धनबाद का विकास कर सकता है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो, गणेश महतो, सारथी मंडल, राणा चटराज, नरेश पासवान, पूर्व मुखिया संतोष रवानी आदि उपस्थित थे।

### चंद्रप्रकाश चौधरी 6 मई को करेंगे नामांकन, हुई बैठक

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत देवी कॉलेज के समीप शुक्रवार को एनडीए गठबंधन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा प्रखंड अध्यक्ष गोबिंद महतो ने की। बैठक में एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा 6 मई को नामांकन दाखिल के दौरान निकाले जानेवाले रैली-सभा में शामिल होने के लिए कार्यकर्ताओं को बोकारो ले जाने को लेकर चर्चा की गई। संचालन आजसू प्रखंड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो ने किया।

# अनुपमा सिंह ने किया जनसंपर्क लोगों से की मतदान की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को महज 20 दिन शेष है। ऐसे में आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने भी जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को धनबाद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कांग्रेस की अब तक की उपलब्धियों को गिनवाया और केंद्र की मोदी सरकार की आचोलना की। भाजपा पर जनता को झूठा आश्वासन देकर छल करने का आरोप लगाया। साथ ही धनबाद का कायाकल्प करने के लिए मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान अनुपमा सिंह पुलिस लाईन के समीप प्रेमचंद्र नगर हरीपाड़ा, कार्मिक नगर, जगजीवन नगर आदि क्षेत्र में जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद व समर्थन मांगा।

## गांडेय विस सीट से अर्जुन बैठा ने किया नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** जिले की गांडेय विधानसभा सीट पर 20 मई को होनेवाले उप चुनाव को लेकर शुक्रवार को एनडीए गठबंधन को झटका देते हुए आजसू के अर्जुन बैठा ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पर्चा दाखिल किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में अर्जुन बैठा ने कहा कि वह आजसू से इस्तीफा दे चुके हैं।

अर्जुन बैठा ने भाजपा पर खुद की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि आजसू प्रमुख सुदेश महतो के साथ उनकी अंतिम बैठक में पार्टी प्रमुख ने 2024 के चुनाव का हवाला देते हुए भरोसा दिलाया था, लेकिन भाजपा की लगातार उपेक्षा के कारण वह घुटन महसूस कर रहे थे। अब एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को हरा कर जीत दर्ज करना ही उनकी प्राथमिकता है। इधर, आजसू के गिरिडीह जिला अध्यक्ष गुड्डू यादव ने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है कि अर्जुन बैठा ने पार्टी से इस्तीफा क्यों और कब दिया है, लेकिन यदि इस्तीफा देकर वह चुनाव लड़ रहे हैं, तो पार्टी उनके साथ नहीं है। एनडीए के साझा उम्मीदवार दिलीप वर्मा को पूरी पार्टी का समर्थन मिलना है। उल्लेखनीय है कि 2019 के पूर्व अर्जुन बैठा ने झामुमो छोडकर आजसू के टिकट पर गांडेय से चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा के दिलीप वर्मा को टिकट दिये जाने के बाद से ही वे खफा थे।

## जीरो एरर चुनाव संपन्न कराने के लिए बनायी रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ शुक्रवार को बैठक कर जीरो एरर चुनाव संपन्न करने के लिए रणनीति बनाई। डीसीएलआर ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले मतदान दलों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के पूर्व इस दिन एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में सभी मास्टर ट्रेनरों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की गई। जिसमें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए सभी मतदान दलों को डमी मैटेरियल उपलब्ध कराकर उसमें इंट्री करवाने के साथ साथ अन्य अभ्यास करवाने, ईवीएम व वीवीपैट पर पुनः हैंड्स ऑन करवाने पर जोर दिया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया में कोई चूक न हो इसलिए प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों का टेस्ट भी लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में मास्टर ट्रेनरों की शंकाओं का समाधान किया गया। मौके प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता, सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार और राज वर्मा आदि उपस्थित थे।

## खुद भी मतदान करें और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें : गिरिडीह एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर जिले के अलग-अलग स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार की शाम को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में सीसीएल महाप्रबंधक कार्यालय परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया और सीसीएलकर्मियों को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया। उन्हें मतदान के लिए शपथ भी दिलाया गया। इस अवसर पर एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि लोग खुद मतदान करें और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करना होगा। वहीं, सीसीएल गिरिडीह एरिया के महाप्रबंधक बासब चौधरी ने भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर सदर एसडीपीओ बिनोद रवानी, सीसीएल गिरिडीह के परियोजना पदाधिकारी एसके सिंह, सार्जेन्ट मेजर राजेश रंजन, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर प्रसाद आदि मौजूद थे।

### आइसीसी की टीम रैंकिंग जारी : टेस्ट में भारत दूसरे पायदान पर फिसला

# वनडे और टी20 में भारत शीर्ष पर, टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने बाजी मारी

एजेंसी




**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सालाना टीम रैंकिंग अपडेट जारी की। इसमें ऑस्ट्रेलिया टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष स्थान पर है, जबकि भारत ने सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों, यानी वनडे और टी20 में अपना दबदबा बरकरार रखा है। मौजूदा टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मैच में भारत पर 209 रन की शानदार जीत दर्ज की थी। उन्होंने सालाना अपडेट में भारत को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। टीम इंडिया टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर लुढ़क गई है। ऑस्ट्रेलिया के 124 अंक हो गए हैं और वह अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी और पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के उप विजेता भारत (120) से चार अंक आगे है। वहीं, इंग्लैंड (105) तीसरे स्थान पर है। टेस्ट रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका (103), न्यूजीलैंड (96), पाकिस्तान (89), श्रीलंका (83), वेस्टइंडीज (82) और बांग्लादेश (53) अपने-अपने स्थान पर काबिज हैं।

### कैसे होता है? सालाना अपडेट

सालाना अपडेट में 2020-21 सत्र के नतीजे हटा दिये गये हैं और इसमें मई 2021 के बाद पूरी हुई सभी सीरीज शामिल हैं। भारत मुख्यतः 2020-21 में आस्ट्रेलिया में मिली 2-1 की जीत के रैंकिंग के हटाए जाने से दूसरे स्थान पर खिसका। एक टीम को रैंकिंग तालिका में शामिल होने के लिए तीन साल में न्यूनतम आठ टेस्ट खेलने होते हैं। हालांकि, सालाना अपडेट के बाद भारत वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर कायम है। इसमें मई 2023 से पहले पूरे हुए मैच के 50 प्रतिशत और इसके बाद के मैच के शत प्रतिशत अंक शामिल हैं।

### वनडे रैंकिंग

भारत (122 अंक) ने टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान खो दिया है, लेकिन वनडे और टी20 में सबसे आगे बने हुए हैं। भारत भले ही ऑस्ट्रेलिया (116) से वनडे विश्व कप फाइनल हार गया हो, लेकिन उसने उस पर बढ़त तीन से बढ़ाकर छह अंक की कर ली है। शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बावजूद उस टूनामेंट में 10 मैचों की लगातार जीत ने टीम इंडिया को फायदा पहुंचाया। तीसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका (112) है, जो ऑस्ट्रेलिया से सिर्फ चार रेटिंग अंक पीछे है, जबकि पाकिस्तान (106) और न्यूजीलैंड (101) शीर्ष पांच में शामिल हैं। सातवें स्थान पर काबिज श्रीलंका (93), छठे स्थान पर काबिज इंग्लैंड (95) से सिर्फ दो रेटिंग अंक पीछे है। वहीं, बांग्लादेश (86), अफगानिस्तान (80) और वेस्टइंडीज (69) की टीमें शीर्ष 10 में शामिल हैं।

### टी20 रैंकिंग

टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड को हटाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, लेकिन 264 रेटिंग अंक हासिल करने वाली भारतीय टीम से सात अंक पीछे है। दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड से दो अंक पीछे चौथे स्थान पर है। न्यूजीलैंड के भी दक्षिण अफ्रीका की तरह 250 अंक हैं, लेकिन दशमलव की गणना में उससे पीछे है। वेस्टइंडीज के 249 अंक हैं। इससे तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड और छठे स्थान की वेस्टइंडीज के बीच केवल तीन अंक का अंतर है। पाकिस्तान की टीम दो पायदान के नुकसान से सातवें स्थान पर खिसक गई। स्कॉटलैंड (192) एक लंबी छलांग के साथ 12वें स्थान पर पहुंच गया है। स्कॉटलैंड ने जिम्बाब्वे (191) को पीछे छोड़ और शीर्ष-12 में जगह बनाई है।




# बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने प्रिवे लांच किया

## एक अनूठा प्रोग्राम जो बेमिसाल कवरेज और उत्कृष्ट सेवा प्रदान करता है

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की अग्रणी निजी सामान्य बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने आज प्रिवे को लॉन्च कर दिया। यह एक एक्सक्लूसिव कस्टमर इक्स्पीरीयंस प्रोग्राम है जो बेजोड़ क्वालिटी के साथ साथ ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। परंपरागत रूप से, भारत में पिछले कुछ सालों में बीमा का विस्तार करने का प्रयास ज्यादातर टियर 2/टियर 3 स्थानों और ग्रामीण बाजारो में केंद्रित रहा है, जिसमें मुख्य रूप से मध्यम, उच्च मध्यम वर्ग और ग्रामीण ग्राहक शामिल हैं। उपरोक्त सभी ग्राहक खंडों में बीमा पैठ बढ़ाने पर अपने मजबूत फोकस के अलावा, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस अब ग्राहकों के एक विशेष क्लास को अपनी सेवाएं देगा, जिन्हें आमतौर पर बढ़ी हुई कवरेज सीमा के साथ बीमा सोल्युशंस की आवश्यकता होती है। ऐसे समझदार ग्राहकों की वित्तीय और लाइफस्टाइल से जुड़ी प्राथमिकताओं के अनुरूप उनकी जरूरतों और सुरक्षा को पहचानते हुए, प्रिवे ट्रडिशनल बीमा प्रोडक्टस से कहीं आगे निकल जाता है। प्रिवे का हिस्सा बनकर, ग्राहकों को उनकी विशिष्ट और प्राथमिकता वाली बीमा सेवाओं की एक रेंज मिल जाती है, जिससे उनकी आवश्यकताओं को आसानी से पूरा किया जाता है।




प्रिवे का हिस्सा बनने के लिए, ग्राहकों के पास उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार स्वास्थ्य, घर, मोटर, व्यक्तिगत दुर्घटना और साइबर, बीमा जैसे उत्पादों की एक श्रृंखला से चयन करने की सुविधा है। इसके बीमा उत्पादों में वर्तमान में माई हेल्थ केयर प्लान शामिल है, जो एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के रूप में न्यूनतम 1 करोड़ रुपये की बीमा राशि के साथ अनुकूलन योग्य स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करता है। ग्लोबल हेल्थ केयर विदेशी चिकित्सा उपचार के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों तरह के नियोजित और आपातकालीन उपचार जैसे कवरेज प्रदान करता है। साथ ही इसके ग्राहक पात्रता के लिए बीमा राशि के किसी भी विकल्प को चुन सकते हैं। इसके अलावा, वी-पे ऐड-ऑन कवर के साथ एक मोटर प्रोडक्ट भी ऑफर किया जायेगा। इस ऐड-ऑन कवर ऑफर के तहत खंडित मोटर बीमा ऐड-ऑन की एक रेंज के फायदों का भी समावेश है, जिसके लिए मोटर वहीकल के लिए न्यूनतम बीमाकृत घोषित मूल्य (आइडीवी) 25 लाख रुपये या उससे अधिक की आवश्यकता होती है। माई होम इंश्योरेंस ऑल रिस्क पॉलिसी घर की संरचना और घर में मूल्यवान सामग्री दोनों के लिए व्यापक बीमा कवरेज सुनिश्चित करती है। यहां पात्रता क्राईटेरिया के लिए न्यूनतम बीमा राशि 3 करोड़ रुपये, गैर-पोर्टेबल सामग्री के लिए 30 लाख रुपये और पोर्टेबल वस्तुओं के लिए 6 लाख रुपये होगी। इसके अलावा, उपरोक्त प्रोडक्टस में ग्राहक ग्लोबल पर्सनल गार्ड पॉलिसी जैसे हाई क्लास प्रोडक्टस के लिए बीमा राशि की उच्च श्रेणी का विकल्प भी चुन सकते हैं। लगातार विकसित हो रहे डिजिटल स्पेस के कारण साइबर हमलों से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए अतिरिक्त ऐड-ऑन और साइबर केयर प्लान की एक रेंज के साथ दुनिया भर में व्यक्तिगत दुर्घटना कवरेज का विस्तार करता है। प्रिवे क्लेम प्रोसेसिंग और असिस्टन्स में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक्स्पट्र्स के माध्यम से सर्विस एक्सपिरिअन्स को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे ग्राहकों के पास ' प्रिवे कनेक्ट' तक भी पहुंच होगी, जो किसी भी सर्विस रिक्वेस्ट या क्लेम को पूरा करने के लिए सभी बीमा संबंधित प्रश्नों और आवश्यकताओं का तुरंत हल प्रदान करने के लिए एक समर्पित टीम उपलब्ध है। हेल्थ क्लेम के मामले में, पेशेवरों द्वारा घर पर हैसल फ्री डिस्चार्ज और प्री-पॉलिसी चेक अप जैसी अतिरिक्त सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा, यह सर्विस 'केयर एंजल्स' से भी युक्त है, जो प्रशिक्षित पेशेवर हैं और जो अस्पताल में भर्ती के दौरान व्यक्तिगत सहायता प्रदान करते हैं। मोटर बीमा ऐड-ऑन प्रोडक्ट वी-पे के लिए, प्राथमिकता के आधार पर सर्वेयर की तैनाती सहित तुरंत सेवाएं देने के लिए क्लेम प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया गया है। गैर-मोटर बीमा क्लेम, जैसे कि होम इंश्योरेंस क्लेम को भी इसी तरह कुशलतापूर्वक हैंडल किया जायेगा। क्लेम हैन्डलर टर्नअराउंड समय के भीतर ही ग्राहकों तक पहुंचेगा, जो आज बाजार में अग्रणी है। प्रिवे एक निर्बाध क्लेम का अनुभव प्रदान करता है जो बीमा के सफर सुचारू रूप से आगे बढ़ाकर ग्राहक सेवा उत्कृष्टता में एक नया मानक स्थापित करेगा।

# भुवनेश्वर से सांसद अपराजिता षाड़ंगी ने सौंपी संपत्ति की सूची



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर से बीजेपी सांसद उम्मीदवार अपराजिता षड़ंगी ने चुनाव से पहले अपनी संपत्तियों को सूचीबद्ध करते हुए अपना हलफनामा दाखिल किया है। उनके पास कुल 2 करोड़ 5 लाख रुपये की चल और अचल संपत्ति है। अपराजित के पास 2 लाख रुपये नकद हैं। बापूजी नगर केनरा बैंक में 22 लाख। आइडीबीआइ बैंक, लुईस रोड में 4 लाख। आइआरसी विलेज एसबीआई के पास 10 लाख रुपये और नई दिल्ली कृषि भवन एसबीआइ में 22 लाख रुपए है। अपराजित के पास 10 लाख की कार है। विभिन्न आभूषणों वाले 1150 ग्राम हैं।

आभूषणों का वर्तमान मूल्य लगभग 74 लाख रुपये होगा। अपराजित के नाम पर कोई वाणिज्यिक इमारत नहीं है। उन पर कोई कर्ज भी नहीं है।

# विदेश मंत्री एस जयशंकर आज ओड़िशा आयेंगे

- वह 4 और 5 तारीख को दो दिनों के लिए ओडिशा में रहेंगे। एस जयशंकर भुवनेश्वर-कटक-संबलपुर कार्यक्रम में शामिल होंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य में तीनों राजनीतिक दलों के शीर्ष नेतृत्व द्वारा हाई-वोल्टेज अभियान अभी शुरू हुआ है। पार्टी का नेता प्रतिद्वंद्वी को निशाना बनायेगा। इस बीच, तीनों दलों के स्टार प्रचारकों ने अपने-अपने दलों के प्रचार की तैयारी शुरू कर दी है। मतदाताओं का दिल जीतने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बीजेपी का लक्ष्य ओड़िशा में अधिक सीटें जीतने का है। विदेश मंत्री एस जयशंकर आज ओड़िशा के दो दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह 4 और 5 तारीख को दो दिनों के लिए ओड़िशा में रहेंगे। एस जयशंकर भुवनेश्वर-कटक-संबलपुर में कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसी तरह बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा 5 तारीख की दोपहर आयेंगे। वह भुवनेश्वर में प्रमुख नेताओं से बातचीत करेंगे। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने बताया कि नड्डा का कार्यक्रम कटक में भी है। नड्डा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 तारीख को ओड़िशा आयेंगे। वह ब्रह्मपुर और नबरंगपुर चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी ब्रह्मपुर शहर के उपकंठ कनिषी में आयोजित सभा में शामिल होंगे। बाद में वह नबरंगपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री 6 तारीख को सुबह 10 बजे ब्रह्मपुर कनिषि में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।



कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। धनवार विधानसभा संयोजक सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह भी समाहरणालय पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कोडरमा लोस की चुनावी रणनीति पर चर्चा की।

# झामुमो ने ओड़िशा विधानसभा चुनाव के लिए पांच प्रत्याशियों के नाम का किया एलान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो ओड़िशा विधानसभा चुनाव भी लड़ेगा। पार्टी ने पांच विधानसभा सीट से अपने प्रत्याशियों का एलान कर दिया है। जारी सूची के अनुसार शिबू सोरेन की बड़ी बेटी अंजनी सोरेन लोकसभा और विधानसभा चुनाव भी लड़ेंगी।

वह मयूरभंज लोकसभा से पहले ही प्रत्याशी घोषित की जा चुकी हैं। अब उन्हें सरसकना विधानसभा से भी प्रत्याशी बनाया गया है। ओड़िशा की इन विधानसभा सीटों पर झामुमो लड़ेगा चुनाव : सरसकना-अंजनी सोरेन, रायरंगपुर-सुनराम टुडू, बंगरीपोशी-विष्णु सिंह, भोरदा-कृष्णा चंद्र दास और उदला-चक्रधर सिंह।

**शिबू सोरेन की बड़ी बेटी अंजनी सोरेन लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी लड़ेंगी**

# साश्वत फिल्म प्रोडक्शन चुइंगम का शुभ मुहूर्त

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** साश्वत फिल्म प्रोडक्सन का पहला योगदान, चुइंगम का शुभ मुहूर्त टिएसजि गुरुकुल साईं मंदिर के प्रांगण में आयोजित हुआ था। फिल्म का निर्माण डॉ सारदा प्रसाद मिश्र और श्रीलेखा मिश्र करने जा रहे हैं। सास्वत फिल्म प्रोडक्सन की पहली फिल्म चुइंगम है। चूइंगम दो मध्यम वर्गीय परिवारों की है। एक लड़के और एक लड़की की कहानी है। धीरे-धीरे उनकी दोस्ती प्यार में बदल जाती है। समाज की कड़ी मार से दोनों की जिंदगी तबाह हो जाती है। सबसे पहले, प्यार ना करियर की मूल कहानी चुइंगम पर आधारित एक उड़िया फिल्म बनाई जा रही है। वास्तव में, कहानी का सार यह है कि आज के युवा अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल और सोशल मीडिया का लाभ कैसे उठायेंगे। हमारी फिल्म का मुख्य लक्ष्य यही है कि जो युवा गलत रास्ते पर थे, वे असफलता से सफलता की ओर कैसे जायेंगे।



RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION
Certified with
Franchise Benefit
- All Computer Courses
- Vocational Courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate
- Yearly Career Guidance
- Seminar in your City
FREE FRANCHISE
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

झारखण्ड सरकार
कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
-:अति आवश्यक सूचना:-
पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–521 नि0 दिनांक–23.04.2024 के अनुसार क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, होटवार, राँची में H5N1 Avian Influenza की पुष्टि की गई है। पक्षियों में संभवतः बर्ड फ्लू नामक बीमारी के कारण अधिक संख्या में असामान्य मृत्यु होती है। बर्ड फ्लू मुर्गी, बत्तख एवं अन्य पक्षियों में होनेवाली एक जानलेवा बीमारी है जो कि पक्षियों से मनुष्यों में भी फैल सकती है। अतएव हमें सजग एवं सतर्क रहना अति आवश्यक है।

| पक्षियों में बर्ड फ्लू के लक्षण | बर्ड फ्लू संक्रमण रोकने के उपाय |
|---|---|
| ➤ बहुत अधिक संख्या में अचानक मृत्यु होना।<br>➤ कलगी फूल जाना।<br>➤ कलगी, बाली एवं पैरों का रंग नीला हो जाना।<br>➤ नाक से पानी आना।<br>➤ पतला दस्त होना।<br>➤ सांस लेने में लकलीफ होना।<br>➤ चलने में लड़खड़ाना | ➤ मृत पक्षियों को देखने पर उसे छुएं नहीं, ना ही नजदीक जाए।<br>➤ आस–पास रहने वाले व्यक्ति मास्क का इस्तेमाल करें।<br>➤ कुक्कुट फार्म में यदि कुक्कुट की अत्यधिक संख्या में आकस्मिक मृत्यु होती है तो अविलम्ब स्थानीय पशु चिकित्सा पदाधिकारी से सम्पर्क कर उनके निर्देशानुसार कार्य करें।<br>➤ जब तक उनके फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि नहीं हो जाती है कुक्कुटपालक घबराएं नहीं। |

यदि पक्षियों में असामान्य मृत्यु अधिक संख्या में हो रही है तो अपने निकटतम पशु चिकित्सालय या प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से अविलम्ब सम्पर्क करें।
साथ ही पशु चिकित्सा पदाधिकारियों को जाँच हेतु पक्षियों के Cloacal, Tracheal Swab लेने में सहयोग करें।
P.R.324397(Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**